अधिकतम 16 डिग्री से.
न्यूनतम 05 डिग्री से.
सूर्योदय 7.21
सूर्यास्त 5.35
सोना 24 कैरेट: 1,37,550.00
चांदी (प्रति किलो): 2,47,000
सेंसेक्स : 85,439.62
अमेरिका : 90.27
कैनेडियन : 65.48
आस्ट्रेलिया : 60.24

दैनिक
# अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशितः हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी प्रसारित



**बातों बातों में मन की बात**

*उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि*

वक्त वो तराजु है, जो बुरे वक्त में अपनों का वजन बता देता है।

वर्ष 41 | चंडीगढ़, मंगलवार, 06 जनवरी, 2026 | माघ कृष्ण पक्ष: तृतीया/चतुर्थी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 06 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12

# 'वीबी-जी राम जी' पर इंडी गठबंधन फैला रहा है झूठ और भ्रम : नायब सैनी

**मुख्यमंत्री बोले- प्रधानमंत्री मोदी ने वीबी-जी राम जी को देश के करोड़ों ग्रामीण श्रमिकों, किसानों और मेहतनकश परिवारों से जोड़ा**

## 'वीबी-जी राम जी' पर गरमाई सियासतः भाजपा ने की यूपीए कार्यकाल के दौरान हुए मनरेगा में घोटालों और भ्रष्टाचार को उजागर करने की रणनीति तैयार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** विकसित भारत- रोजगार फॉर गारंटी आजीविका मिशन (वीबी-जी राम जी) पर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस की ओर से 10 जनवरी से मनरेगा बचाओ संग्राम का ऐलान किया है तो भाजपा ने यूपीए कार्यकाल के दौरान हुए मनरेगा में घोटालों और भ्रष्टाचार को उजागर करने की रणनीति तैयार की है। सोमवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हरियाणा निवास में पत्रकारों से बातचीत करते हुए आरोप लगाया कि विपक्ष की ओर से भ्रम और झूठ फैलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए गठबंधन सरकार ने मनरेगा को विकसित भारत के साथ जोड़ते हुए उसमें सुधार करते हुए विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (वीबी-जी राम जी) को देश के करोड़ों ग्रामीण श्रमिकों, किसानों और मेहतनकश परिवारों से जोड़ा है। इस योजना ने पुरानी पड़ चुकी मनरेगा का स्थापन किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रमिकों के कल्याण और गांव के विकास में एक और ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विकसित भारत जी राम जी योजना की शुरुआत की है। मगर वीबी-जी राम जी पर विपक्षी पार्टियों द्वारा दुष्प्रचार किया जा रहा है। पंजाब सरकार द्वारा विधानसभा में वीबी-जी राम जी के खिलाफ प्रस्ताव पारित करने पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने आप सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आप का एजेंडा लोगों को झूठ बोलना और गुमराह करना है।



प्रेस को संबोधित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, साथ में मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, मंत्री रणबीर गंगवा, मंत्री कृष्ण कुमार बेदी और सीएम के प्रधान सचिव राजेश खुल्लर।

पंजाब सरकार ने राजनीति फायदे के लिए प्रस्ताव पारित किया है। यह प्रस्ताव श्रमिकों और श्रमिक कल्याण के खिलाफ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन को वीबी-जी राम जी के खिलाफ प्रस्ताव पारित करने से पहले बताना चाहि कि उनके कार्यकाल में मनरेगा में कितना भ्रष्टाचार और घोटाला होता था। काम मशीनों से करवाया जाता था और फर्जीवाड़े के जरिये लोगों के नाम मनरेगा में चढ़ाए जाते थे। पंजाब सरकार द्वारा जो प्रस्ताव पारित किया है, यह आंकड़ों और तथ्यों पर आधारित नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वीबी-जी राम जी ने पुरानी पड़ चुकी मनरेगा योजना की जगह ली है। 20 साल पहले शुरू की योजना में यूपीए सरकार के दौरान भी बदलाव किए गए। पहले नरेगा था, फिस इस योजना का नाम बदलकर मनरेगा किया गया। मोदी सरकार ने कमियों का सुधारने के लिए नीति निर्माण के क्रियान्वयन के लिए नया कदम उठाया है।

### यूपीए कार्यकाल में बजट की अत्याधिकता पर रहा जोर

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मनरेगा का नाम बदलने को लेकर सवाल उठा रहे विपक्ष को करारा जवाब देते हुए कहा कि यूपीए कार्यकाल के दौरान बजट की अत्याधिकता पर जोर रहा। अनुमान से ज्यादा बजट खर्च किया गया, लेकिन श्रमिकों तक यह बजट नहीं पहुंचा, बल्कि ठेकेदारों और बिचौलियों की जेब में गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मनरेगा में चली आ रही खामियों पर अंकुश लगाने के लिए श्रमिक कल्याण की ओर कदम बढ़ाया है।

### कैग रिपोर्ट में खुलासा योजना में फर्जी लाभार्थियों की भरमार

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि वर्ष 2013 में यूपीए सरकार के कार्यकाल के दौरान कैग रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि मनरेगा योजना में फर्जी लाभार्थियों की भरमार थी। मनरेगा पर राशि तो जरूर खर्च हुई, लेकिन वह लाभार्थियों तक नहीं पहुंची। पहले पंजीकरण का कोई दायर नहीं था। यूपीए सरकार ने मनरेगा के नाम पर श्रमिकों के साथ मजाक किया। सड़कों और नहरों की सफाई के नाम पर खूब फर्जीवाड़ा किया गया।

### पंजाब में सोशल आडिट रिपोर्ट में 10663 मामलों में वित्तीय गबन

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि पंजाब में 13 हजार से ज्यादा पंचायते हैं। अभी हाल ही में सोशल आडिट रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि पांच हजार से ज्यादा पंचायतों में 10 हजार 663 मामलों में वित्तीय गबन के मामले सामने आए हैं। यहां तक कि जब केंद्रीय टीम ने इस ओर ध्यान दिलाया, तब भी कोई वसूली नहीं की गई। इस भ्रष्टाचार के दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई और मजदूरों को मजदूरी देने के लिए आवंटित सार्वजनिक धन को उन लोगों की जेबों में भरते रहे, जिन्होंने इसे अर्जित नहीं किया था।

### पंजाब में मनरेगा के तहत मजदूरी का नहीं हुआ भुगतान

मुख्यमंत्री ने पंजाब से संबंधित एक उदाहरण देते हुए बताया कि जब केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पंजाब का दौरा किया, तो मजदूरों ने शिकायत की कि उन्हें मनरेगा के तहत उनका हक नहीं मिल रहा है और ठेकेदार सारा पैसा हड़प रहे हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री ने पाया कि कई मौकों पर सड़कों और नहरों की सफाई के नाम पर अवैध रूप से धन का गबन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को कोई भी प्रस्ताव पास करने से पहले एक्ट को ठीक से पढ़ लेना चाहिए था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का बुआ- फूफड़ जैसा रिश्ता है। पंजाब को यदि प्रस्ताव ही पारित करना था तो यह प्रस्ताव पास करते कि पंजाब में भी हरियाणा की तरह 400 रुपये मजदूरी मिले, जबकि पंजाब में अभी मजदूरी 339 रुपये है।

**अकाल तख्त पर नंगे पैर हाजिर होंगे पंजाब के मुख्यमंत्री**

## एक विनम्र सिख के रूप में श्री अकाल तख्त के समक्ष उपस्थित होऊंगा: सीएम मान

**कहा- श्री अकाल तख्त साहिब मेरे और मेरे परिवार के लिए सदैव सर्वोच्च था, है और रहेगा**




**जत्थेदार ने 15 जनवरी को तलब किया**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** सिखों के सर्वोच्च श्री अकाल तख्त ने पंजाब के सीएम भगवंत मान को तलब किया है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि वे श्री अकाल तख्त साहिब के समक्ष मुख्यमंत्री के रूप में नहीं, बल्कि एक विनम्र सिख के रूप में उपस्थित होंगे। 'एक्स' पर की गई एक पोस्ट में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि श्री अकाल तख़्त साहिब प्रत्येक सिख के लिए पावन स्थान है और तख़्त साहिब को सिखों का सर्वोच्च धार्मिक अस्थान माना जाता है। उन्होंने कहा कि श्री अकाल तख़्त साहिब जी से आया हुआ हुक्म मेरे लिए सिर-माथे है, जिसे पूर्ण सम्मान के साथ स्वीकार करते हुए उसका पालन करूँगा। मैं मुख्यमंत्री के रूप में नहीं, बल्कि एक विनम्र सिख के रूप में नंगे पाँव चलकर श्री अकाल तख्त साहिब के समक्ष हाज़िर होऊँगा।÷

मुख्यमंत्री ने कहा कि भले ही 15 जनवरी को देश के राष्ट्रपति श्री गुरु नानक देव विश्वविद्यालय में एक सम्मेलन में भाग लेने आ रहे हों, फिर भी वे हर हाल में श्री अकाल तख्त साहिब के समक्ष उपस्थित होंगे। उन्होंने कहा कि श्री अकाल तख़्त साहिब सर्वोच्च है और पावन तख़्त साहिब से आया हुआ हुक्म सिर-माथे स्वीकार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्री अकाल तख़्त साहिब जी से आया हुआ हुक्म मेरे और मेरे परिवार के लिए सदैव सर्वोच्च था, है और रहेगा।



## गैंगस्टरवाद को जड़ से खत्म करने का अमन अरोड़ा का संकल्प; तरनतारन में सरपंच की कायराना हत्या की कड़ी निंदा

# हमलावरों की तलाश जारी; सरपंच की हत्या में शामिल किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा : अमन अरोड़ा

**परिवार से मिलकर दुख साझा किया और पंजाब सरकार की ओर से पूर्ण समर्थन का भरोसा**

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**तरनतारन, 5 जनवरी।** तरनतारन जिले के गांव वल्टोहा संधूआं के सरपंच जरमल सिंह की हत्या की घिनौनी वारदात की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए पंजाब के कैबिनेट मंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश प्रधान श्री अमन अरोड़ा ने समाज-विरोधी तत्वों को सख्त चेतावनी दी कि इस जघन्य अपराध को अंजाम देने वाले–चाहे वह गोली चलाने वाले गुंडे हों या उनके पीछे खड़े उनके आक़ा–किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

अमन अरोड़ा ने सरपंच जरमल सिंह–जिनकी रविवार को अमृतसर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी–के परिवार से मुलाकात कर दुख साझा किया। इस अवसर पर संवेदना व्यक्त करते हुए उन्होंने परिवार को भरोसा दिलाया कि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार इस कठिन घड़ी में उनके साथ खड़ी है।

उन्होंने संकल्प दोहराया कि इस घिनौने अपराध में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि जरमल सिंह एक निस्वार्थ, नेकदिल इंसान थे, जिन्होंने कभी भी किसी जरूरतमंद–चाहे वह उनके गांव का हो या क्षेत्र का–को खाली हाथ नहीं लौटाया।

उन्होंने कहा कि अपराधियों ने हमसे एक हीरा इंसान छीन लिया है। आज के समय में जरमल सिंह जैसे लोग मिलना मुश्किल हैं। साफ-सुथरी छवि और लोगों के दिलों में बसने वाला व्यक्ति ही तीन बार सरपंच बन सकता है। ऐसी नेक आत्मा का जाना समाज के लिए बड़ी क्षति है।

इस घटना के बाद अपराधियों के प्रति सख्त रुख अपनाते हुए श्री अमन अरोड़ा ने बताया कि इस संबंध में राज्य सरकार पहले ही पंजाब पुलिस को स्पष्ट और कड़े निर्देश दे चुकी है। उन्होंने कहा कि जिसने भी कानून-व्यवस्था भंग करते हुए इस अपराध को अंजाम दिया है, उसे बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस सक्रिय और प्रभावी ढंग से काम कर रही है और आरोपी जल्द ही कानून के कटघरे में होंगे।

राज्य में गैंगस्टरवाद के लिए पिछली सरकारों को जिम्मेदार ठहराते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 10–15 वर्षों में तत्कालीन सरकारों के कुशासन और गैंगस्टरों को मिली राजनीतिक शह ने ये हालात पैदा किए। उन्होंने आरोप लगाया कि गैंगस्टरवाद नाम का यह कोढ़ दशकों तक पाला-पोसा गया और फैलाया गया। उस दौर की राजनीतिक संरक्षण ने इस खतरनाक प्रवृत्ति को इतने बड़े पैमाने पर बढ़ने दिया।

अमन अरोड़ा ने स्पष्ट किया कि हमारी सरकार या पार्टी में कोई भी व्यक्ति गैंगस्टरों, नशा तस्करों या अपराधियों की सरपरस्ती नहीं करता। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसे तत्वों के लिए राजनीतिक संरक्षण की व्यवस्था पूरी तरह समाप्त हो चुकी है।

**यह केवल एक सरपंच पर नहीं, बल्कि राज्य की शांति और सौहार्द पर हमला**

उन्होंने विदेशों में सक्रिय ऐसे भगोड़ों के प्रत्यर्पण में केंद्र सरकार से और अधिक सहयोग की मांग की। उन्होंने कहा कि जब गुजरात की जेल में बैठा बिश्नोई जैसा गैंगस्टर या विदेशों में बैठे अपराधी भारत में वारदातें करवाते हैं, तब केंद्र सरकार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। इन अपराधियों के अंतरराष्ट्रीय संबंधों को तोड़ने के लिए केंद्र के पूर्ण और निर्बाध सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक सरपंच पर हमला नहीं, बल्कि राज्य की शांति और सौहार्द पर हमला है। राज्य सरकार तब तक चैन से नहीं बैठेगी, जब तक इस अपराध और हिंसा के इस विशाल नेटवर्क में शामिल हर व्यक्ति को न्याय के कटघरे में खड़ा नहीं किया जाता।

पंजाब सरकार राज्य को अपराध-मुक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि इस नेटवर्क को जड़ से उखाड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मान सरकार गैंगस्टरवाद और गुंडागर्दी की इस बीमारी को पूरी तरह खत्म करने के लिए वचनबद्ध है और इस मिशन में पूरी तरह जुटी हुई है। राज्य में अपराधियों के खिलाफ सबसे सख्त कार्रवाई की जा रही है। अन्य राज्यों या यहां तक कि विदेशों में बैठे अपराधी, जिनके इशारों पर यहां आपराधिक गतिविधियां होती हैं, भी एक बड़ी चुनौती हैं।

# पंजाब सरकार कर्मचारियों की जायज मांगों को हल करने के लिए वचनबद्ध : चीमा

**विभिन्न कर्मचारी संगठनों से की गई बैठकें**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 5 जनवरी।** पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज प्रदेश सरकार की कर्मचारियों के प्रति वचनबद्धता को दोहराते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में सरकार कर्मचारियों के मुद्दों को हल करने के लिए पूरी तरह गंभीर है। उन्होंने बताया कि कच्चे कर्मचारियों सहित कर्मचारियों के कई महत्वपूर्ण मुद्दे पहले ही हल किए जा चुके हैं और शेष जायज मांगों पर भी सरकार सक्रियता से विचार कर रही है।

पंजाब सिविल सचिवालय में अपने दफ्तर में उच्च स्तरीय बैठकों की अध्यक्षता करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने शिक्षा विभाग तथा गुरु अंगद देव वेटरनरी एवं एनिमल साइंसेज यूनिवर्सिटी से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर सचिव व्यय डॉ. वी.एन. जादे, सचिव शिक्षा अनिंदिता मित्रा, विशेष सचिव परसोनल उपकार सिंह, विशेष सचिव वित्त अजय अरोड़ा तथा गुरु अंगद देव वेटरनरी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. जतिंदर पाल सिंह गिल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

बैठक के दौरान वित्त मंत्री चीमा ने एक्स इंप्लाइज विंग आम आदमी पार्टी, पंजाब तथा ई.टी.टी. टेट पास अध्यापक यूनियन (जय सिंह वाला) के प्रतिनिधियों से बातचीत की। अध्यापक संगठन के प्रतिनिधि से बातचीत करते हुए वित्त मंत्री ने भरोसा दिया कि उनकी जायज मांगें प्रक्रिया के अधीन हैं। उन्होंने संगठन को सलाह दी कि भविष्य में एकल प्रतिनिधि की जगह उच्च स्तरीय विचार-विमर्श के लिए चार-पांच नेताओं का प्रतिनिधिमंडल बैठक में शामिल होना चाहिए ताकि किसी भी मुद्दे पर अधिक सार्थक चर्चा की जा सके और सहमति बन सके।

इसके अलावा, पूर्व मुलाजिम विंग के नेताओं से बैठक करते हुए वित्त मंत्री ने वित्त विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों को जायज मांगों पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुनः दोहराया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार कर्मचारी हितैषी सरकार है और सभी जन सेवकों के लिए सहायक माहौल बनाने के लिए वचनबद्ध है।

**बैठकों में इन्होंने अपनी मांगे व मुद्दे साझा किए**

इन बैठकों में एक्स इंप्लाइज विंग आम आदमी पार्टी, पंजाब के प्रधान गुरमेल सिंह सिद्धू, जिला सचिव खुशविंदर कपिला, सलाहकार दर्शन सिंह, मक्खण सिंह, गुरदेव सिंह पटियाला तथा ई.टी.टी. टेट पास अध्यापक यूनियन (जय सिंह वाला) के प्रधान कमल ठाकुर ने अपनी मांगें और मुद्दे साझा किए।

# नंगे पांव चलकर श्री अकाल तख्त साहिब पेश हुए तरुनप्रीत सिंह सौंद

अर्थ प्रकाश संवाददाता



श्री अकाल तख्त साहिब में विभाग की ओर से स्पष्टीकरण देने के लिए जाते हुए कैबिनेट मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद।

**अमृतसर, 5 जनवरी।** पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों के मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद सोमवार को श्री अकाल तख़्त साहिब जी के जत्थेदार साहिब द्वारा प्राप्त आदेश के अनुसार विभाग की ओर से स्पष्टीकरण देने के लिए श्री अकाल तख्त साहिब में पेश हुए। वे नंगे पांव चलकर श्री दरबार साहिब पहुंचे और वहां देग करवाकर श्री अकाल तख़्त साहिब में नतमस्तक हुए।

उन्होंने सचिवालय श्री अकाल तख्त साहिब में सिंह साहिबानों के समक्ष अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया। इसके उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए सौंद ने कहा कि श्री अकाल तख़्त साहिब हमारी सर्वोच्च संस्था है और सिंह साहिबानों द्वारा दिया गया हर आदेश हमारे लिए रब्बी हुक्म है। उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी पर्व के अवसर पर श्री आनंदपुर साहिब में भाई जैता जी स्मारक बनाया गया है, जिसमें लगाई गई एक तस्वीर को लेकर जत्थेदार साहिब ने आपत्ति जताते हुए तलब किया था। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा जताई गई आपत्ति के अनुसार उसी दिन तस्वीर को दुरुस्त कर दिया गया था, लेकिन विभाग का मुखिया होने के नाते वे सोमवार को स्पष्टीकरण देने के लिए आए हैं।

उन्होंने बताया कि सिंह साहिबानों ने उनका पक्ष सुनते हुए आदेश दिया है कि विभाग द्वारा करवाए जाने वाले किसी भी कार्य में सिख धर्म की मर्यादा को सुनिश्चित किया जाए और गुरुओं व शहीदों के सम्मान में कोई कमी न रहे। सौंद ने बताया कि सिंह साहिबानों ने यह भी कहा है कि गुरमत विचारधारा के धारण करने वाले किसी विद्वान अधिकारी को विभाग में नियुक्त किया जाए।

सौंद ने कहा कि इस संबंध में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को अवगत करवा कर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि भविष्य में हमारे से कोई भी गलती जाने-अनजाने में न हो। उन्होंने कहा कि विभाग को भी इस संबंध में सख्त निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि जब भी धर्म से संबंधित कोई भी कार्यक्रम या कार्य किया जाए, तो इस संबंध में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और श्री अकाल तख्त साहिब से मार्गदर्शन लेना सुनिश्चित किया जाए।

# 'युद्ध नशेयां विरुद्ध' के 310वें 657 ग्राम हेरोइन सहित 65 नशा तस्कर गिरफ्तार

**खेल व स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा**

**नशा छुड़ाने संबंधी प्रयासों के हिस्से के रूप में पंजाब पुलिस ने 22 व्यक्तियों को नशा छोड़ने का इलाज लेने के लिए राज़ी किया**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 5 जनवरी।** प्रदेश से नशों के पूर्ण खात्मे के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर शुरू किए गए 'युद्ध नशेयां विरुद्ध' के 310वें दिन पंजाब पुलिस ने आज 223 स्थानों पर छापेमारी की, जिसके बाद पूरे प्रदेश में 54 एफआईआर दर्ज करके 65 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इससे 310 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 43,326 हो गई है।

छापेमारी के नतीजे के रूप में गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों के कब्जे से 657 ग्राम हेरोइन, 440 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 2630 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है। जिक्रयोग्य है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और एस.एस.पीज़ को पंजाब को नशा मुक्त प्रदेश बनाने के हुक्म दिए हैं। पंजाब सरकार द्वारा नशों के विरुद्ध जंग की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अगुवाई में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब कमेटी भी बनाई गई है।

इस ऑपरेशन के दौरान 48 गजटिड अधिकारियों की निगरानी के अधीन 700 से अधिक पुलिस कर्मचारियों वाली 100 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्य भर में 223 स्थानों पर छापेमारी की है। उन्होंने आगे बताया कि दिन भर चले इस ऑपरेशन दौरान पुलिस टीमों ने 242 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की है।

बताने योग्य है कि पंजाब सरकार ने प्रदेश से नशों के खात्मे के लिए तीन-पक्षीय रणनीति - इन्फोर्समेंट, डी-एडिक्शन और प्रीवेंशन (ईडीपी) - लागू की गई है और पंजाब पुलिस ने इस रणनीति के हिस्से के रूप में आज 22 व्यक्तियों को नशा छोड़ने और पुनर्वास का इलाज लेने के लिए राज़ी किया है।

# महाराजा रणजीत सिंह प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट की दाखिला परीक्षा: 48 सीटों के लिए 3 हजार से अधिक उम्मीदवारों ने दी परीक्षा

**मोहाली, जालंधर एवं बठिंडा में करवाई गई दाखिला परीक्षा**

**मान सरकार के शासन के दौरान 84 कैडेट बने कमीशंड अफसर**

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**चंडीगढ़, 5 जनवरी।** महाराजा रणजीत सिंह आर्म्ड फोर्सिज प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट, एस.ए.एस. नगर (मोहाली) के 16वें कोर्स के लिए दाखिला परीक्षा में कुल 3,256 लड़के बैठे। इनमें से 48 उम्मीदवारों को संस्था में दो वर्षीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए चुना जाएगा ताकि उन्हें नेशनल डिफेंस अकैडमी (एन.डी.ए.) एवं अन्य आर्म्ड फोर्सिज ट्रेनिंग अकैडमियों में दाखिले के लिए तैयार किया जा सके, जिससे उनका रक्षा सेवाओं में कमीशंड अफसर बनने का रास्ता आसान हो सकेगा।

उल्लेखनीय है कि कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा की अगुवाई में पंजाब के रोजगार उत्पत्ति, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण विभाग के अधीन चलाई जा रही इस प्रतिष्ठित संस्था का शानदार रिकॉर्ड रहा है। मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा प्रदेश की सत्ता संभालने के बाद इस संस्था के 100 कैडेट एन.डी.ए./समकक्ष अकैडमियों में शामिल हुए हैं तथा 84 कैडेट भारत के रक्षा बलों में कमीशंड अफसर बने हैं।

संस्था के निदेशक मेजर जनरल अजय एच चौहान, वी.एस.एम. (सेवानिवृत्त) ने कहा कि यह दाखिला परीक्षा चार केंद्रों - स्कूल ऑफ एमिनेंस (फेज़-11 एवं फेज़-3बी1, मोहाली), पुलिस डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, जालंधर तथा लॉर्ड रामा पब्लिक स्कूल, बठिंडा में करवाई गई। सी-डैक द्वारा करवाई गई इस परीक्षा के माध्यम से संस्था में दो वर्षीय कठिन प्रशिक्षण के लिए उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा ताकि उन्हें नेशनल डिफेंस अकैडमी (एन.डी.ए.) एवं अन्य डिफेंस अकैडमियों के लिए तैयार किया जा सके।

मेजर जनरल अजय एच चौहान ने बताया कि इनमें से टॉप 150 उम्मीदवारों को 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के बाद इंटरव्यू एवं मेडिकल टेस्ट के लिए बुलाया जाएगा तथा इनमें से 48 उम्मीदवारों को महाराजा रणजीत सिंह प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट में दो वर्षीय प्रशिक्षण कोर्स के लिए चुना जाएगा। उन्होंने कहा कि चुने गए उम्मीदवारों को अनुभवी फैकल्टी द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें उन्हें शैक्षणिक, शारीरिक प्रशिक्षण एवं लीडरशिप कौशल सिखाए जाएंगे। यह पंजाब के युवाओं के लिए देश की सेवा करने का एक बेहतरीन अवसर है।

## राज्य चुनाव आयोग द्वारा जिला तरनतारन तथा गुरदासपुर के सरपंचों और पंचों की खाली सीटों के लिए चुनाव करवाने हेतु कार्यक्रम की घोषणा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 5 जनवरी।** राज्य चुनाव आयोग ने जिला गुरदासपुर तथा तरनतारन की नीचे लिखी ग्राम पंचायतों के सरपंचों और पंचों की खाली पड़ी सीटों के लिए चुनाव करवाने संबंधी दिनांक 05.01.2026 को अधिसूचना जारी की है:

1. जिला गुरदासपुर:-
1) कलानौर मोजोवाल
2) कलानौर पुरानी
3) कलानौर पी.ए.पी
4) कलानौर चक्करी
5) कलानौर ढक्की तथा
6) कलानौर जैलदारा

2. जिला तरनतारन:-
1) काजी कोट (70) (नालागढ़-69)
2) कक्का कंडियाला (63)
3) पंडोरी गोला (79)
4) माड़ी कंबोके (68)

अधिसूचित कार्यक्रम अनुसार, नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 08.01.2026 (गुरुवार) है। मतदान 18.01.2026 (रविवार) को होगा तथा मतों की गिनती उसी दिन चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने के तुरंत बाद पोलिंग स्टेशनों पर ही होगी।

इन संबंधित ग्राम पंचायतों के राजस्व अधिकार क्षेत्र में आदर्श चुनाव संहिता तुरंत प्रभाव से लागू कर दी गई है तथा चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने की तिथि (19.1.2026) तक लागू रहेगी। इन चुनावों को स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के लिए उपायुक्त-कम-जिला चुनाव अधिकारी, गुरदासपुर तथा तरनतारन को सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए गए हैं।

### पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री ने मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की

# निजी मेडिकल कॉलेजों और डॉक्टरों ने पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया

**हर नागरिक को बिना वित्तीय बोझ के गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएँ सुनिश्चित करना पंजाब सरकार का उद्देश्य : डॉ. बलबीर सिंह**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 5 जनवरी।** राज्य में 10 लाख रुपये की कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना की निर्बाध और सुचारू शुरुआत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, पंजाब के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने रविवार को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना (एमएमएसवाई) के क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। स्टेट हेल्थ एजेंसी (एसएचए) पंजाब में आयोजित इस बैठक में सार्वजनिक और निजी स्वास्थ्य संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में प्रमुख भागीदारों में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) पंजाब, पंजाब हॉस्पिटल एंड नर्सिंग होम एसोसिएशन (पीएचएनए), पंजाब सिविल मेडिकल सर्विसेज (पीसीएमएस) के डॉक्टर तथा प्रमुख निजी मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधि शामिल थे। इस अवसर पर प्रमुख सचिव (स्वास्थ्य) कुमार राहुल और एसएचए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संयम अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

इस योजना के सहयोगात्मक और नागरिक-केंद्रित क्रियान्वयन के प्रति पंजाब सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि दिशानिर्देशों का अक्षरशः पालन, नैतिक चिकित्सकीय अभ्यास और पूर्ण पारदर्शिता के माध्यम से ही एमएमएसवाई को सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि पंजाब सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि राज्य के प्रत्येक निवासी को बिना किसी वित्तीय बोझ के गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ प्राप्त हों, और यह केवल सरकार, डॉक्टरों तथा स्वास्थ्य संस्थानों के बीच ईमानदार सहयोग से ही संभव है। डॉ. बलबीर सिंह ने जोर देकर कहा कि निर्धारित मानकों से किसी भी प्रकार का विचलन स्वीकार्य नहीं होगा और इसके लिए सख्त तथा शून्य-सहनशीलता की नीति अपनाई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजना के तहत सर्वोत्तम सेवाएँ सुनिश्चित करने के लिए नैतिक आचरण और पारदर्शिता से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि पंजाब सरकार स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को इस परिवर्तनकारी पहल में साझेदार के रूप में देखती है और बदले में उच्चतम पेशेवर मानकों की अपेक्षा करती है।

आईएमए पंजाब और पीएचएनए के प्रतिनिधियों ने योजना के लिए मजबूत समर्थन व्यक्त किया और लाभार्थियों के नामांकन में तेजी लाने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि राज्यभर के मरीजों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने के लिए सूचीबद्ध अस्पतालों के नेटवर्क का विस्तार अत्यंत आवश्यक है। संशोधित पैकेज मास्टर एचबीपी 2.2 को अपनाए जाने का स्वागत करते हुए चिकित्सा संस्थानों ने कहा कि अद्यतन प्रतिपूर्ति ढांचा अस्पतालों की कार्यक्षमता में उल्लेखनीय सुधार करेगा और योजना के सुचारू क्रियान्वयन में सहायक होगा। बैठक में दयानंद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, लुधियाना; क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, लुधियाना; आदेश मेडिकल कॉलेज, बठिंडा; तथा ज्ञान सागर मेडिकल कॉलेज, पटियाला सहित प्रमुख निजी चिकित्सा संस्थानों की सक्रिय भागीदारी रही। इन संस्थानों के प्रतिनिधियों ने एमएमएसवाई की जन-हितैषी सोच के लिए पंजाब सरकार की सराहना की और बढ़ी हुई प्रतिपूर्ति दरों का स्वागत किया। उन्होंने इसे निजी क्षेत्र की निरंतर भागीदारी की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। बैठक में शामिल सभी निजी मेडिकल कॉलेजों ने योजना में गहरी रुचि व्यक्त की और आश्वासन दिया कि लाभार्थियों को त्वरित सेवाएँ प्रदान करने हेतु उनकी सूचीबद्धता प्रक्रियाएँ आगामी कुछ दिनों में पूर्ण कर ली जाएँगी।

### डेराबस्सी मेडिकल एसोसिएशन का चुनाव

# डॉ. संजय अत्री अध्यक्ष चुने गए डॉ. रवीना सूरी महासचिव बनीं

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी, 5 जनवरी।** डेराबस्सी मेडिकल एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद पर डॉ. संजय अत्री (संजय अपना हॉस्पिटल) को सर्वसम्मति से चुना गया। डॉ. रवीना सूरी को महासचिव तथा डॉ. अश्विनी प्रभाकर को कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। यह चुनाव बेहद सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ, जिसमें बिना किसी विवाद के नई कार्यकारिणी टीम का गठन हो गया। सभी सदस्यों ने पूर्ण सहयोग दिया।नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. संजय अत्री ने कहा, 'डेराबस्सी मेडिकल एसोसिएशन पिछले वर्षों से डॉक्टरों की भलाई, स्वास्थ्य शिविरों, लोक भलाई कार्यक्रमों और समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी रही है। हम इसे जारी रखते हुए संगठन को प्रदेश स्तर पर उच्च पद प्रदान करने की दिशा में कदम उठाएंगे। इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों में मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर, जागरूकता अभियान और डॉक्टरों के लिए प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। ऐसोसियशन की नवनियुक्त टीम ने अपने चुनाव पर सभी सदस्यों का दिल से धन्यवाद किया और उम्मीद जताई कि आगे भी ऐसा ही सहयोग मिलता रहेगा। उन्होंने कहा, 'मिलजुलकर सभी सदस्यों के सहयोग से हम इस संगठन द्वारा डॉक्टरों, चिकित्सकों एवं लोगों की वेलफेयर का कार्य करते रहेंगे।' सदस्यों का मानना है कि यह नई टीम एसोसिएशन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। आने वाले महीनों में विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के लिए भलाई कार्यक्रमों पर फोकस किया जाएगा, जो क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाएंगे।

# वीबी-जी राम जी से हरियाणा के हर श्रमिक को मिलेंगे 10 हजार रुपये ज्यादा: मुख्यमंत्री

## नायब सैनी बोले- हरियाणा में 2014 अक्टूबर से 2025 तक श्रमिकों को 5243 करोड़ का भुगतान, कांग्रेस ने दिए महज 1854 करोड़

**हरियाणा में देशभर में मनरेगा मजदूरी सर्वाधिक 400 रुपये, पंजाब में 339 और हिमाचल में 236 रुपये**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ में प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए। साथ में हैं सहकारिता मंत्री डॉ. अरविन्द शर्मा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री रणबीर गंगवा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी और मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव श्री राजेश खुल्लर। (05.01.2026)

**चंडीगढ़, 5 जनवरी।** विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार आजीविका मिशन (वीबी-जी राम जी) के तहत अब ग्रामीण श्रमिकों को 100 दिन की बजाय 125 दिन का रोजगार मिलेगा। दिहाड़ी के दिन बढ़ने से हरियाणा के श्रमिकों को 10 हजार रुपये का फायदा होगा। हरियाणा में सर्वाधिक दिहाड़ी 400 रुपये होने के चलते श्रमिकों को इसका लाभ पहुंचेगा। यही नहीं, मनरेगा के बजट में भी बढ़ोतरी की गई है। वित्त वर्ष 2025-26 में राज्य सरकार द्वारा एक हजार करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है। वहीं, केंद्र सरकार सरकार द्वारा एक लाख 51 हजार 282 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है, जोकि पिछले वर्ष 88 हजार करोड़ रुपये थे।

इन तथ्यों का खुलासा मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हरियाणा निवास में पत्रकारों से बातचीत करते हुए किया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि वीबी-जी राम जी से हर श्रमिक की वार्षिक आय कम से कम 50 हजार रुपये हो जाएगी, क्योंकि हरियाणा में प्रतिदिन 400 रुपये की दर से न्यूनतम मजदूरी दी जाती है, जोकि देशभर में सर्वाधिक है। जबकि पंजाब में न्यूनतम मजदूरी मात्र 339 रुपये और हिमाचल प्रदेश में मात्र 236 रुपये प्रतिदिन ही है। हरियाणा में अक्तूबर 2014 से लेकर अक्तूबर, 2025 तक के 10 वर्षों में श्रमिकों को 5,243 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। जबकि, कांग्रेस के 10 वर्ष के शासनकाल में केवल 1,854 करोड़ रुपये का ही भुगतान किया गया। इसमें अकेले केंद्र सरकार का हिस्सा 95 हजार करोड़ रुपये से अधिक होगा, जिसे सरकार आने वाले वर्षों में बढ़ाने का वादा करती है। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, रणबीर गंगवा, कृष्ण कुमार बेदी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर और मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव प्रवीण आत्रेय भी उपस्थित रहे।

### भ्रष्टाचार से निपटने और शोषण को रोकने के लिए किए गए तकनीकी उपाय

मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार से निपटने, शोषण को रोकने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि केवल वास्तविक श्रमिकों को ही पारदर्शिता के साथ उनका हक मिले, वीबी जी- राम जी योजना में कई उपाय किए गए हैं। बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण और उपस्थिति से फर्जी कर्मचारियों, डुप्लिकेट जॉब कार्ड और फर्जी भुगतानों को रोका जा सकेगा। वेतन और भत्तों का सीधा, डिजिटल भुगतान इससे बिचौलियों, वेतन भुगतान में देरी और धन के दुरुपयोग की समस्या समाप्त हो जाएगी। जियो-टैगिंग और सैटेलाइट इमेजरी इस योजना के तहत बनाई गई प्रत्येक संपत्ति को जियो-टैग किया जाएगा और इसरो के भुवन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि भ्रष्ट ठेकेदारों या अधिकारियों द्वारा फर्जी परियोजनाओं का पंजीकरण न हो सके। साप्ताहिक सार्वजनिक खुलासे इससे श्रमिकों की सूची, भुगतान, प्रतिबंध और निरीक्षण सार्वजनिक रूप से दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा कि धन की हेराफेरी के लिए धोखे से बनाई गई फर्जी परियोजनाओं को रोकने के लिए, नए प्रावधानों को चार क्षेत्रों में बांटा जाएगा। जल संरक्षण, ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका संसाधन और जलवायु संरक्षण। अब, यह योजना भ्रष्टाचार का अड्डा बनने के बजाय विकास में एक वास्तविक और ठोस योगदानकर्ता के रूप में काम करेगी।

### भ्रष्ट आम आदमी सरकार कानूनी सुधारों का कर रही विरोध

मुख्यमंत्री ने कहा कि मनरेगा के तहत अस्वीकृत परियोजनाएं भी मनरेगा निधि से ही चलाई जा रही थीं, लेकिन उनमें कोई निगरानी तंत्र नहीं था न तो कोई मजदूर वास्तव में काम कर रहा था, न उसे भुगतान मिल रहा था, न ही किसी चीज का रिकार्ड रखा जा रहा था। इस निगरानी के अभाव में, मेहनती और योग्य मजदूरों को मिलने वाली उचित मजदूरी छीन ली गई। और आज, यह भ्रष्ट आम आदमी सरकार उन सुधारों का विरोध करने के लिए बहस कर रही है और प्रस्ताव पारित कर रही है। यह न केवल भ्रष्टाचार में लिप्त रहने के उनके इरादों को उजागर करता है, बल्कि पंजाब के मेहनती मजदूरों के प्रति उनकी उदासीनता और उपेक्षा को भी दर्शाता है।

### 25 प्रतिशत से ज्यादा लोग गरीब रेखा से हुए बाहर

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि ग्रामीण गरीबी वर्ष 2011-12 में जहां 25 प्रतिशत से अधिक थी, वहीं आज यह घटकर लगभग 5 प्रतिशत से भी नीचे आ चुकी है। इसका अर्थ है कि वर्तमान केंद्र सरकार की सकारात्मक नीतियों के कारण 25 प्रतिशत से अधिक लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में डिजिटल कनेक्टिविटी, बैंकिंग सेवाओं, डीबीटी, आधार और बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है।

### अब 125 दिन का मिलेगा गारंटीशुदा रोजगार

नायब सिंह सैनी ने कहा कि नए प्रावधानों के तहत, रोजगार गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन करने से श्रमिकों की गारंटीशुदा मजदूरी को काफी बढ़ावा मिला है। इसके माध्यम से, सरकार श्रमिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने का प्रयास कर रही है। इससे पूरे भारत वर्ष में एक ग्रामीण अकुशल श्रमिक की वार्षिक आय में औसतन 7 हजार रुपये से अधिक की बढ़ोतरी होगी। हरियाणा में मजदूरी दर ज्यादा है, इसलिए हर श्रमिक को कम से कम 10 हजार रुपये अधिक मिलेंगे।

### मनरेगा का 50 प्रतिशत एससी और 65 प्रतिशत महिला श्रमिकों को मिली दिहाड़ी

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत इस वर्ष हरियाणा में 52 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति के श्रमिकों को तथा 65 प्रतिशत से अधिक महिला श्रमिकों को काम मिला है। यह काम वास्तव में उन्हें मिला है। पहले तो मशीनों से काम करवा लिया जाता था और उन्हें वास्तव में काम मिलता ही नहीं था। उन्होंने कहा कि इस कानून में कार्यों की प्रकृति को भी बदला गया है। पहले मनरेगा के तहत सीमित रोजगार दिया जाता था। अब जल सुरक्षा, ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका संसाधन और जलवायु परिवर्तन से निपटने वाली स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण में भी रोजगार दिया जाएगा। ग्राम पंचायतों की योजनाओं को पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान से जोड़ा गया है, ताकि गांवों में होने वाला हर काम राष्ट्रीय विकास लक्ष्यों के अनुरूप हो।

---

## न्यूज ब्रीफ

### 7 किलो गांजे के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार



**समालखा (अप्रस/मनदीप कुमार)।** एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने रविवार शाम को समालखा बस अड्डे के पास एक नशा तस्कर को 7 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी नशा तस्कर की पहचान गांव रसलपुर जिला सीतामंढी बिहार हाल किरायेदार गांजबड़ निवासी गोविंद के रूप में हुई है। एंटी नारकोक्टिस सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि रविवार शाम को एंटी नारकोटिक्स सेल टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक प्लास्टिक कट्टे में मादक पदार्थ लेकर समालखा बस अड्डे के पास बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना को पुख्ता मानते हुए पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। जहां सामने प्लास्टिक कट्टा लिए खड़ा युवक पुलिस टीम को देखकर एकदम तेज कदमों से बस अड्डे की और चलने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए कुछ कदमों पर ही युवक को काबू किया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान गोविंद पुत्र बच्चन राय निवासी रसलपुर सीतामढ़ी बिहार हाल किरायेदा गांजबढ़ के रूप में बताई। पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में युवक के प्लास्टिक कट्टे की तलाशी ली तो अंदर गांजा नशीला पदार्थ बरामद हुआ। बरामद गांजे का वजन करने पर 7 किलो ग्राम पाया गया। इंचार्ज सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उक्त गांजा वह गुरुग्राम में एक युवक से कम कीमत पर खरीदकर पानीपत आसपास के क्षेत्र में बेचने के लिए लेकर आ रहा था। पुलिस ने समालखा अड्डे के पास उसे गांजे सहित गिरफ्तार कर लिया।

### रोटरी क्लब ने चलाया सेफ्टी अवेयरनेस अभियान



**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलस्त्य)।** धुंध के मौसम में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए रोटरी क्लब द्वारा रोड सेफ्टी अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस जागरूकता अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में डीएसपी निर्मल कुमार उपस्थित रहे। प्रधान डॉ. अमित अरोड़ा ने बताया कि धुंध के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं का कारण अधिकांश हादसे वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर न होना हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए रोटरी क्लब ने निर्णय लिया कि मौके पर ही रिफ्लेक्टर लगाए जाएं, ताकि धुंध में पीछे से आने वाले वाहनों को समय रहते संकेत मिल सके। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट मैनेजर डॉ. अवनीत वड़ैच ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस लगातार अच्छा कार्य कर रही है। रोटरी क्लब ने पुलिस प्रशासन के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए यह अभियान चलाया है, ताकि आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।मुख्य अतिथि डीएसपी निर्मल सिंह ने अपने संबोधन में रोटरी क्लब की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यदि नगर की अन्य सामाजिक व धार्मिक संस्थाएं भी इसी तरह जनहित के कार्यों में आगे आएं तो समाज का समग्र कल्याण संभव है।रोटरी क्लब की यह पहल निश्चित रूप से सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में सहायक सिद्ध होगी।कार्यक्रम के दौरान एक विशेष अभियान के तहत डीएसपी निर्मल सिंह, एसएचओ नरेश कुमार एवं अन्य पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मिलकर रोटरी क्लब के सदस्यों ने ऐसे सभी आने-जाने वाले वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए, जिन पर पहले से रिफ्लेक्टर नहीं लगे थे। इस जनहितकारी अभियान को नगरवासियों ने खुले दिल से सराहा और रोटरी क्लब की भूरी-भूरी प्रशंसा की। यह अभियान न केवल सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाला रहा, बल्कि समाज में सहयोग और सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश भी देता नजर आया।

### पतंजलि योग समिति ने 31वां स्थापना दिवस मनाया

**रादौर (अप्रस/योगेश कुमार)।** पतंजलि योग समिति व भारत स्वाभिमान ट्रस्ट शाखा रादौर के कार्यकर्ताओ ने पतंजलि योग पीठ हरिद्वार का 31वां स्थापना दिवस आर्य समाज भवन, रादौर में हवन यज्ञ कर मनाया। पतंजलि योग समिति के तहसील प्रभारी व जिला सोशल मीडिया प्रभारी अमित काम्बोज की देखरेख में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी मान सिंह आर्य मुख्यातिथि के तौर पर शामिल हुए। आर्य समाज रादौर के प्रधान किरणपाल आर्य ने पूरी वैदिक रीति-रिवाज से हवन यज्ञ सम्पन्न करवाया। इस अवसर पर पतंजलि योग समिति के तहसील प्रभारी अमित काम्बोज ने कहा कि आर्यवीर योगऋषि स्वामी रामदेव व आचार्य बालकृष्ण ने 31 वर्ष पूर्व आज के दिन 5 जनवरी 1995 को हरिद्वार के कनखल मे पतंजलि योग पीठ की स्थापना की थी। आज यह संस्थान एक वट वृक्ष के समान खड़ा है। पतंजलि योग पीठ हरिद्वार ने योग एवं आयुर्वेद की दुनिया मे जो विशेष स्थान हासिल किया है। यह संस्थान योग, आयुर्वेद, नेचुरोपैथी व स्वदेशी के अभियान को लेकर निरन्तर आगे बढ़ रहा है, जिसका समाज को विशेष लाभ मिल रहा है।

---

## राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप से छात्र छात्राओं की राष्ट्र भावना मजबूत होती हैं: प्रोफेसर वीरेंद्र चौहान

अर्थ प्रकाश/कृष्ण

**निसिंग, 5 जनवरी।** विश्व की सबसे सुंदर संस्कृति हमारे भारत देश की है। जो हमारे ऋषि मुनियों की देन है। इनके द्वारा लिखित वेदों में सबसे पहली और प्राचीन पुस्तक ऋग्वेद है। चिकित्सा हो या संगीत, देव अर्चना हो या जीवन मृत्यु के रहस्य भी वेदों में समाहित है। एचआईआरडी के चेयरमैन प्रोफेसर वीरेंद्र चौहान राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस कैंप के समापन पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि एक स्वयंसेवक का जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित होना चाहिए। वहीं अपनी राजभाषा हिंदी का भी सम्मान करना चाहिए। अपने राष्ट्र और भाषा को गर्व के साथ बोलना चाहिए। उम्मीद जताई कि स्कूल के सभी कार्य भी हिंदी भाषा में होने चाहिए। दूसरी भाषाओं का ज्ञान होना भी लाजमी है। लेकिन अपनी भाषा और अपने राष्ट्र के लिए दिल में हमेशा सम्मान होना जरूरी है। एक स्वयंसेवक हिंदी भाषा में अपने विचारों के आदान-प्रदान और लेखन में इस्तेमाल करो। यदि कोई हिंदी भाषा को सम्मान ना दे तो स्वयं सेवक उसे टोक सकता है। स्वामी विवेकानंद के जीवन परिचय का बखान करने वाले छात्र राहुल को बेस्ट वॉलिंटियर का इनाम दिया गया। शिविर में पहुंचे हनी सिंह ग्रामीण सरपंच प्रतिनिधि नवाब सिंह ने स्वयंसेवकों को 21 सौ की राशि से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिविर में किताबी शिक्षा के अलावा जीवन उपयोगी बहुत सी जानकारियां अर्जित करने का मौका मिलता है। उद्योगपति एवं समाजसेवी सुशील सिंगला ने विद्या के इस मंदिर को आधुनिक बनाने की मांग की।

## 26 जनवरी से भाकियू के बैनर तले नए आंदोलन का होगा आगाज: रतनमान

**एमएसपी गारंटी कानून, कर्जमाफी और स्मार्ट मीटर का किया विरोध**

**हर वर्ष की भांति 26 जनवरी को निकाली जाएगी ट्रैक्टर परेड**

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 5 जनवरी।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) की प्रदेश स्तरीय बैठक किसान भवन, जींद में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ किसान नेता रणधीर सिंह मिलखपुर ने की। बैठक में प्रदेशभर से पहुंचे किसान नेताओं और कार्यकर्ताओं ने किसानों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर गहन चर्चा की। बैठक में एमएसपी पर खरीद की गारंटी कानून लागू करने, किसान व मजदूरों की पूर्ण कर्जमुक्ति, सीड बिल और बिजली बिल वापस लेने, पराली जलाने के मुकदमे रद्द करने तथा स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध प्रमुख रूप से उठाया गया। इसके अलावा कैथल जिले में बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा किसानों के साथ की जा रही धक्काशाही पर नाराजगी जाहिर करते हुए आंदोलन करने की चेतावनी दी गई। जिला अध्यक्ष बीनदर नंबरदार न बताया कि हर वर्ष की भांति 26 जनवरी को निकाली जाने वाली ट्रैक्टर परेड नौगामा खाप और भारतीय किसान यूनियन के संयुक्त अगुवाई में निकाली जाएगी। ट्रैक्टर परेड की अध्यक्षता भाकियू की जिला हिसार की ईकाई करेगी। बैठक को संबोधित करते हुए भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने घोषणा की कि 26 जनवरी को जींद जिले के गांव गुलकणी स्थित किसान शहीद स्मारक से ट्रैक्टर परेड निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर भाकियू के राष्ट्रीय महासचिव युद्धवीर सिंह और प्रदेश अध्यक्ष रतनमान विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों के लंबित मुद्दों को लेकर 26 जनवरी से भाकियू के बैनर तले नए आंदोलन की शुरुआत की जाएगी। किसान नेता रतनमान ने कहा कि सरकार लगातार किसान विरोधी नीतियाँ लागू कर रही है। एमएसपी पर खरीद की गारंटी कानून आज किसानों की सबसे बड़ी जरूरत बन चुकी है। लेकिन सरकार इस पर गंभीर नहीं है। छोटे-छोटे कर्जों के नाम पर ग्रामीणों के मकान नीलाम किए जा रहे हैं। जो लोकतंत्र और सामाजिक न्याय के खिलाफ है। किसान और मजदूरों को बेघर करना किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## प्रेरणा वृद्धाश्रम में बुजुर्गों से मिली जयराम कन्या महाविद्यालय की स्वयंसेविका छात्राएं

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अर्पण वधवा)।** देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से ग्रामीण आंचल की कन्याओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से गतिमान सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम कन्या महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विशेष सात दिवसीय शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्य और द्यद्य की स्वयं सेविकाओं ने दूसरे दिन भी उत्साह के साथ अनेक गतिविधियों में भाग लिया। शिविर में सर्वप्रथम बाबू अनंत राम जनता कालेज कौल से असिस्टेंट प्रोफेसर डा. पारसमणि ने स्वयंसेविकाओं को फिजिकल फिटनेस की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जब हम शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे तभी हम समाज के लिए कुछ कर पाएंगे।

## भाजपा का बढ़ता जनाधार दर्जनों ने ली सदस्यता

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य



**पिहोवा, 5 जनवरी।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में चल रही भाजपा सरकार की पारदर्शी कार्यप्रणाली, जन-कल्याणकारी नीतियों और निरंतर विकास कार्यों से प्रभावित होकर पिहोवा विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी का कुनबा लगातार मजबूत होता जा रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित जय भगवान शर्मा के नेतृत्व में पिहोवा के गांव अरुणाये स्थित डेरा लाखा सिंह से जुड़े अनेक लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर भाजपा नेता जय भगवान शर्मा ने भाजपा सरकार की नीतियों और उपलब्धियों की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में बिना भेदभाव के विकास कार्य किए जा रहे हैं। सरकार की योजनाएं अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंच रही हैं और यही कारण है कि आज हर वर्ग का विश्वास भाजपा के साथ मजबूती से जुड़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है, और पार्टी हमेशा राष्ट्रहित व जनहित को सर्वोपरि रखकर कार्य कर रही है। भाजपा की मजबूत नीतियों और दूरदर्शी नेतृत्व से प्रभावित होकर डेरा लाखा सिंह से जुड़े सुरजीत, बाबू राम, सेवा राम, मोहित लाल, अमरजीत सिंह, राहुल, सागर, सनी, हरबल सिंह, हेमराज, अंश, रोशन, कश्मीर, देशराज, कर्ण राम, लख्खा सिंह, सुभाष सिंह, सुशील, हरीराम सिंह, पीरू राम, हरदेव राम, मुकेश, बलवंत सिंह एवं गुलाब सिंह ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया। भाजपा नेता जय भगवान शर्मा ने सभी का स्वागत किया। इसके बाद पिहोवा से मोरथली,हमीरा फार्म,बड़ा स्याना ,छोटा स्याना,बाखली से होती हुई मोहनपुर गांव जाने बस का हरी झंडी दिखा कर रवाना किया । जय भगवान शर्मा ने कहा की पिछले दस सालों से पिहोवा के लोगो की डिमांड थी की पिहोवा से मोहनपुर बस चलाई जाए काफी समय बाद लोगो की यह डिमांड पूरी हुई है इससे पिहोवा के कई गावो को आने जाने में काफी सुविधा होगी ज्यादातर स्कूल कालेज के बच्चे पिहोवा शहर में पढ़ने आते है और बेटिया भी इस बस से लाभान्वित होगी।

## जयराम विद्यापीठ में वर्ष के पहले सोमवार को हुआ अभिषेक एवं हवन

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/वालिया)।** देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से ब्रह्मसरोवर के तट पर स्थित श्री जयराम विद्यापीठ परिसर में बने श्री रामेश्वर महादेव मंदिर में वर्ष के पहले सोमवार को मनोकामना के साथ पूजा अर्चना के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इस मौके पर श्रद्धालुओं को आचार्य प. प्रतीक शर्मा ने सुख-शांति और विश्व कल्याण की भावना से विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ अभिषेक सम्पन्न करवाया तथा पूजा अर्चना की। इसी के साथ हवन भी किया गया। हवन प. पंकज पुजारी ने सम्पन्न करवाया। परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने सभी के कल्याण की कामना करते हुए कहा कि वर्ष के प्रथम सोमवार को भगवान शिव की शरण में जाने से सभी मंगलकामनाएं पूर्ण होती हैं।

## टोहाना सचिवालय में तहसील कार्यालय में आए नागरिक मूलभूत सुविधाओं से हुए वंचित

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 5 जनवरी।** शहर का मिनी सेक्रेटेरिएट (सचिवालय) में तहसील कार्यालय में हर रोज लगभग हजारों नागरिक अपने-अपने कार्य को लेकर शहर व ग्रामीण क्षेत्र से आते हैं। इस कार्यालय में बिल्डिंग मै वैसे तो कई अधिकारियों के कार्यालय कार्यकर्त हैं जिसमें मुख्यत तहसील कार्यालय में हर वक्त जरूरी रजिस्ट्री व लाइसेंस आदि के कार्यो के लिए हर वक्त भीड़ लगी रहती है सर्दी का मौसम होने पर भी कई-कई घंटे लाइट जाने के कारण रजिस्ट्री व अन्य कार्य के लिए आए लोग परेशान होते नजर आते हैं लोगों का यह भी कहना है कि हर रोज लाखों रूपए राजसव सरकार को देने वाले टोहाना कार्यालय में कुछ रूपो का डीजल जनरेटर के लिए सरकार का न डालना भी लोगों में रोष पैदा करने का कारण बना हुआ है और तो और वहां पर बनाए गए सुलभ शौचालय में सफाई के हालात भी काफी देयनीय स्थिति में दिखाई दिए पीने के पानी वाले वाटर कूलर बाथरूम के गेट के बिल्कुल सामने वह पीने का पानी बिना वाटर फिल्टर के सीधा कनेक्शन बाथरूम में किया जा रहे पानी की टंकियां से किया हुआ है अधिकारी लोगों के खून पसीने की कमाई से खुद तो पीने के लिए गर्म पानी का इस्तेमाल करते देखे जा सकते हैं वहां पर आए लोगों के लिए हर जगह सुविधाओं की जगह सिर्फ परेशानी ही पैदा किए हुए हैं वहीं पास में बैठे उपमंडल अधिकारी से लोगों की अपील है कि और शहर की समस्याएं समाधान शिविर में तो दूर की जा रही हैं इन समस्याओं की तरफ भी ध्यान दें आपकी अति कृपा होगी।

## राष्ट्रीय हैकाथॉन टेकफ्रंटियर 2025 में जेएमआईटी रादौर का परचम, 'कोड लायंस' बनी विजेता

अर्थ प्रकाश/योगेश कुमार

**रादौर, 5 जनवरी।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों ने एक बार फिर से संस्थान को गर्व का अवसर प्रदान किया है। उन्होंने 19 से 20 दिसंबर तक इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (आईआईआईटी), दिल्ली व अनस्टॉप के सहयोग से आयोजित टेकफ्रंटियर 2025 राष्ट्रीय स्तर के हैकाथॉन में प्रथम स्थान हासिल किया। इस भव्य राष्ट्रीय आयोजन में 1000 से अधिक पंजीकृत टीमों ने भाग लिया। जिसमें से केवल 100 टीमों का चयन किया गया था। जेएमआईटी की टीम कोड लायंस ने असाधारण नवाचार, तकनीकी महारत और टीमवर्क का प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया।

विजयी टीम में अक्षत राय कक्कड़ (टीम लीडर), दीपांशु बत्रा, अनुभूति शर्मा व अक्षत अग्रवाल शामिल थे, जोकि बी.टेक सीएसई, प्रथम वर्ष के छात्र हैं। उन्होंने एक एकीकृत, स्केलेबल और पारदर्शी हैकाथॉन प्रबंधन प्रणाली को विकसित किया, हैकाथॉन के जीवनचक्र में अंत-से-अंत संचालन को सुव्यवस्थित करता है, मूल्यांकन में निष्पक्षता और ट्रेसेबिलिटी सुनिश्चित करता है, प्रतिभागी की भागीदारी को बढ़ाता है व आयोजकों को वास्तविक समय में नियंत्रण और अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। जेएमआईटी के महासचिव, रमेश कुमार, जेएमआईटी के निदेशक डॉ. एस.के. गर्ग ने छात्रों की समर्पण व कड़ी मेहनत की सराहना की, जबकि संस्थान प्रबंधन द्वारा प्रदान की गई निरंतर समर्थन पर जोर दिया। उन्होंने जोर दिया कि जेएमआईटी की शीर्ष-स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता ने वर्षों से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय हैकाथॉनों में कई पुरस्कार दिलाए हैं। संस्थान के निदेशक की दृष्टि नवाचार, अनुसंधान और समग्र उत्कृष्टता को पोषित करती है, जिससे छात्र राष्ट्रीय मंच पर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते हैं। जेएमआईटी के प्रबंधन, संकाय और कर्मचारियों ने टीम कोड लायंस को इस शानदार जीत के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। यह जीत जेएमआईटी, रादौर के लिए एक गर्व का क्षण है और पूरे जेएमआईटी समुदाय के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है, जो उन्हें बड़े सपने देखने, अधिक प्रयास करने और भविष्य का नेतृत्व करने के लिए प्रेरित करती है।

**प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से ग्रामीणों को मिला दोहरी सब्सिडी का लाभ**

## सोलर रूफटॉप सिस्टम लगवाने से बिजली बिल हुआ जीरो

**गांव अम्बली में आयोजित कैंप में 10 उपभोक्ताओं को वितरित किये गये सोलर सब्सिडी के चेक**

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार



**नारायणगढ़, 5 जनवरी।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम परिचालक मंडल नारायणगढ़ द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार हेतु एक जागरूकता कैंप गांव अम्बली में आयोजित किया गया। इस कैंप में 10 उपभोक्ताओं को सब्सिडी के चैक वितरित किये गये जिन्होंने अपने घरों की छतों पर रूफ टॉप सोलर सिस्टम लगवाकर केंद्र सरकार से 60 हजार तथा हरियाणा सरकार से 50 हजार की सब्सिडी प्रत्येक लाभार्थी ने प्राप्त की है।

कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थी उपभोक्ताओं को अधीक्षक अभियंता अंबाला विनोद कुमार गोयल व भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप सैनी अम्बली द्वारा चेक वितरित किए गए। चेक प्राप्त करने वालों में मनीष कुमार गांव कुल्लडपुर, राय सिंह गांव पुलेवाला, किरण पुलेवाला, पुष्पा रानी गांव पुलेवाला, राजकुमार गांव पुलेवाला, संतोष नारायणगढ़, सुरेंद्र पाल सिंह कोहड़ा भूरा, रमेश चंद गांव पुलेवाला, प्रकाश चंद गांव पुलेवाला, सरबजीत सिंह गांव पंजेटो लाभार्थी शामिल रहे जिन्हें योजना के अनुसार हरियाणा सरकार की ओर से 50,000-50,000/- की राशि के चेक वितरित किए गए।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप सैनी अम्बली ने कहा कि केंद्र सरकार व हरियाणा सरकार हर गरीब परिवार के उत्थान में लगी है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना प्रमुख रूप से गरीब परिवारों के लिए कल्याणकारी है। सौर ऊर्जा को अपनाकर ग्रामीण न केवल अपना बिजली बिल जीरो कर सकते हैं बल्कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में भी अपना योगदान दे सकते हैं क्योंकि सौर ऊर्जा से किसी भी प्रकार का प्रदूषण नहीं होता। सौर पैनल की आयु भी लगभग 30 वर्ष की होती हैं।

कार्यक्रम में अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार गोयल ने बताया प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की विस्तृत जानकारी दी। बताया गया कि केंद्र सरकार द्वारा पहले एक करोड़ घरेलू उपभोक्ताओं को सोलर रूफटॉप सिस्टम लगवाने पर प्रति किलोवाट 30 हजार रुपये की सब्सिडी प्रदान की जा रही है, जिसकी अधिकतम सीमा 78 हजार रुपये है।

इसके अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा भी इस योजना को और अधिक प्रोत्साहित करने के लिए विशेष सब्सिडी दी जा रही है। राज्य सरकार द्वारा पहले एक लाख बीपीएल परिवारों, जिनकी वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपये तक है और वार्षिक बिजली खपत 2400 यूनिट तक है, उन्हें प्रति किलोवाट 25 हजार रुपये तथा अधिकतम 50 हजार रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी प्रदान की जा रही है। इसके अलावा जिन परिवारों की वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार से 3 लाख रुपये तक है और वार्षिक खपत 2400 यूनिट तक है, उन्हें भी 20 हजार रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी का लाभ दिया जा रहा है।

# प्रशासक ने किया बालिका गृह, नारी निकेतन और ब्लाइंड इंस्टीट्यूट का निरीक्षण

## बच्चों व महिलाओं से की बातचीत, सुविधाओं और कौशल प्रशिक्षण पर दिया जोर

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 5 जनवरी।** पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने सोमवार को सेक्टर-15 स्थित स्नेहालय फॉर गर्ल्स का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ चंडीगढ़ के मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद सहित प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सामाजिक कल्याण सचिव अनुराधा एस. चगती और निदेशक सामाजिक कल्याण पालिका अरोड़ा भी निरीक्षण के समय उपस्थित रहीं।

प्रशासक ने स्नेहालय में रह रही बच्चियों से संवाद कर उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और दैनिक गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने बालिका गृह के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण करते हुए बच्चों की देखभाल, सुरक्षा, पोषण और समग्र विकास से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा की और बाल देखभाल सेवाओं में लगे कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की।

इसके बाद प्रशासक ने परिसर में संचालित नारी निकेतन, शक्ति सदन, आफ्टर केयर होम फॉर गर्ल्स और वन स्टॉप सेंटर का भी दौरा किया। यहां उन्होंने सभी निवासियों से बातचीत कर उनकी दिनचर्या के बारे में जाना और कहा कि सभी महिलाओं को रचनात्मक एवं सार्थक गतिविधियों से जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने नारी निकेतन की महिलाओं द्वारा किए गए कला एवं हस्तशिल्प कार्य की प्रशंसा की और सभी निवासियों को कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने सेक्टर-26 स्थित ब्लाइंड इंस्टीट्यूट का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बुनियादी ढांचे और स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा की। उन्हें ब्रेल लिपि आधारित शिक्षण प्रणाली की जानकारी दी गई और उन्होंने कंप्यूटर लैब का भी दौरा किया, जहां दृष्टिबाधित छात्र विशेष सॉफ्टवेयर की मदद से कंप्यूटर का उपयोग कर रहे हैं। प्रशासक ने दृष्टिबाधित व्यक्तियों की शिक्षा, कौशल विकास और पुनर्वास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर नारी निकेतन के निवासियों, स्नेहालय की बच्चियों तथा ब्लाइंड इंस्टीट्यूट के छात्रों और स्टाफ ने प्रशासक का गर्मजोशी से स्वागत किया।

### गुरु गोबिंद सिंह का जीवन समस्त मानव जगत के लिए प्रेरणादायकः रामचंद्र जडौला

**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** पूर्व डायरेक्टर हैफेड एवं प्रसिद्ध समाजसेवी रामचंद्र जडौला ने कहा कि दशम पिता साहिब खालसा पंथ के संस्थापक श्री गुरु गोबिंद सिंह जी एक महान योद्धा थे, जिन्होंने अपने जीवनकाल में हमेशा दमन, अधर्म व भेदभाव के खिलाफ लड़ाई लड़ी और गुरु जी की 3 पीढ़ियों ने देश-धर्म की रक्षा के लिए महान बलिदान दिया। नई अनाज मंडी ढांड में अपने प्रतिष्ठान पर बातचीत दौरान गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर उन्हें नमन करते हुए रामचंद्र जडौला ने कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का जीवन समस्त मानव जगत के लिए प्रेरणादायक है, जो हमें धर्म के मार्ग पर चलने की शिक्षा देता है। हमें सदैव प्रेरणा देता है। श्री गुरु गोबिंद सिंह जी एक महान दार्शनिक, प्रख्यात कवि, निडर एवं निर्भीक योद्धा, महान लेखक, युद्ध कौशल और संगीत के पारखी भी थे। जिन्होंने अपना पूरा जीवन मानवता की भलाई व धर्म की रक्षा में समर्पित कर दिया। समाजसेवी रामचंद्र जडौला ने कहा कि श्री गुरु गोबिंद जी ने अन्याय, अधर्म और अत्याचारों के खिलाफ और उत्पीड़ित जनता की भलाई के लिए बलिदान दिया, जो एक महान बलिदान है।

# मुख्यमंत्री नायब सैनी से की वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने शिष्टाचार भेंट

प्रदेश के विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा संगठनात्मक विषयों पर हुई चर्चा

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 5 जनवरी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुख्यमंत्री निवास चंडीगढ़ में हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ने शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें प्रदेश के विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। भेंट के दौरान भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पानीपत प्रभारी अशोक गुर्जर ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को अपने जिला कैथल के क्षेत्र से जुड़े विभिन्न जनहित के मुद्दों से अवगत कराया। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, रोजगार और ग्रामीण विकास से संबंधित विषयों पर अपने विचार साझा किए तथा आम जनता की अपेक्षाओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। इसके साथ ही उन्होंने हरियाणा सरकार द्वारा आमजन के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और नीतियों की सराहना भी की। मुख्यमंत्री नायब सैनी का स्वागत करते हुए अशोक गुर्जर ने कहा कि प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र पर कार्य कर रही है। सरकार जनता से जुड़े प्रत्येक मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। अशोक गुर्जर ने कहा कि हरियाणा को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए नायब सरकार निरंतर प्रयासरत है और इसमें जनप्रतिनिधियों व संगठन के वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### नीलम यूनिवर्सिटी के वीसी सम्मानित



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल के कुलपति प्रो. डॉ. शमीम अहमद को 46वीं विश्व प्रबंधन कांग्रेस के दौरान राष्ट्रीय सामाजिक नवाचार एवं समावेशन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन इंडिया इंटरनेशनल सेंटर नई दिल्ली में आयोजित हुआ जिसका प्रायोजन इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एजुकेटर्स फॉर वर्ल्ड पीस द्वारा किया गया। यह सम्मान सामाजिक नवाचार, समावेशी विकास और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान का प्रतीक है। यह जानकारी विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉक्टर मनोज कुमार ने दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय चेयरमैन संदीप चहल ने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय परिवार के लिए प्रेरणा और गौरव का विषय है।

### एनएसएस का सात दिवसीय शिविर समाप्त




**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** माइलस्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन एक अत्यंत प्रेरणादायक, भावनात्मक एवं गरिमामय समारोह के साथ सम्पन्न हुआ। यह शिविर न केवल सामाजिक सेवा का माध्यम बना, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्रप्रेम को नई दिशा देने वाला सिद्ध हुआ। समापन समारोह की शोभा जिला एनएसएस समन्वयक विजेंदर की उपस्थिति से और अधिक बढ़ गई। विजेंदर ने कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों को समाज के प्रति संवेदनशील, जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनाते हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों के अनुशासन, समर्पण एवं सक्रिय सहभागिता की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज का युवा ही कल के सशक्त भारत की नींव है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अतुल शर्मा ने कहा कि एनएसएस जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में सेवा, सहयोग, करुणा और नेतृत्व के संस्कार विकसित करते हैं। यह शिविर विद्यार्थियों के जीवन में स्थायी सकारात्मक प्रभाव छोड़ेगा। समापन दिवस पर सूबेदार प्रताप द्वारा अग्नि सुरक्षा पर आयोजित विशेष प्रशिक्षण सत्र ने विद्यार्थियों को आपातकालीन परिस्थितियों में सतर्कता, प्राथमिक उपायों तथा अग्निशामक यंत्रों के प्रयोग की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर स्कूल एनएसएस यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी प्रशांत कुमार भी उपस्थित रहे। सात दिवसीय कार्यक्रम की समापन रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए उन्होंने बताया कि शिविर के अंतर्गत स्वच्छता अभियान, जागरूकता रैलियां, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा सत्र, व्यक्तित्व विकास कार्यशालाएं, सामुदायिक सेवा एवं सांस्कृतिक गतिविधियां सफलतापूर्वक आयोजित की गईं।

## नशे और जुए का गढ़ बनता सनेहित सरोवर अंधेरे की आड़ में फल-फूल रहा अवैध कारोबार

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा

**कुरुक्षेत्र, 5 जनवरी।** धार्मिक-सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा सनेहित सरोवर आज प्रशासनिक लापरवाही का जीता-जागता उदाहरण बनता जा रहा है। शाम ढलते ही यह पवित्र स्थल शराबियों, नशेड़ियों और जुआरियों का सुरक्षित ठिकाना बन जाता है। सरोवर परिसर में प्रकाश व्यवस्था के अभाव ने असामाजिक तत्वों को खुली छूट दे दी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि रात होते ही सरोवर क्षेत्र में खुलेआम शराबखोरी, नशीले पदार्थों का सेवन और जुए की गतिविधियां शुरू हो जाती हैं। कई बार नशे के सौदे होते देखे गए हैं, जिससे यह स्थान अवैध कारोबार का केंद्र बनता जा रहा है। अंधेरे का फायदा उठाकर ये तत्व न केवल कानून को ठेंगा दिखा रहे हैं, बल्कि सामाजिक माहौल को भी ज़हरीला बना रहे हैं।

नशे की हालत में उत्पात मचाने के कारण महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों का सरोवर की ओर जाना लगभग बंद हो चुका है। सरोवर के आसपास गंदगी, टूटी बोतलें और आपत्तिजनक सामग्री मिलना आम बात हो गई है, जो प्रशासनिक निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि कई बार मौखिक और लिखित शिकायतें किए जाने के बावजूद न तो स्थायी लाइट व्यवस्था की गई और न ही पुलिस या सुरक्षा कर्मियों की नियमित गश्त सुनिश्चित हुई। अंधेरे और लापरवाही ने मिलकर नशेड़ियों को संरक्षण जैसा माहौल दे दिया है।

# जीरकपुर-शिमला हाईवे पर होटल में पुलिस की रेड, छह युवतियां रेस्क्यू, मैनेजर गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा






**जीरकपुर, 5 जनवरी।** जीरकपुर-शिमला हाईवे पर चल रहे एक होटल में सोमवार देर रात पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए देह व्यापार के धंधे का भंडाफोड़ किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि होटल में अनैतिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। सूचना के आधार पर एएसपी गजलप्रीत की अगुआई में पुलिस टीम ने देर रात होटल पर छापा मारा।

रेड के दौरान होटल से छह युवतियों को रेस्क्यू किया गया, जिन्हें कथित तौर पर देह व्यापार के लिए मजबूर किया जा रहा था। मौके से होटल मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी मैनेजर के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रेड के बाद होटल को सील कर दिया गया है।

एएसपी गजलप्रीत कौर ने बताया कि पुलिस को लगातार शिकायतें और इनपुट मिल रहे थे, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि जीरकपुर क्षेत्र में अब तक 12 से 15 स्पा सेंटरों और होटलों पर पुलिस की ओर से रेड की जा चुकी है। इन कार्रवाइयों के दौरान 50 से अधिक युवतियों को रेस्क्यू किया गया है। जिन स्पा सेंटरों और होटलों में अनैतिक गतिविधियां पाई गई, उन्हें सील कर दिया गया है।

## 8 जनवरी को महिला एवं बाल विकास विभाग सजाएगा खेलकूद प्रतियोगिता का दंगल

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला



**कलायत, 5 जनवरी।** कलायत में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 8 जनवरी को खेलकूद प्रतियोगिता का दंगल सजाया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीडीपीओ शशिबाला पचार द्वारा की जाएगी। सीडीपीओ ने बताया कि महिला सशक्तिकरण, खेल भावना और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभाग द्वारा शिक्षा भारती स्कूल मैदान में महिला खेल-कूद प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में कलायत ब्लॉक के अधीन आने वाले विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़ी महिलाएं एवं युवतियां भारी संख्या में भाग लेंगी। इस प्रकार के खेल सही मायने में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं और युवतियों को खेल के माध्यम से आत्मनिर्भर व आत्मविश्वासी बनाने का महत्वपूर्ण जरिया हैं। तय रूप रेखा अनुसार प्रतिभागियों को आयु वर्ग के आधार पर दो श्रेणियों जाएगा। इसके तहत 30 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग के लिए डिस्कस थ्रो, म्यूजिकल चेयर व 100 मीटर दौड़। जबकि 30 वर्ष से नीचे आयु वर्ग के लिए 300 मीटर, 400 मीटर दौड़ व 5 किलोमीटर साइकिल दौड़ आयोजित की जाएंगी। विजेता खिलाड़ियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के अनुसार क्रमशः 2100, 1100 और 750 की नकद राशि के साथ सम्मानित किया जाएगा। शशीबाला पचार ने खेल प्रतियोगिता में ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को हिस्सा लेने की अपील की।

### नगर पालिका के पूर्व प्रधान स्वर्गीय रमेश सिंगला के निधन पर जताया दुख

**कलायत (अप्रस/कपिल देव)।** जननायक जनता पार्टी (जजपा) प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला सोमवार को कलायत में नगर पालिका के पूर्व प्रधान स्वर्गीय रमेश सिंगला के निधन पर दुख प्रकट करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने हलका अध्यक्ष सेवा सिंह बालू, युवा जिला अध्यक्ष संपूर्ण कोयल, पूंडरी विधानसभा से प्रत्याशी रहे राजू पाई, मा.सुरेश राणा व दूसरे पदाधिकारी चौटाला के साथ मौजूद रहे। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि सही मायने में रमेश सिंगला ने अपना संपूर्ण जीवन समाज को समर्पित किया। वे एक सशक्त संस्था की तरह कार्य करते रहे और स्थानीय स्तर से लेकर प्रदेश की राजनीति तक उनकी सक्रिय भूमिका सदैव सराहनीय रही। चौटाला ने स्वर्गीय रमेश सिंगला के भतीजे हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन प्रांतीय कोषाध्यक्ष एवं पार्षद संजय सिंगला सहित परिवारजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। उन्हें इस कठिन समय में ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि रमेश सिंगला का जाना न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है।

## महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं: निधि मोहन

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश




**कैथल, 5 जनवरी।** मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पूंडरी में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय कैंप के समापन अवसर पर सुप्रसिद्ध समाजसेविका निधि मोहन और प्रधानाचार्य गिरधारी लाल शर्मा ने मां सरस्वती देवी पर दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उसके बाद स्वयंसेविकाओं द्वारा वन्दे मातरम् गीत और एनएनएस का गीत गाया। इसके बाद कार्यक्रम अधिकारी सुनील दत्त आत्रेय ने राष्ट्रीय एकता और अखंडता के विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेविका तृषा और साहिन ने किया। स्वागत गीत अंशुल एण्ड पार्टी द्वारा गाया गया। शिविर का वृत्तचित्र भावना और मुस्कान ने प्रस्तुत किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम से स्वयंसेविकाओं ने अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कुमारी हीना द्वारा ओ देश मेरे गीत गुनगुनाया। सोलो डांस अंकिता और ग्रुप डांस ईशिका एण्ड पार्टी ने प्रस्तुत किया। मुखयातिथि निधि मोहन ने स्वयंसेविकाओं को अभिप्रेरित करते हुए कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं है। हर क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों से आगे हैं। प्रधानाचार्य गिरधारी लाल शर्मा ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों का सामाजिक विकास करना है ताकि निस्वार्थ भाव से की गई समाज की सेवा ही विद्यार्थियों के चरित्र का निर्माण करती है। उन्होंने कार्यक्रम अधिकारी और उसके सहयोगी दल की भी प्रशंसा की। कार्यक्रम अधिकारी सुनील दत्त आत्रेय ने शिविर में उपस्थित सभी अतिथियों और स्वयंसेवकों का शिविर के सफल समापन पर धन्यवाद किया। इस अवसर पर दिव्या गोयल, सुशील सैनी, बृजेश कुमार, उमेश गुप्ता, वीरेंद्र जाबा, नवीन टाया आदि उपस्थित थे।

# करनाल की बेटी की यमुनानगर में रहस्यमय मौत, ससुराल पक्ष पर हत्या का मामला दर्ज

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 5 जनवरी।** करनाल के प्रतिष्ठित जैन परिवार की बेटी की यमुनानगर में रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका वंशिका गोयल (40) यमुनानगर जिले में रिटायर्ड डिप्टी सीएमओ की बहू थी। मायके पक्ष की शिकायत पर जगाधरी सिटी थाना पुलिस ने पति सहित चार ससुरालजनों के खिलाफ हत्या और सबूत मिटाने का मामला दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार गुलाब नगर स्थित रिटायर्ड डिप्टी सीएमओ डॉ. अरुण गोयल के घर रविवार को वंशिका का शव बाथरूम में फंदे से लटका मिला। ससुराल पक्ष ने इसे आत्महत्या बताया और पुलिस व मायके पक्ष को सूचना दी। वहीं करनाल से पहुंचे मायके वालों ने इसे हत्या बताते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। देर रात पुलिस ने पति करण गोयल, ससुर डॉ. अरुण गोयल, सास डॉ. मधु गोयल और देवर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की।

मृतका के पिता एवं समाजसेवी अशोक जैन ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी को विवाह के बाद से ही मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। उन्होंने बताया कि 2006 में बेटी रितु जैन का विवाह करण गोयल से हुआ था, जिसके बाद उसका नाम बदलकर वंशिका गोयल रख दिया गया। अशोक जैन का कहना है कि बेटी कई वर्षों तक उत्पीड़न सहती रही और तीन दिन पहले हुई अंतिम बातचीत में भी उसने परेशान किए जाने की बात कही थी।

परिजनों का आरोप है कि वंशिका की गला घोंटकर हत्या की गई और बाद में शव को फंदे पर लटकाकर आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया। शव के गले पर संदिग्ध निशान मिलने का भी दावा किया गया है।

सोमवार को जगाधरी सिविल अस्पताल में डॉक्टरों के पैनल द्वारा पोस्टमॉर्टम किया जा रहा है। परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी तक शव न उठाने की चेतावनी दी है। थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच जारी है और मौत का वास्तविक कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगा।

# हरियाणा विधान सभा की अनुसूचित जातियों, जनजातियों तथा पिछड़े वर्गों के कल्याण संबंधी समिति ने चेयरमैन भगवानदास कबीरपंथी की अगुवाई में किया कैथल का दौरा

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 5 जनवरी।** अनुसूचित जातियों, जनजातियों तथा पिछड़े वर्गों के कल्याण संबंधी समिति के चेयरमैन भगवान दास कबीरपंथी ने कमेटी के अन्य सदस्यों एवं अधिकारियों के साथ गांव टीक में पहुंचे थे। चेयरमैन के साथ कालोनी में पहुंचे प्रशासनिक अमले को लेकर बस्ती के लोग कमेटी के सदस्यों के पास झुण्ड बनाकर पहुंचखाए। बस्ती के लोगों ने कमेटी पर सवाल दागने शुरू कर दिए। इसी बीच पूंडरी विधायक सतपाल जांबा बोले आप ऐसे मत करो, कोई व्यक्ति अपनी समस्याएं बताएं। इसी बीच एक महिला बोलीः साहब जी! आप पहले आए थे, कहकर गए थे सब ठीक हो जाएगा, लेकिन कुछ नहीं हुआ। आपने कहा कि हमें लिखकर दो, हमारे कागजों पर सभी के अगूंठे लगवाकर भी दिए थे। महिलाओं ने कहा कि हमारे गरीबों की तरफ भी ध्यान दो साहब जी। विधायक सतपाल जांबा बोले, हम सभी इसीलिए आए हैं। चेयरमैन भगवान दास कबीरपंथी ने दैनिक ट्रिब्यून संवादाता के सामने माना कि बस्ती में बिजली, पानी यहां तक की शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा भी है। उन्होंने कहा कि सभी समस्याओं को दूर कर सबका समाधान किया जाएगा। इसके बाद चेयरमैन भगवान दास कबीरपंथी ने जिला सचिवालय के सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उनके साथ पहुंचे समिति के पांच सदस्य विधायकों एवं पूंडरी से विधायक सतपाल जांबा ने अनुसूचित जातियों, जनजातियों एवं पिछड़ा वर्ग से संबंधित योजनाओं की धरातल पर क्रियान्वयन को लेकर गहन समीक्षा की। साथ ही एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज मामलों में पीड़ितों को सहायता राशि देने सहित दोषियों को सजा दिलवाने बारे चर्चा की। बैठक के बाद समिति सदस्यों ने गांव टीक में बनाई गई महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती का दौरा कर लोगों की समस्याएं जानीं और उनके समाधान के निर्देश जारी किए। बैठक में पहुंचने पर डीसी अपराजिता ने समिति की अगुवाई कर रहे विधायक भगवानदास कबीरपंथी सहित सभी विधायकों का स्वागत किया।

### निर्धारित समय में किया जाए मुआवजे का भुगतान

ऐसे मामलों में एफआईआर समय पर दर्ज होनी चाहिए और उसकी सूचना जिला कल्याण विभाग को तुरंत मिल जानी चाहिए। इसी प्रकार पीड़ित व्यक्तियों को मुआवजे का भुगतान निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान समिति ने जनवरी 2022 से जुलाई 2025 तक के मामलों में मुआवजे के वितरण और सजा की दर की भी समीक्षा की। उन्होंने पुलिस, जिला न्यायवादी एवं जिला समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को आपसी तालमेल एवं समन्वय के साथ काम करते हुए पीड़ितों को राहत एवं न्याय दिलवाने के निर्देश जारी किए। विधानसभा द्वारा पारित बजट के सही उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए समिति ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। चेयरमैन ने कहा कि जिला स्तरीय कमेटी की बैठक नियमानुसार आयोजित की जाए और उसमें इन मामलों पर गहन चर्चा की जाए। जो भी रिपोर्ट तैयार की जाए वो तथ्यों एवं आंकड़ों पर आधारित होनी चाहिए। विशेष रूप से कंपोनेंट प्लान के तहत आबंटित राशि के उपयोग और लंबित आवेदनों पर चर्चा की गई। बैठक में समिति सदस्य पटौदी से विधायक बिमला चौधरी, शाहबाद से विधायक राम करण, कालांवाली से विधायक शीशपाल सिंह, बावल से विधायक डॉ. कृष्ण कुमार, खरखौदा से विधायक पवन खरखौदा उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त पूंडरी विधायक सतपाल जांबा भी विशेष रूप से मौजूद रहे। विधायक जांबा ने भी विभिन्न विभागों से जुड़ी योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट ली और आवश्यक निर्देश जारी किए। इस अवसर पर डीसी अपराजिता, पुलिस अधीक्षक उपासना, एडीसी डा. सुशील कुमार, सीईओ जिला परिषद सुरेश राविश, डीएमसी कपिल शर्मा और विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारियों ने भाग लिया और समिति के समक्ष अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक के बाद एडीसी डा. सुशील कुमार, सीईओ जिला परिषद सुरेश राविश ने समिति के सभी सदस्यों को, एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी सीमा ने विधानसभा के उप-सचिव कंवर, सेवा विभाग के संयुक्त निदेशक जयप्रकाश, उप-निदेशक वंदना सहित विधानसभा के अधीक्षक राजेंद्र कुमार को शॉल भेंट कर सम्मानित किया।

# तीनों नगर निगमों में अब मेयर के ड्रॉ पर टिकी निगाह, पंचकूला में ड्रा अगले हफ्ते

**तीन जिलों में कमेटियां गठित, पंचकूला में महापौर पद पर बीसी-बी के लिए आरक्षण के लिए पार्टियों में भागदौड़ शुरू**




अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला, 5 जनवरी।** पंचकूला, अंबाला और सोनीपत में नगर निगमों के महापौर पद पर बीसी-बी के लिए आरक्षण के लिए राजनीतिक पार्टियों में भागदौड़ शुरू हो गई है। नगर निगम चुनाव को लेकर वार्डबंदी फाइनल होने के बाद अब मेयर सीट की रिजर्वेशन भी जल्द फाइनल हो जाएगी। निगमों के साथ रेवाड़ी नगर परिषद, रोहतक की सांपला नगर पालिका और हिसार की उकलाना नगर पालिका का कार्यकाल भी समाप्त हो गया है। पंचकूला के डीसी ने 7 जनवरी को मीटिंग बुलाई है। उम्मीद जताई जा रही है कि इस बैठक में ही वार्ड रिजर्व करने के लिए गाइडलाइंस बना कर इसी दिन ड्रा भी हो जाए। उधर, साल 2026 में 3 नगर निगमों, नगर परिषद समेत 2 नगर पालिकाओं के चुनाव प्रस्तावित हैं। सूत्रों का कहना है कि हरियाणा चुनाव आयोग की तरफ से ड्रा ऑफ लाट शैडयूल अगले सप्ताह तय किया जाएगा। फिलहाल, हरियाणा चुनाव आयोग की तरफ से धोरूहेड़ा, रोहतक की सांपला नगर पालिका और हिसार की उलाना नगर पालिका की कमेटियों का गठन कर दिया गया है। अगले सप्ताह तक तीन नगर निगमों की कमेटियां ड्रा ऑफ लाट घोषा करेंगी। पंचकूला में आरक्षण ड्रा ऑफ लाट में विलंब होने की वजह भी यही मानी जा रही है। हालांकि, विश्वसनीय सूत्रों की मानें तो चुनाव आयोग भी इन सभी चुनावों को लेकर अपनी रूपरेखा बनाने में जुटा हुआ है।

पंचकूला की बात करें तो मेयर कुलभूषण गोयल का कार्यकाल 5 जनवरी को समाप्त हो गया। तीनों नगर निगमों में अब मेयर के ड्रॉ पर निगाह टिक गई है। अंबाला, पंचकूला और सोनीपत में मेयर की सीट किस वर्ग के लिए आरक्षित होगी, इसकी चर्चाएं तेज हो गई हैं। चूंकि मेयर का चुनाव जनता सीधे करती है, इसलिए आरक्षण का यह ड्रॉ तय करेगा कि मुकाबला किस दिशा में जाएगा। हालांकि, राजनीतिक विश्लेषक बताते हैं कि मेयर पद का आरक्षण घोषित होते ही तस्वीर साफ हो जाएगी और मुकाबला दिलचस्प हो सकता है। फिलहाल अंबाला महिला, सोनीपत व पंचकूला सामान्य जाति के लिए आरक्षित है। हरियाणा में नगर निगमों में मेयर व पार्षदों का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से जनता द्वारा किया जाता है। मतदाता मेयर पद के लिए सीधे वोट डालते हैं। इन तीनों शहरों में एक शहर का महापौर पद इस बार बैकवर्ड क्लास-बी (बीसी-बी) के लिए आरक्षित किया जाना है। ऐसे में शहरी स्थानीय निकाय की तरफ से मेयर पद के लिए आरक्षण ड्रा ऑफ लाट की एक साथ घोषणा हो सकती है।

### महिला आरक्षित वार्डों को लेकर असमंजस

पंचकूला में अभी से ही महिला आरक्षित वार्डों को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है, मगर राजनीतिक पार्टियों ने अपनी गोटियां अभी से फिट करनी शुरू कर दी हैं। पंचकूला, अंबाला और सोनीपत में से एक शहर का महापौर पद पर बीसी-बी के लिए आरक्षण के लिए पार्टियों में भागदौड़ शुरू हो गई है। इस श्रेणी के पंचकूला के वार्डों में बीसी-बी श्रेणी में अहीर/यादव, गुर्जर, मेव, मौर्य, लोध, लोधी, लोधा, सैनी और गोसाई समेत कई जातियों के प्रत्याशियों की खोजबीन जारी है। ऐसे में इन तीनों शहरी निकायों के चुनाव भी नगर निगमों के चुनाव के साथ हो सकते हैं। माना जा रहा है कि तीनों चुनावों की तैयारियों को लेकर यूएलबी और चुनाव आयोग द्वारा किए जा रहे मंथन के चलते पंचकूला नगर निगम का चुनाव की घोषणा नया साल चढ़ते ही जनवरी के बाद कभी हो सकती है।

### पंचकूला में 7 वार्ड होंगे आरक्षित

राज्य के तीनों नगर निगमों सोनीपत, अंबाला और पंचकूला में 20-20 वार्ड हैं। शहरी निकाय विभाग की तरफ से तीनों नगर निगमों में आरक्षण के हिसाब से वार्डों की संख्या जारी कर दी है। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया गया है। गत सितंबर माह में यूएलबी द्वारा जारी की गई नोटिफिकेशन के मुताबिक अंबाला व पंचकूला में 7 तथा सोनीपत में 8 वार्ड सामान्य जाति की महिला के लिए आरक्षित होंगे, जबकि अनुसूचित जाति महिला, बीसी-ए, बीसी-ए महिला, बीसी-बी और बीसी-बी महिला के लिए भी वार्डों की संख्या निर्धारित कर दी गई है। भाजपा सरकार ने शहरी निकाय के चुनाव में आरक्षण का प्रावधान किया था।

## मेयर की विदाई पार्टी में बना चुनावी ताना-बाना

### कुलभूषण गोयल बोले-चुनावों में भी बनेगा भाजपा का मेयर

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा



**पंचकूला।** पंचकूला नगर निगम में महापौर कुलभूषण गोयल सहित पार्षदों के लिए विदाई पार्टी हुई, जिसमें चुनावी ताना-बाना बुना गया। इस पार्टी में नगर निगम आयुक्त आरके सिंह ने सभी पार्षदों को स्मृति चिन्ह भेंट किया और उनके द्वारा पंचकूला के विकास के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। आरके सिंह ने कहा कि पंचकूला एक खूबसूरत, सुंदर एवं स्वच्छ शहर है। यहां के विकास की गति को और तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। बता दें कि 4 जनवरी 2021 को पंचकूला नगर निगम के मेयर सहित पार्षदों ने शपथ ली थी और 4 जनवरी 2026 को इनका कार्यकाल समाप्त हो गया। अब नगर निगम की बागडोर आयुक्त आरके सिंह के हाथों में है। शहर के विकास के लिए उनके द्वारा सभी कार्य करवाए जाएंगे। नगर निगम के चुनाव अप्रैल महीने के बाद ही होने की संभावना है। महापौर कुलभूषण गोयल ने सभी पार्षदों, नगर निगम आयुक्त एवं अन्य अधिकारियों सहित आम जनता का आभार व्यक्त किया और कहा कि पंचकूला के विकास के लिए जितना समय मिला, उसमें मैंने शत-प्रतिशत देने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि आने वाले नगर निगम चुनावों में भी भाजपा का मेयर और पार्षद चुनकर आएंगे और शहर के विकास को और तेज गति देंगे। कुलभूषण गोयल ने भाजपा हाईकमान का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उन्हें जनता की सेवा करने का मौका दिया। इस अवसर पर सभी पार्षदों ने महापौर द्वारा पिछले 5 वर्षों में करवाए गए विकास कार्यों की सराहना की।

# चंडीगढ़ में नाइट शेल्टर पर करोड़ों खर्च पर उठे सवाल, स्थायी व्यवस्था की मांग

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 5 जनवरी।** चंडीगढ़ में हर साल सर्दियों के दौरान बेघरों के लिए लगाए जाने वाले अस्थायी नाइट शेल्टरों पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाने को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। शहर की विभिन्न एसोसिएशनें व जनता इस खर्च को सार्वजनिक धन की बर्बादी बताते हुए प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग कर रही है। नगर निगम द्वारा इस वर्ष भी 8 से 9 अस्थायी नाइट शेल्टरों के संचालन के लिए फरवरी 2026 तक करोड़ों रुपये की स्वीकृति (एओसी)जारी की गई है। इसके साथ ही 15 नवंबर 2025 को 31 लाख रुपये का एक अलग एओसी भी जारी की गई, जिसमें नाइट शेल्टरों की मरम्मत, चार रेन शेल्टरों का निर्माण तथा ट्रक यूनियन क्षेत्र में स्थान की मरम्मत शामिल है। हैरानी की बात यह है कि इस कार्य को तीन महीने में पूरा किया जाना है, जबकि ठेकेदार ने अब तक बैंक गारंटी भी जमा नहीं कराई है। पिछले कई वर्षों से प्रशासन का ध्यान इस ओर दिलाया जा रहा है और सुझाव दिया जा रहा है कि हर साल अस्थायी शेल्टरों पर खर्च होने वाली करीब 1.5 करोड़ रुपये की राशि को स्थायी भवनों के निर्माण या उपयोग में लाया जाना चाहिए। सुझाव दिया गया कि पीजीआई स्थित गुरुद्वारा या इंफोसिस फाउंडेशन द्वारा बनाई गई सराय को सर्दियों के तीन महीनों के लिए नाइट शेल्टर के रूप में चिन्हित किया जा सकता है। इसी तरह सेक्टर-32 स्थित जीएमसीएच की सराय और अन्य क्षेत्रों में धार्मिक संस्थाओं के बड़े हॉल किराये पर लेकर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं। शहर की संस्था सैकेंड इनिंग्स एसोसिएशन (एसआईए) ने इसको लेकर सवाल उठाया कि मरम्मत का टेंडर 15 नवंबर को इतनी देरी से क्यों जारी किया गया, जबकि इसका काम सर्दियां खत्म होने के बाद पूरा होगा। इसके बाद ये शेल्टर करीब 10 महीने तक खाली पड़े रहेंगे और अगले साल फिर मरम्मत की जरूरत पड़ सकती है। एसआईए के अध्यक्ष आर.के. गर्ग ने बताया कि उनकी संस्था लगातार प्रशासनिक अव्यवस्थाओं पर और उनके कामकाज के तौर तरीकों पर सवाल उठा रही है लेकिन प्रशासन के कान पर जूं नहीं रेंग रही। नगर निगम के चीफ इंजीनियर की जिम्मेदारी संभाले प्रशासन के चीफ इंजीनियर सीबी ओझा से इसको लेकर बातचीत करनी चाही लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## चंडीगढ़ में बेघरों के लिए 8 स्थानों पर अस्थायी वॉटरप्रूफ नाइट शेल्टर, 1.63 करोड़ की परियोजना मंजूर



**चंडीगढ़।** कड़ाके की सर्दी के मद्देनजर चंडीगढ़ प्रशासन ने बेघर लोगों के लिए बड़ी राहत का कदम उठाया है। नगर निगम चंडीगढ़ द्वारा यूटी के आठ अलग-अलग स्थानों पर अस्थायी वॉटरप्रूफ नाइट शेल्टर स्थापित करने का कार्य आवंटित कर दिया गया है। यह व्यवस्था 1 दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक, कुल तीन माह के लिए की जाएगी। नगर निगम की रोड्स डिवीजन नंबर-3 के कार्यकारी अभियंता की ओर से जारी आदेश के अनुसार यह कार्य मैसर्स बीएंडएल प्रोजेक्ट कंस्ट्रक्शंस प्राइवेट लिमिटेड , श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) को सौंपा गया है। यह कार्य टेंडर आईडी 2025 एमसीसी 88819-1 (दिनांक 30.10.2025) के तहत आवंटित किया गया है। इस परियोजना की कुल लागत करीब 1.63 करोड़ (1,63,27,486.97) निर्धारित की गई है, जो एनआईटी राशि से 2.31 प्रतिशत कम है। एजेंसी द्वारा 7,97,600/- की परफॉर्मेंस बैंक गारंटी एचडीएफसी बैंक के माध्यम से जमा करवाई गई है, जिसकी वैधता 20 अगस्त 2026 तक है।

### जर्मन हैंगर शेड से होंगे नाइट शेल्टर

परियोजना के तहत मॉड्यूलर, पोर्टेबल जर्मन हैंगर शेड लगाए जाएंगे, जिनका आकार 6 मीटर स्पैन और 15 मीटर लंबाई का होगा। ये शेल्टर एल्युमिनियम फ्रेम से बने होंगे और चारों ओर से वॉटरप्रूफ, फायर रिटार्डेंट, यूवी स्टेबलाइज्ड पीवीसी फैब्रिक से कवर किए जाएंगे। शेल्टरों में फोल्डेबल साइड कवर, जंग-रहित फिटिंग, वेल्क्रो, रस्सियां और डी-रिंग्स लगाए जाएंगे। इसके साथ ही फायर सेफ्टी उपकरण, अंदर-बाहर लाइटिंग व्यवस्था, अस्थायी बिजली कनेक्शन और पीने के पानी की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

### प्रतिदिन के हिसाब से दरें तय

नाइट शेल्टर की आपूर्ति, स्थापना और संचालन के लिए 1620 यूनिट (डे) की दर से 5760 प्रति शेल्टर प्रतिदिन निर्धारित की गई है। इस मद में कुल राशि 93,31,200 आंकी गई है। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, यह कदम सर्दी के मौसम में बेघर नागरिकों को सुरक्षित और मानवीय आश्रय प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। सभी कार्य इंचार्ज इंजीनियर की संतुष्टि के अनुसार पूरे किए गये हैं।

### बेहतर काम कर रही स्वयंसेवी संस्थाओं के मॉडल को अपनाये नगर निगमः आरके गर्ग



सैकेंड इनिंग्स एसोसिएशन के प्रधान आरके गर्ग ने कहा कि कुछ स्वयंसेवी संस्थाएं सीमित अवधि के लिए बेहतर सुविधाओं के साथ नाइट शेल्टर चला रही हैं, जहां गर्म पानी और सुबह चाय जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। ऐसे मॉडल को अपनाकर नगर निगम कम खर्च में अधिक मानवीय और प्रभावी व्यवस्था कर सकता है। एसोसिएशन ने चंडीगढ़ प्रशासन और नगर निगम से अपील की है कि सार्वजनिक धन का उपयोग जरूरतमंदों के दीर्घकालिक कल्याण के लिए किया जाए, न कि हर साल अस्थायी और अल्पकालिक इंतजामों पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाएं।

### हर सेक्टर के मार्केट के बरामदे में गरीब,स्थाई व्यवस्था संभव नहीं: अरुण सूद



प्रशासन या नगर निगम कुछ ऐसी व्यवस्था कर सकता है कि किसी ठेकेदार को कुछ वर्षों के लिये ठेका दे दे और उसे ही समुची व्यवस्था करने की जिम्मेदारी दी जाए कि सब सुविधायें रैन बसेरों में उपलब्ध करानी हैं। इससे एक ही ठेकेदार की जिम्मेदारी तय हो जाएगी। जहां तक बात है। कम्युनिटी सेंटरों या किसी स्थाई जगह पर रैन बसरों के लिये खर्चा करने की तो वह व्यवस्था होनी मुश्किल है क्योंकि हर सैक्टर में ही तीन चार दर्जन गरीब रिक्शावाले या अन्य गरीब लोग शोरूमों के बाहर बरामदों में बसेरा किये रहते हैं। सर्दियों में इनकी अस्थाई व्यवस्था का प्रबंध करना जरूरी है।

### खर्च और व्यवस्था (2022-2025)

| सर्दी मौसम | अनुमानित खर्च | शेल्टर संख्या | क्षमता | प्रमुख सुविधाएँ |
|---|---|---|---|---|
| 2022-23 | 1.63 करोड़ | 10 | 450 | कंबल, हीटर, सीसीटीवी |
| 2023-24 | 1.33 करोड़ | 7-8 | 450 | बिस्तर, पानी, बिजली |
| 2024-25 | 1.6 करोड़ | 8 | (18 छोटे शेल्टर)450 | हीटर्स, सुरक्षा |
| 2025-26 | 1.63 करोड़ (टेंडर) | 8 | 450 | हीटर्स, बिस्तर, सुरक्षा |

## चंडीगढ़ में रैन बसेरों की व्यवस्थाओं का राज्यपाल ने लिया जायजा

### कड़ाके की ठंड में बेघरों को हर सुविधा देने के निर्देश



पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने रविवार को शहर में बेघरों और जरूरतमंदों के लिए बनाए गए रैन बसेरों का निरीक्षण किया। उन्होंने जीएमसीएच सेक्टर-32, जीएमएसएच सेक्टर-16, पीजीआईएमईआर सेक्टर-12 और अंतरराज्यीय बस टर्मिनल (आईएसबीटी) सेक्टर-17 स्थित नाइट शेल्टरों का दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान प्रशासक ने ठंड को देखते हुए स्थापित अस्थायी रैन बसेरों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने बिस्तर, गद्दे, कंबल, पीने के पानी, बिजली, रोशनी, शौचालय, साफ-सफाई और समग्र व्यवस्था की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने चंडीगढ़ प्रशासन और एसएसपी को निर्देश दिए कि सर्दी के मौसम में बेघर और जरूरतमंद लोगों को पर्याप्त कंबल वितरित किए जाएं, ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड से परेशान न हो। राज्यपाल ने रैन बसेरों में ठहरे लोगों से बातचीत भी की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि यहां रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा, सुरक्षा और सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि समाज के सबसे कमजोर वर्गों का कल्याण चंडीगढ़ प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने रैन बसेरों की नियमित निगरानी, वहां की साफ-सफाई और रखरखाव पर विशेष जोर दिया तथा नगर निगम, स्वास्थ्य संस्थानों और सामाजिक संगठनों के बीच बेहतर समन्वय के निर्देश दिए, ताकि अत्यधिक ठंड के दौरान कोई भी व्यक्ति बिना आश्रय के न रहे। नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न हिस्सों में अस्थायी, वाटरप्रूफ नाइट शेल्टर स्थापित किए गए हैं। इन रैन बसेरों में कुशनयुक्त कालीन, रजाइयां, गद्दे, तकिए, कंबल, बिजली कनेक्शन, पीने का पानी, शौचालय और अग्नि सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की गई है।

### रैन बसेरों के खर्चे में पारदर्शिता होः कुलदीप कुमार



भाजपा के राज में जो भी व्यवस्थाएं हैं उनमें बड़ी गड़बड़ी है। चाहे डड्डूमाजरा वेस्ट प्लांट का मामला हो, सडकों के निर्माण का मामला हो, हर जगह गड़बड़ नजर आती है। रैन बसेरों में गरीबों को राहत देना बढ़िया बात है लेकिन इसमें पारदर्शिता की घोर कमी है। बीते सालों के रैन बसेरों पर खर्चे निकाल कर देखने चाहिये और इनका ऑडिट होना चाहिए।

## चंडीगढ़ मेयर चुनाव में कांग्रेस-आप की संभावित जुगलबंदी

### सांसद मनीष तिवारी ने पार्षदों के साथ की रणनीतिक बैठक



अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 5 जनवरी।** चंडीगढ़ में आगामी मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर चुनावों को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच एक बार फिर तालमेल के संकेत मिल रहे हैं। हालांकि गठबंधन का औपचारिक ऐलान अभी नहीं हुआ है, लेकिन कांग्रेस ने भाजपा को हराने में सक्षम किसी भी राजनीतिक ताकत को समर्थन देने का स्पष्ट संकेत दे दिया है। इसी कड़ी में चंडीगढ़ से कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी और चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एच.एस. लक्की ने पार्टी पार्षदों के साथ एक अहम बैठक की। बैठक के बाद जारी आधिकारिक बयान में कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी का नाम लिए बिना कहा कि पार्टी ऐसे किसी भी राजनीतिक संगठन या गठबंधन का समर्थन करेगी, जो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सत्ता से बाहर करने में सक्षम हो।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यह फैसला चंडीगढ़ और शहरवासियों के व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। बैठक में भाजपा के मौजूदा कार्यकाल पर भी तीखा हमला बोला गया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा के लगातार मेयर रहने के बावजूद शहर को न तो सुशासन मिल सका और न ही विकास की रफ्तार पकड़ पाई।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा शासन के दौरान चंडीगढ़ की छवि को नुकसान पहुंचा है, कई घोटाले सामने आए हैं और विकास कार्य पिछड़ गए हैं। पार्टी का दावा है कि चंडीगढ़ की राष्ट्रीय रैंकिंग में भी गिरावट दर्ज की गई है, जबकि 24 गुणा 7 जलापूर्ति जैसी बहुचर्चित योजनाएं पूरी तरह विफल साबित हुई हैं, जिससे आम जनता में निराशा है।

कांग्रेस ने दोहराया कि शहर के समग्र विकास, जनकल्याण और बेहतर भविष्य के लिए आगामी नगर निगम और मेयर चुनावों में भाजपा को सत्ता से बाहर रखना जरूरी है। इसी लक्ष्य को लेकर पार्टी भाजपा को हराने वाली हर राजनीतिक ताकत के साथ खड़े होने को तैयार है।

## किराए के हिसाब से 20 दिनों के लिए लेकर गए कार को बेचा, मामला दर्ज

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 5 जनवरी।** थाना 11 पुलिस ने किराए के हिसाब से 20 दिनों के लिए लेकर गए कार को बेचने वाले दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता पुलिस को दी शिकायत में सैक्टर-40- निवासी निखिल भारद्वाज ने पुलिस को बताया कि 26 जून 2025 को उक्त दो आरोपियों ने उससे 20 दिनों के लिए किराए पर उसकी ब्रेजा कार ले गए थे। प्रतिदिन का किराया दो हजार रुपए तय हुआ था। लेकिन इन 20 दिनों के अंदर-अंदर उन्होंने बिना उसकी इजाजत के उसकी कार किसी और को बेच दी। जिसके बाद उसने पुलिस को शिकायत दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने उक्त दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आरोपियों की पहचान खरड़ निवासी हरविन्द्र सिंह व मनजिन्द्र सिंह के रूप में हुई है।

# खेल से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं तक की हकीकत परखी, कटारिया ने चंडीगढ़ में किया व्यापक निरीक्षण

**खेल व स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा**







अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 5 जनवरी।** पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने सोमवार को शहर में खेल और स्वास्थ्य से जुड़ी प्रमुख संस्थाओं का दौरा कर व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत परखी। इस दौरान उनके साथ चंडीगढ़ प्रशासन के मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद भी मौजूद रहे। प्रशासक ने सबसे पहले सेक्टर-8 स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने स्विमिंग पूल, शतरंज केंद्र और बैडमिंटन हॉल की सुविधाओं का जायजा लिया। विशेष रूप से दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए खेले जाने वाले खेल 'बोच्चिया' को देखकर उन्होंने खिलाड़ियों से संवाद किया और समावेशी खेल संस्कृति की सराहना की। शतरंज खिलाड़ियों से बातचीत कर उन्होंने खेल प्रतिभाओं को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पर खेल सचिव सुश्री प्रेरणा पुरी, निदेशक खेल सौरभ कुमार अरोड़ा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

इसके बाद प्रशासक और मुख्य सचिव सेक्टर-8 स्थित गुरुद्वारा साहिब पातशाही दसवीं पहुंचे, जहां गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सुखजिंदर सिंह बहल ने उनका स्वागत किया। दोनों गणमान्य अतिथियों को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया।

इसके उपरांत प्रशासक ने सेक्टर-48 स्थित गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (जीएमसीएच) का दौरा किया। अधिकारियों ने बताया कि 100 बिस्तरों वाले इस अस्पताल में वर्तमान में 54 बेड भरे हुए हैं। निरीक्षण के दौरान प्रशासक ने जनरल ओपीडी, प्रयोगशाला, टीकाकरण कक्ष और फार्मेसी का जायजा लिया। उन्होंने टीबी एवं श्वसन रोग विभाग, मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट (एमडीआर) कक्ष, ऑन्कोलॉजी, रेडियोलॉजी, मनोरोग और नशा मुक्ति वार्ड सहित आइसोलेशन व ब्रैकीथेरेपी सुविधाओं का भी निरीक्षण किया और मरीजों व स्टाफ से बातचीत की।

इसके बाद प्रशासक पीजीआईएमईआर पहुंचे, जहां उन्होंने न्यू ओपीडी का निरीक्षण किया। संयुक्त चिकित्सा अधीक्षक एवं न्यू ओपीडी प्रभारी डॉ. महेश देवनानी ने उन्हें पंजीकरण प्रक्रिया और सुविधाओं की जानकारी दी। प्रशासक ने फिजियोथेरेपी विभाग का भी दौरा किया, जहां रीढ़, कूल्हे और घुटनों के इलाज में उपयोग हो रही उन्नत डिजिटल तकनीकों के बारे में बताया गया। इस दौरान उन्होंने एनएसएस सारथी स्वयंसेवकों से मुलाकात कर समाज के लिए उनके निस्वार्थ योगदान की प्रशंसा की।

दौरे के अंतिम चरण में प्रशासक ने पीजीआईएमईआर के ओरल हेल्थ साइंसेज (डेंटल) ओपीडी में मौखिक जांच करवाई। विभागाध्यक्ष डॉ. एस.पी. सिंह ने उनका स्वागत किया और दंत स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी। प्रशासक के इस निरीक्षण को चंडीगढ़ में खेल और स्वास्थ्य ढांचे को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

**चंडीगढ़ पुलिस की एक अच्छी पहल**

## यूटी पुलिस ने बेघर लोगों के लिए विशेष रात्रि अभियान चलाकर नाइट शेल्टर होम्स की सुविधा प्रदान की

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी



**चंडीगढ़, 5 जनवरी।** यूटी पुलिस ने पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया के दिशा निर्देशों के चलते एक अच्छी पहल करते हुए बेघर लोगों के लिए विशेष रात्रि अभियान चलाकर नाइट शेल्टर होम्स की सुविधा प्रदान की। पुलिस की तरफ से 4 जनवरी 2026 को एक विशेष रात भर का अभियान चलाया।इस अभियान का उद्देश्य कमजोर लोगों को कड़ाके की ठंड से बचाना था। यह सुनिश्चित करके कि उन्हें नाइट शेल्टर होम्स तक पहुँच मिले और उन्हें गर्म कंबल प्रदान किए जाएं। इस उद्देश्य के लिए यूटी चंडीगढ़ में सभी क्षेत्रों को पूरी तरह से कवर करने के लिए विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया और उन्हें तैनात किया गया। जिसमें बाज़ार,फुटपाथ,बस स्टैंड और अन्य खुले सार्वजनिक स्थान शामिल हैं।जहाँ आमतौर पर बेघर लोग रात के समय सोते हुए पाए जाते हैं। टीमों ने रेन बसेरा के बाहर रहने वाले लोगों की पहचान करने के लिए व्यवस्थित गश्त और सत्यापन किया और उन्हें समझाने और पास के उपलब्ध शेल्टर होम्स में स्थानांतरित करने के लिए ईमानदारी से प्रयास किए।अभियान के दौरान,यह पाया गया कि 298 निवासी पहले से ही विभिन्न रेन बसेरा में रह रहे थे। और वहाँ प्रदान की गई सुविधाओं का लाभ उठा रहे थे। इसके अलावा 67 लोग रेन बसेरा के बाहर खुले क्षेत्रों में सोते हुए पाए गए। इनमें से 43 लोगों को सफलतापूर्वक समझाया गया और पास के रेन बसेरा में स्थानांतरित किया गया।जहाँ उन्हें सुरक्षित आश्रय और बुनियादी सुविधाएँ प्रदान की गई। लोगों को ठंड से बचाने के लिए मौके पर ही गर्म कंबल भी दिए गए।

सम्पादकीय

# डेरा प्रमुख को बार-बार पैरोल का मतलब

डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को 15वीं बार 40 दिन की पैरोल मिलने पर जो चिंताएं उठ रही हैं और सवाल पूछे जा रहे हैं, उनको गंभीरता से समझे जाने की जरूरत है। बेशक, पिछली जितनी बार भी डेरा मुखी को पैरोल मिली है, तो कुछ अनहोनी नहीं घटी है। हालांकि ऐसा तब है, जब मीडिया और पूरा जागरूक तंत्र इसकी निगरानी करता है कि आखिर डेरा प्रमुख बार-बार पैरोल लेकर जाता कहां है। न जाने देश का सिस्टम इतना निष्ठुर क्यों है कि उस पीड़ित जिसने अपनी आबरू गंवाई और जिसने अपनी जान ही गंवा दी, के परिजनों के प्रति शून्य संवेदना रखता दिखता है, लेकिन एक अपराधी के प्रति सारी संस्थाएं आश्चर्यजनक रूप से विनम्र नजर आती हैं। उन्नाव रेप केस में सजायाफ्ता पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर को दिल्ली हाईकोर्ट से मिली जमानत पर रोक लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित अदालत के प्रति एक टिप्पणी की थी, जिसके बाद यह माना जाना चाहिए कि एक अपराधी को जमानत, फरलो या फिर पैरोल देने का नियम एक समान नहीं होता और परिस्थितियों के मुताबिक यह निर्भर करता है। क्या डेरा प्रमुख का अपराध इतना ही सामान्य है कि उसे बार-बार पैरोल मिलती रहती है, इस दौरान मीडिया और देश का जागरूक जनमानस जो सवाल उठाता है, क्या उनका कोई मतलब नहीं है? इन पैरोल के बाद उन पीड़ित परिवारों के दिलों पर क्या बीतती होगी, क्या किसी ने इसकी टोह लेने की कोशिश की है। उन मौन सवालों का जवाब कहीं नहीं मिलता, सरकार के नुमाइंदे केवल यह कहते सुनाई देते हैं कि पैरोल लेना कैदी का अधिकार है।

**डेरा प्रमुख वह शख्स है, जिसके लिए पीड़ित पक्ष ने फांसी की सजा मांगी थी। सीबीआई की विशेष अदालत ने उसे दो बार उम्रकैद की सजा सुनाई है। उसका जेल से बाहर आना उन सभी लोगों को दहशत में डालता है, जोकि उसे सजा दिलाने के लिए जिम्मेदार हैं। गौरतलब है कि ऐसा रिकॉर्ड है कि जब-जब हरियाणा, पंजाब, राजस्थान समेत दूसरे राज्यों में चुनाव हुए हैं तो डेरा प्रमुख को फरलो या पैरोल मिलता रहा है। यह भी गौर करने लायक है कि अपराधी का बीते वर्ष अगस्त माह में जन्मदिन था, लेकिन उस दौरान भी उसे 40 दिन की पैरोल दी गई थी। आखिर देशभर की जेलों में बंद सजायाफ्ता या बंदियों में ऐसे कितने भाग्यशाली होंगे कि अपने जन्म पर उन्हें पैरोल मिलती हो कि परिजनों के साथ उस दिन या कुछ समय बिता सकें।**

अब यह कौन नहीं जानता है कि सत्ता के नजदीक रहने वालों के लिए नियम संभव है, होते ही नहीं है। भयानक अपराध के बावजूद वे माननीय ही रहते हैं और उनकी दलीलों को गंभीरता से सुना जाता है और फिर उन्हें जेल से रिहाई मिल जाती है। इस बीच सड़कों पर धरने लगते हैं, पीड़ित महिलाओं को पकड़ कर घसीटा जाता है, मंत्री अपने बयानों में उनका मखौल बनाते हैं। पीड़िताएं दर-दर भटकने को बाध्य की जाती हैं, उन्हें अपना वजूद छिपाकर फिर अपने हक के लिए लडऩे सामने आना पड़ता है। उन्नाव रेप केस में सुप्रीम कोर्ट की ओर से अपराधी कुलदीप सेंगर की जमानत पर रोक लगाना ऐतिहासिक रहा है और इसने देश की न्यायपालिका के प्रति जनमानस में आदर भाव बहुत बढ़ा दिया है। हालांकि आवश्यकता इसकी है कि ऐसे फैसले हर जगह नजीर बनें और अपराधियों को उसका बखूबी अहसास कराया जाए कि उन्होंने जो किया, वह क्षमा योग्य नहीं है और न ही उसे भुलाया जा सकता।

डेरा प्रमुख वह शख्स है, जिसके लिए पीड़ित पक्ष ने फांसी की सजा मांगी थी। सीबीआई की विशेष अदालत ने उसे दो बार उम्रकैद की सजा सुनाई है। उसका जेल से बाहर आना उन सभी लोगों को दहशत में डालता है, जोकि उसे सजा दिलाने के लिए जिम्मेदार हैं। गौरतलब है कि ऐसा रिकॉर्ड है कि जब-जब हरियाणा, पंजाब, राजस्थान समेत दूसरे राज्यों में चुनाव हुए हैं तो डेरा प्रमुख को फरलो या पैरोल मिलता रहा है। यह भी गौर करने लायक है कि अपराधी का बीते वर्ष अगस्त माह में जन्मदिन था, लेकिन उस दौरान भी उसे 40 दिन की पैरोल दी गई थी। आखिर देशभर की जेलों में बंद सजायाफ्ता या बंदियों में ऐसे कितने भाग्यशाली होंगे कि अपने जन्म पर उन्हें पैरोल मिलती हो कि परिजनों के साथ उस दिन या कुछ समय बिता सकें। अगर ऐसा नहीं होता है तो फिर डेरा प्रमुख के मामले में ही यह दरियादिली क्यों दिखाई जाती है।

एक केस में सुप्रीम कोर्ट ने पैरोल और फरलो से संबंधित सिद्धांतों का विश्लेषण किया था। पीठ का कहना था कि दोनों को जेल से अल्पकालिक रिहाई के रूप में परिकल्पित किया गया है। एक कैदी को एक निर्धारित समय तक जेल में रहने के बाद फरलो दी जा सकती है, जबकि पैरोल किसी विशिष्ट आवश्यकता के लिए दी जा सकती है। फरलो एकरसता को तोड़ने के लिए दी जाती है, जो कैदी को परिवार और समाज से जोड़े रखने में सहायक होती है। कानून मार दिए गए लोगों के परिजनों को उन्हें वापस नहीं लौटा सकता और न ही उन महिलाओं का सम्मान लौटा सकता है, जिन्होंने दुष्कर्म जैसा जुल्म झेला हो। हालांकि नियम अपराधी को इसका अधिकार देता है कि वह पैरोल या फरलो के नाम पर जेल से बाहर आकर पीड़ितों के जख्मों पर नमक छिड़क सके। जाहिर है, ऐसे मामलों पर जनता सिर्फ चर्चा और चिंतन ही कर सकती है, वास्तव में जरूरी यह है कि न्याय निरंतर और सर्वव्यापी हो।

# बड़े पैमाने पर अवसंरचना का विकास: विकसित भारत की डगर पर अग्रसर भारत

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

जीडीपी को बढ़ावा देने, रोजगार के अवसरों का सृजन करने और अर्थव्यवस्था पर गुणक प्रभाव डालने में अवसंरचना पर व्य यके विशिष्ट महत्व को पहचानते हुए केंद्र सरकार ने पिछले एक दशक में बुनियादी ढाँचे से संबंधित पूंजीगत व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि की है। यह व्यय वर्ष 2014-15 में लगभग 2 ट्रिलियन रुपये से पांच गुना से भी अधिक बढ़कर वर्ष 2024-25 में 11.1 ट्रिलियन रुपये हो गया। हाल के रुझान इंगित करते हैं कि बुनियादी ढांचे से संबंधित पूंजीगत व्यय में 38 प्रतिशत से अधिक की वार्षिक दर से वृद्धि हो रही है, जिसमें भौतिक और डिजिटल दोनों प्रकार के ढांचागत नेटवर्क के विकास पर स्पष्ट रूप से ध्यान केंद्रित किया गया है।

बड़े पैमाने पर किए गए इन आवंटनों का पूरा लाभ प्राप्त करने के लिए यह आवश्यक है कि बुनियादी ढांचे से संबंधित परियोजनाएं समयबद्ध रूप से और कुशल गति से आगे बढ़ें तथा उनमें समय और लागत की अधिकता न हो। निर्माण की लंबी अवधि के कारण ऐसी परियोजनाओं के लिए न केवल पर्याप्त और निरंतर वित्तपोषण की आवश्यकता होती है, बल्कि भूमि अधिग्रहण, पर्यावरणीय स्वीकृतियों तथा सामाजिक-आर्थिक पहलुओं से संबंधित अनुमतियों के समय पर मिलने पर भी निर्भर रहना पड़ता है। इन स्वीकृतियों में अनेक नियामक प्राधिकरणों, स्थानीय निकायों और जिला-स्तरीय प्रशासन की भागीदारी होती है, जिससे परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए तालमेल और समय पर निर्णयलेना महत्वनपूर्ण हो जाता है।

ढांचागत परियोजनाओं के लिए प्रभावी समन्वय और समय पर स्वीकृतियां मिलना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारत सरकार ने वर्ष 2015 में प्रगति (प्रो-एक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन) पोर्टल की शुरुआत की। प्रगति एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो बड़े पैमाने की ढाँचागत परियोजनाओं की वास्तविक समय में निगरानी करता है तथा कार्यान्वयन एजेंसियों, मंत्रालयों, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अद्यतन जानकारी प्राप्त करता है। प्रधानमंत्री हर महीने उच्च-स्तरीय समन्वय बैठकों की अध्यक्षता करते हैं, जिनमें कार्यान्वयन में विलंब का सामना कर रही परियोजनाओं का चयन किया जाता है, मंत्रालयों, राज्यों और अन्य संबंधित प्राधिकरणों के साथ सीधे संवाद कर बाधाओं की पहचान की जाती है तथा उनके समाधान के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाते हैं।

इस प्रकार, प्रगति पोर्टल एक ऐसे तंत्र के रूप में कार्य करता है, जो समय और लागत में वृद्धि का सामना कर रही लंबित परियोजनाओं को गति प्रदान करता है–उदाहरण के तौर पर, नगर निगम से भूमि स्वीकृति न मिलने के कारण किसी मेट्रो रेल परियोजना का वर्षों तक विलंबित रहना, अथवा किसी बड़ी गैस पाइपलाइन परियोजना का कई विविध राज्यों में भूमि संबंधी अड़चनों से जूझना, अथवा लंबे समय से पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रतीक्षा कर रही परियोजनाएं आदि। 31 दिसंबर 2025 को प्रधानमंत्री ने प्रगति की 50वीं बैठक की अध्यक्षता की। इस एकल बैठक में 40,000 करोड़ रुपये के कुल निवेश वाली पांच महत्वपूर्ण ढांचागत परियोजनाओं की समीक्षा की गई। कुल मिलाकर, प्रगति तंत्र के माध्यम से अब तक कुल 85 ट्रिलियन रुपये मूल्य की अटकी हुई परियोजनाओं को शीघ्रता से आगे बढ़ाने में सहायता मिली है।

प्रगति के अनुभव से प्राप्त जानकारी–विशेष रूप से ऐसी बाधाएं जो बार-बार उत्पन्नल होती हैं और परियोजनाओं की पूर्णता में देरी और अक्सर लागत में वृद्धि का कारण बनती हैं–को ध्यान में रखते हुए, भारत सरकार ने अक्टूबर 2021 में पीएम गति शक्ति (पीएमजीएस) राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) की शुरुआत की। पीएमजीएस एक जीआईएस-आधारित ढांचा प्रदान करती है, जिसके माध्यम से अवसंरचना, आर्थिक एवं सामाजिक क्षेत्र के मंत्रालयों तथा देश के 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से प्राप्त डेटा लेयर्स को एक साथ लाकर समेकित अवसंरचना योजना बनाई जाती है। यह डिजिटलीकृत, डेटा-आधारित इंटरफेस



योजनाकारों को ढांचागत परिसंपत्तियों, संसाधनों, के बलों और ग्रिडों सहित अन्य परिसंपत्तियों को समग्र दृष्टिकोण से देखने में सक्षम बनाता है, जिससे देश में बुनियादी ढांचे से संबंधित कनेक्टिविटी की वैज्ञानिक एवं समन्वित योजना संभव हो पाती है।

डेटा की सहज दृश्यता उपलब्ध कराकर योजना निर्माण में समन्वित दृष्टिकोण को सक्षम बनाते हुए, पीएमजीएस योजना चरण में ही आवश्यक स्वीकृतियों की शीघ्र पहचान की सुविधा प्रदान करती है। इससे बुनियादी ढांचे से संबंधित परियोजनाओं की सहयोगपूर्ण योजना संभव होती है और उन महीनों की बचत होती है जो अन्यथा अनुमोदन प्राप्त करने में व्यर्थ हो जाते। यह परिवर्तनकारी योजना दृष्टिकोण न केवल गति और दक्षता को बढ़ाता है, बल्कि मौजूदा अवसंरचना परिसंपत्तियों की अनावश्यक पुनरावृत्ति को भी रोकता है तथा परिवहन के विभिन्न माध्यमों के बीच परिसंपत्तियों की परस्पर पूरकता सुनिश्चित करता है–इस प्रकार अवसंरचना योजना में अनेक परिवहन माध्यमों के संयोजन को अंतर्निहित करता है। इसके परिणामस्वरूप परियोजनाओं को इस प्रकार डिज़ाइन किया जाता है कि वे भारत के विकास क्लस्टरों को अधिक प्रभावी ढंग से बाज़ारों से जोड़ सकें, जिससे लॉजिस्टिक्स लागत में कमी आती है। फलस्वरूप, अवसंरचना योजना न केवल अधिक कुशल बनती है, बल्कि लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन को सुदृढ़ करने वाले परिणाम भी प्रदान करती है–जो जीवन की सुगमता और व्यापार करने की सुगमता दोनों को समर्थन देती है।

उदाहरण के तौर पर, जब पीएमजीएस पोर्टल पर जगदीशपुर-हल्दिया एवं बोकारो-धामरा पाइपलाइन परियोजना की योजना बनाई जा रही थी, तो योजना चरण में ही दो प्रमुख मुद्दों की पहचान की गई। इनमें स्पर लाइन के एक छोटे हिस्से के लिए वन विभाग से आवश्यक स्वीकृति तथा 83 किलोमीटर लंबाई के लिए मुआवज़े के भुगतान का लंबित रहना शामिल था। इससे योजना प्राधिकरणों को परियोजना को स्वीकृति हेतु प्रस्तुत करने से पहले ही इन मुद्दों की आसानी से पहचान कर उनका समाधान करने में सहायता मिली।

इसी प्रकार, जीआईएस पोर्टल पर गोवा-कर्नाटक सीमा से कुंडापुर खंड तक राष्ट्रीय राजमार्ग के चार-लेन निर्माण की योजना बनाते समय, सड़क को जिन भू-भागों से होकर गुजरना था, वहां भूमि स्वामित्व से संबंधित डेटा गुणों के साथ बस्तियों की स्पष्ट दृश्यता के कारण सड़क अतिक्रमण को एक संभावित चुनौती के रूप में पहचाना गया। वहीं, पीएमजीएस पोर्टल पर मुंबई शहरी परिवहन परियोजना (एमयूटीपी)-चरण 2की योजना के दौरान, रेल मंत्रालय छोटे-छोटे भूखंडों से संबंधित लंबित भूमि अधिग्रहण को पहले ही देख सका, जिनमें आगे चलकर परियोजना के प्रारंभ के बाद विलंब की संभावना थी।

इस प्रकार, योजना से जुड़ी एजेंसियां प्रगति के सिद्धांतों के अनुरूप पीएमजीएस तंत्र का उपयोग परियोजना की योजना और क्रियान्वयन में अधिक दक्षता और गति लाने के लिए कर रही हैं। भारतीय रेलवे ने पीएमजीएस पोर्टल पर अपने महत्वाकांक्षी ऊर्जा गलियारे की योजना बनाई है, जिसमें कोयला उत्पादन क्षेत्रों को थर्मल पावर प्लांटों के खपत बिंदुओं से जोड़ने वाला समर्पित रेल नेटवर्क शामिल है, ताकि देश में ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। जीआईएस-पोर्टल के माध्यम से इन मार्गों पर जाम की स्थिति की पहचान की गई और ऊर्जा सामग्री के निर्बाध परिवहन के लिए मार्ग को मजबूत करने की योजना बनाई गई। गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान ने लद्दाख और हरियाणा के बीच हरित ऊर्जा गलियारे की योजना बनाने में भी मदद की। इससे लद्दाख के उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्र में उत्पन्न सौर ऊर्जा को उत्तरी मैदानों तक पहुंचाने की सुविधा मिली, जिसमें भौगोलिक चुनौतियों को पार करते हुए, ट्रांसमिशन लाइनों का वन और वन्यजीव पर्यावासों के साथ न्यूनतम संपर्क सुनिश्चित किया गया–इस प्रकार उन मुद्दों को टाला जा सका, जो परियोजनाओं में संभावित विलंब का कारण बन सकते थे।

चाहे यह हजारों करोड़ रुपये के निवेश वाली बड़ी एक्सप्रेसवे परियोजनाएं हों, वाराणसी और कानपुर जैसे प्रमुख शहरों में शहरी लॉजिस्टिक्स पहल हों, या प्रमुख बंदरगाहों और उनके अंतर्गत क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी सुधारना हो–गति शक्ति के सिद्धांत परियोजना के योजना चरण में 'संपूर्ण सरकार' दृष्टिकोण को बढ़ावा दे रहे हैं। विविध डेटा-लेयरों में बढ़ी हुई दृश्यता योजना की दक्षता को सुधार रही है, पारिस्थितिकीय रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में व्यवधान को न्यूनतम कर रही है, ऐसी भूमि के अधिग्रहण को टाल रही है, जिस पर आगे चलकर मुकदमेबाज़ी हो सकती हैऔर भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अवसंरचना की योजना बनाने की सुविधा प्रदान कर रही है।

ढांचागत परियोजनाओं की समन्वित समीक्षा, निगरानी और उनमें तेजी लाने में प्रगतितंत्र की सफलता के आधार पर और पीएम गति शक्ति द्वारा अवसंरचना कार्यान्वयन में अधिक समेकित और योजनाबद्ध दृष्टिकोण प्रदर्शित किए जाने के साथ ही भारत अब अपनी आर्थिक कूटनीति के तहतवैश्विक स्तर पर अपनी सीख को साझा करने के लिए अच्छी स्थिति में है। जोअधिक कुशल और समन्वित ढांचागत योजना का मॉडल प्रस्तुत करता है, जो डेटा-आधारित, समन्वित है और जिसकी बदौलत उसका समय पर क्रियान्वयन सुनिश्चित होता है।

**–श्रीमती सुमिता डावरा**

(लेखिकाः भारत सरकार में केंद्रीय श्रम सचिव और विशेष सचिव (लॉजिस्टिक्स)पद पर रही हैं)

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### बस ने टक्कर मारी स्कूटर चालक घायल

चंडीगढ़। सेक्टर 45 के बाहरी रोड पर सीटीयू की बस ने टक्कर मारकर एक व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेक्टर 44 का निवासी सर्वजीत सिंह जब अपने स्कूटर पर सेक्टर 45 को बाहरी सड़के के पास से गुजर रहा था तो सामने से आ रही एक सीटीयू की बस ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया। सर्वजीत को गंभीर घायल/वस्था में स्थानीय पीजीआई में दाखिल करवाया गया है। पुलिस ने केस दर्ज करके ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया तथा बस अपने कब्जे में लीं। ड्राइवर विरेन्द्र भी सेक्टर 44 का रहने वाला है।

### दुर्घटनाएं सुरक्षा सप्ताह में भी न रुक सकीं

चंडीगढ़। नगर में चल रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह के पहले तीन दिनों के दौरान अब तक लगभग चार सड़क दुर्घटनाएं हुई जिसमें कुल मिलाकर एक मारा व पांच लोग घायल हुए। बाकि दिनों की सड़क दुर्घटनाओं के हिसाब से इन तीन दिनों का यह आकड़ा काफ कम नजर आता है। इसका मतलब यह नहीं कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान नगर में वाहन दुर्घटनाएं कम हुई है। सूत्रों के अनुसार वास्तविकता यह है कि नगर के कन्ट्रोल रूम को नगर प्रशासन की ओर से यह निर्देश मिले है कि सप्ताह के दौरान सड़क दुर्घटनाओं के आवश्यक पर्चे ही दर्ज हो बाकी मामलों का निपटारा बिना मामला दर्ज किए रफा दफा कर दिया जाए। यही कारण है कि इन तीन दिनों में चार युवक दुर्घटनाएं हुई।

### राजस्थान विधानसभा में हंगामा, कार्रवाई में बाधा

जयपुर। राजस्थान विधानसभा में आज कांग्रेसी सदस्यों ने राज्य में बिजली की कमी के मुद्दे पर शोर शराबा किया जिससे कार्रवाई में बाधा आई। कांग्रेसी सदस्यों ने शून्यकाल के दौरान राज्य में बिजली की कमी के मामले पर हंगामा किया। कांग्रेसी सदस्यों का कहना था कि राज्य में किसानों को 12 घंटे तक बिजली दी जानी चाहिए। इस संबंध में कांग्रेसी सदस्यों ने स्थगन प्रस्ताव पेश किया।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1664- छत्रपति शिवाजी महाराज ने सूरत पर हमला किया।

1883- विश्व के श्रेष्ठ चिंतक महाकवि के रूप में ख्याति प्राप्त करने वाले महान दार्शनिक ख़लील जिब्रान का जन्म।

1929- मदर टेरेसा भारत में उपेक्षित और ग़रीब लोगों की सेवा करने के लिये कलकत्ता (अब कोलकाता) लौटीं।

1932- हिन्दी के प्रसिद्ध साहित्यकार कमलेश्वर का जन्म।

1947- भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस कमेटी ने भारत का विभाजन स्वीकार किया।

1949- भारतीय पत्रकार, लेखक और 'राजस्थान पत्रिका' के प्रधान सम्पादक गुलाब कोठारी का जन्म।

1950- ब्रिटेन ने चीन की कम्युनिस्ट सरकार को मान्यता प्रदान की।

1959- भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव का जन्म।

1966- ऑस्कर विजेता भारतीय संगीतकार ए आर रहमान का जन्म।

1971- भारत के प्रसिद्ध जादूगर पी. सी. सरकार का निधन।

1976- चीन ने लोप नोर क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया।

1980- सातवीं लोकसभा चुनाव में इंदिरा गांधी की नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी को दो तिहाई बहुमत मिला।

1983- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को पहली बार आंध्र प्रदेश और कर्नाटक विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा।

1987- भारतीय संगीतकार तथा बाल अभिनेता जयदेव का निधन।

1989- इंदिरा गांधी की हत्या के दोनों दोषियों सतवंत सिंह और केहर सिंह को फाँसी दी गई।

2002- भारत ने सीमा में घुस आया पाकिस्तान का जासूसी विमान मार गिराया।

2003- रूस ने संयुक्त राष्ट्र से बिना अनुमति लिये इराक के खिलाफ़ सैनिक कार्रवाई पर अमेरिका को चेतावनी दी।

2007- उत्तर प्रदेश का हिन्दी संस्थान की ओर से साहित्य के क्षेत्र में दिये जाने वाले वार्षिक पुरस्कारों के अंतर्गत वर्ष 2007 के भारत भारती सम्मान केदारनाथ सिंह को प्रदान करने की घोषणा हुई।

2008- राज्यसभा सदस्य और बंगलुरू के उद्यमी तथा पूंजी और निवेश कंपनी जूपिटर कैपिटल के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजीव चन्द्रशेखर को फिक्की का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

2008- प्रसिद्ध भारतीय चिकित्सक प्रमोद करण सेठी का निधन।

## बोल ब्यूटीफुल

**उदय कोटकः** अमेरिका ने उस वेनेजुएला का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया है, जिसके पास पृथ्वी पर कच्चे तेल का सबसे बड़ा संरक्षित भंडार है। नववर्ष के अपने आकलन में मैंने यही कहा था कि यह दुनिया में हाई पावर का दौर है, जिसमें देशों के बीच होड़ और ज्यादा बढ़ने वाली है।



**दीपेंद्र गोयलः** पूंजीवाद कोई पूर्ण बेहतरी वाली व्यवस्था नहीं, लेकिन हमारे पास यही वह इकलौता इंजन है जो समृद्धि की गाड़ी को आगे खींचता है। पूंजीवाद में पहले संपदा सृजित होती है और अगले पड़ाव पर उसका वितरण। अगर आप इस व्यवस्था को ही पूरी तरह उलट देंगे तो केवल गरीबी ही पांव पसारेगी। उससे किसी की कोई मदद होने से रही।

**यूसुफ ऊंझावालाः** चीन और रूस नहीं विश्व व्यवस्था को आकार देना चाहते है, लेकिन कोई मादुरा की सहायता के लिए आगे नहीं आया। जबकि ट्रंप महीनों से अपनी मंशा जाहिर कर रहे थे। इससे पहले असद तक भी कोई मदद नहीं पहुंची। इसके बावजूद भारत में कुछ लोग ब्रिक्स पर दांव लगाना चाहते है।

# क्रिकेट जो संवाद था, कैसे बन गया टकराव का मंच

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

क्रिकेट, जिसे कभी पड़ोसी देशों के बीच संवाद और सौहार्द का माध्यम माना जाता था, आज उसी मैदान पर राजनीतिक कटुता की गहरी लकीरें खींचता दिखाई दे रहा है। बांग्लादेशी तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान की आईपीएल से अचानक रिहाई ने खेल की सीमाओं को लांघते हुए भारतङ्कबांग्लादेश संबंधों को विवाद के केंद्र में ला खड़ा किया है। जनवरी 2026 की शुरुआत में बीसीसीआई द्वारा कोलकाता नाइट राइडर्स को दिया गया यह निर्देश केवल एक खिलाड़ी का करियर प्रभावित करने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उसने यह प्रश्न खड़ा कर दिया कि क्या अब क्रिकेट भी कूटनीति और आक्रोश का उपकरण बन चुका है। मैदान पर गेंद नहीं, बल्कि अविश्वास और नाराज़गी उछलती दिखाई दे रही है।

इस पूरे विवाद की जड़ें बांग्लादेश की आंतरिक राजनीतिक अस्थिरता में छिपी हैं। शेख हसीना सरकार के पतन के बाद वहां अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर बढ़ते हमलों की खबरों ने भारत में तीखी प्रतिक्रिया को जन्म दिया। अगस्त 2025 से जनवरी 2026 के बीच हिंसा, आगजनी और हत्याओं की घटनाओं ने सामाजिक माध्यमों और राजनीतिक मंचों पर उबाल पैदा कर दिया। दिपु चंद्र दास की लिंचिंग जैसी घटनाएं केवल मानवीय त्रासदी नहीं रहीं, बल्कि वे पड़ोसी देश के साथ भावनात्मक रिश्तों पर भी चोट करने लगीं। इसी आक्रोश की छाया क्रिकेट तक पहुंच गई, जहां खेल अब भावनाओं का बंधक बनता दिख रहा है।

आईपीएल 2026 की नीलामी में मुस्ताफिजुर रहमान की बोली एक बड़े क्रिकेटीय क्षण के रूप में दर्ज हुई थी। आधार मूल्य से कई गुना अधिक, 9.20 करोड़ रुपये में केकेआर द्वारा खरीदे गए इस गेंदबाज को उनकी घातक कटर और अनुभव के लिए चुना गया था। चेन्नई और दिल्ली जैसी टीमों से भिड़ंत के बाद मिली यह राशि उनकी लोकप्रियता और उपयोगिता को दर्शाती थी। लेकिन कुछ ही हफ्तों में यह निवेश राजनीतिक दबावों के आगे बेमानी हो गया। बीसीसीआई का आदेश आते ही आईपीएल की चमक फीकी पड़ गई और खेल के व्यावसायिक तर्क भावनात्मक शोर में दब गए।



बीसीसीआई द्वारा दिए गए संक्षिप्त और अस्पष्ट कारणों ने विवाद को और हवा दी। 'वर्तमान परिस्थितियों' का हवाला देकर की गई रिहाई ने यह स्पष्ट कर दिया कि क्रिकेट प्रशासन भी अब राजनीतिक माहौल से अछूता नहीं रहा। यह फैसला पाकिस्तानी खिलाड़ियों के आईपीएल बहिष्कार की याद दिलाता है, जब कूटनीतिक तनाव ने खेल के दरवाजे बंद कर दिए थे। इस बार भी सोशल मीडिया पर दबाव, राष्ट्रवादी भावनाएं और राजनीतिक बयानबाज़ी निर्णायक भूमिका में दिखीं। इससे क्रिकेट की स्वायत्तता और निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग गए हैं।

भारत में जहां इस कदम को कुछ वर्गों ने 'राष्ट्रीय भावनाओं की रक्षा' बताया, वहीं बांग्लादेश में इसे अपमान और भेदभाव के रूप में देखा गया। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए मुस्ताफिजुर का एनओसी रद्द कर दिया और भारत में आईपीएल प्रसारण पर रोक लगाने की धमकी दी। इतना ही नहीं, उन्होंने आईसीसी से टी20 विश्व कप 2026 के मैच भारत से श्रीलंका स्थानांतरित करने की औपचारिक मांग भी की। यह प्रतिक्रिया केवल एक खिलाड़ी के समर्थन में नहीं थी, बल्कि राष्ट्रीय सम्मान और संप्रभुता की घोषणा बन गई, जिसने रिश्तों में और खटास घोल दी।

टी20 विश्व कप 2026 इस पूरे विवाद की सबसे अहम अंतरराष्ट्रीय कड़ी के रूप में उभरता दिखाई दे रहा है। भारत में प्रस्तावित बांग्लादेशी मैचों को लेकर सुरक्षा आशंकाओं का हवाला देते हुए श्रीलंका स्थानांतरित करने की औपचारिक मांग की गई है। बीसीबी ने आईसीसी को पत्र भेजकर यह अनुरोध किया है, जिसने टूर्नामेंट की तैयारियों पर सवाल उठाए हैं। यदि यह मांग स्वीकार हुई, तो यह एक खतरनाक उदाहरण बनेगा कि राजनीतिक तनाव किस तरह वैश्विक खेल आयोजनों की रूपरेखा बदल सकता है। इसका सीधा असर विश्व कप की गरिमा, निष्पक्षता और अंतरराष्ट्रीय भरोसे पर पड़ना तय है।

भारत और बांग्लादेश के क्रिकेट संबंधों का इतिहास उतार-चढ़ाव और सहयोग की मिली-जुली कहानियों से भरा रहा है। 2011 विश्व कप से लेकर कई द्विपक्षीय श्रृंखलाओं तक, क्रिकेट ने दोनों देशों को करीब लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मुस्ताफिजुर जैसे खिलाड़ी इसी सेतु के प्रतीक रहे हैं, जिन्हें सीमाओं से परे सम्मान और प्रशंसा मिली। किंतु वर्तमान घटनाक्रम ने उस सौहार्द की नींव को हिला दिया है। 1971 के युद्ध की स्मृतियां, हालिया हिंसा और बढ़ता अविश्वास रिश्तों को फिर से संदेह और दूरी की दिशा में धकेल रहा है।

इस पूरे प्रकरण में राजनीतिक हस्तक्षेप सबसे निर्णायक तत्व बनकर उभरा है। भारत में कुछ नेताओं ने केकेआर और बीसीसीआई के फैसले को राष्ट्रभावना से जोड़कर सही ठहराया, जबकि अन्य ने इसे खेल की निष्पक्षता पर आघात बताया। यह विवाद दिखाता है कि मामला केवल समर्थन या विरोध तक सीमित नहीं, बल्कि खेल संस्थाओं की स्वायत्तता से भी जुड़ा है। सोशल मीडिया पर इतना उबाल रहा कि शाहरुख खान तक निशाने पर आ गए, जहां भावनाएं विवेक पर भारी पड़ती दिखीं। नतीजतन क्रिकेट धीरे-धीरे खेल से अधिक राजनीतिक प्रतीक बनता जा रहा है, जो लोकतांत्रिक संवाद के बजाय ध्रुवीकरण को बढ़ावा दे रहा है।

आगे की राह और अधिक धुंधली व अनिश्चित होती दिखाई दे रही है। द्विपक्षीय श्रृंखलाएं, खिलाड़ियों का आदानङ्कप्रदान और संयुक्त क्रिकेट आयोजन सभी गंभीर सवालों के घेरे में आ खड़े हुए हैं। यदि यह तनाव लंबा खिंचता है, तो भारत-बांग्लादेश के क्रिकेट संबंध भी उसी राह पर बढ़ सकते हैं, जहां राजनीति ने खेल को वर्षों तक जकड़े रखा। आईसीसी के हस्तक्षेप की संभावना भले मौजूद हो, लेकिन ठोस राजनीतिक इच्छाशक्ति के बिना किसी स्थायी समाधान की उम्मीद कमजोर है। यह हालात वैश्विक क्रिकेट के लिए चेतावनी हैं कि बढ़ता राजनीतिक दखल अंततः खेल की आत्मा को खोखला कर देगा।

मुस्ताफिजुर रहमान की रिहाई अब केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं रह गई, बल्कि वह एक गहरे प्रतीक के रूप में उभर आई है। यह घटना साफ संकेत देती है कि क्रिकेट अब सिर्फ मैदान का खेल नहीं, बल्कि राष्ट्रीय पहचान, सामूहिक भावनाओं और राजनीतिक सोच का विस्तार बन चुका है। यह क्षण दोनों देशों के लिए आत्ममंथन का है कि वे क्रिकेट को संवाद और विश्वास का माध्यम बनाए रखना चाहते हैं या उसे टकराव का अखाड़ा बनने देंगे। यदि समय रहते संतुलन नहीं साधा गया, तो वह क्रिकेटीय आत्मा, जो कभी सीमाओं को जोड़ती थी, धीरे-धीरे धुंध में खो सकती है।

मुख्यमंत्री ने किया विभिन्न योजनाओं का आगाज, 4 संस्थाओं व उपक्रमों के साथ समझौता ज्ञापन किए हस्ताक्षरित

# सिटीजन कनेक्ट प्रोग्राम के द्वितीय चरण का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज पीटरहॉफ, शिमला में आयोजित 'स्वच्छ शहर, समृद्ध शहर' के तहत सिटीजन कनेक्ट प्रोग्राम के द्वितीय चरण का शुभारंभ करते हुए कहा कि आत्मनिर्भरता के पथ पर अग्रसर हिमाचल प्रदेश निरंतर सकारात्मक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण और नागरिकों की उभरती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार शहरी विकास की नई, समावेशी और टिकाऊ दिशा निर्धारित कर रही है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राजीव गांधी लघु दुकानदार सुख कल्याण योजना, 15 म्यूनिसिपल शेयरड सर्विसेज सेंटरज, 09 ऑनलाइन सर्विसेज, मुख्यमंत्री शहरी डिजिटल पहचान योजना, स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत पुरस्कार योजना, सेंट्रल बिजिनेस डिस्ट्रिक्ट-हमीरपुर एवं शिमला तथा शहरी विकास विभाग में हाइड्रोलिक पार्किंग का शुभारम्भ किया।




मुख्यमंत्री ने राजीव गांधी लघु दुकानदार सुख कल्याण योजना के लाभार्थियों को सेटलमेंट लेटर तथा अमृत मित्र योजना के तहत स्वयं सहायता समूहों को अवार्ड लेटर प्रदान किए। उन्होंने सराहनीय कार्य के लिए शहरी स्थानीय निकायों को पुरस्कृत भी किया। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में शहरी विकास विभाग ने 4 संस्थाओं तथा उपक्रमों के साथ विकास कार्यों के दृष्टिगत समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किए। मुख्यमंत्री ने शहरी विकास विभाग की सराहना करते हुए कहा कि शहरी निकायों में एक ही पोर्टल पर सभी जन सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। हिम सेवा सुविधा पोर्टल इस तरह की सेवाएं प्रदान करने वाला देश में सबसे अनूठा प्रयास है।

ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि शिमला सब?ी मंडी में लगभग 400 करो? रूपये की लागत से शॉपिंग कम्पलेक्स बनाया जाएगा। हमीरपुर में शहर के सौंदर्यीकरण के लिए 150 करो? रूपये व्यय किए जाएंगे। हमीरपुर में ओल्ड बस स्टैंड के स्थान पर आधुनिक शैली से शॉपिंग काम्पलेक्स बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहरी विकास विभाग के तहत प्रदेश सरकार द्वारा अनुमोदित 707 करो? रूपये की योजनाएं शीघ्र ही कार्यान्वित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही शिमला शहर में 500 करो? रूपये की लागत से अतिरिक्त सुविधाओं का विकास किया जाएगा। नगर निगम शिमला क्षेत्र की तर्ज़ पर प्रदेश की अन्य नगर निगम क्षेत्र में यूटिलिटी डक्ट बनाई जाएंगी।

उन्होंने कहा कि बद्दी के समीप बनाए जाने वाले विश्व स्तरीय हिम-चण्डीग? शहर के दृष्टिगत शीघ्र ही कन्सलटेंट नियुक्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शहरी स्थानीय निकायों में कामकाजी व्यवस्था को मजबूत करने, जन भागीदारी ब?ाने और व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए नवोन्मेषी पहल कर रही है। शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में भी निरन्तर सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा नवंबर, 2024 तक प्रदेश में 60 शहरी स्थानीय निकाय कार्यरत थे, जबकि अब प्रशासनिक दक्षता ब?ाने और अधिक क्षेत्रों को शहरी विकास की मुख्यधारा से जो?ने की प्रतिबद्धता के साथ 75 सशक्त शहरी स्थानीय निकायों का सुदृ? ढांचा स्थापित किया गया है।

ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि कोई भी योजना तभी सार्थक होती है; जब उसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। मुख्यमंत्री शहरी आजीविका गारंटी योजना के अंतर्गत शहरी ?रीबों को 120 दिनों का सुनिश्चित रो?गार प्रदान किया जा रहा है। ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि भू-स्थानिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) तकनीक भविष्य के शहरी विकास का मजबूत आधार बन रही है। इसके माध्यम से राजस्व वृद्धि, कर संग्रहण में पारदर्शिता और संपत्ति सत्यापन की प्रक्रिया को सरल बनाया जा रहा है। वर्तमान में 36 शहरी स्थानीय निकायों में जीआईएस आधारित मैपिंग कार्य आरंभ किया गया है।

### नागरिक सेवा मंच के माध्यम से शहरी सेवाओं को डिजिटल युग से जोड़ा

ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि नागरिक सेवा मंच के माध्यम से शहरी सेवाओं को डिजिटल युग से जोड़ा गया है। पहले चरण में नौ ऑनलाइन सेवाएं प्रारंभ की गईं, जिनमें 2.5 लाख से अधिक नागरिकों ने पंजीकरण किया। आज दूसरे चरण में नौ नई सेवाओं का शुभारंभ किया गया है, जिससे पारदर्शिता ब?ेगी और सरकार तथा जनता के बीच दूरी कम होगी। उन्होंने कहा कि 47.37 करो? रुपये की स्वीकृत परियोजना के अंतर्गत 15 क्लस्टर आधारित एकीकृत नागरिक सेवा केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जहां प्रमाण-पत्र, लाइसेंस, शिकायत निवारण, सूचना प्रौद्योगिकी सहायता, लेखा एवं विधिक परामर्श सहित सभी सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल डोर प्लेट के माध्यम से प्रत्येक शहरी घर को एक विशिष्ट डिजिटल पहचान प्रदान की जा रही है, जो शहरी शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही का नया अध्याय सिद्ध होगी। इसके साथ ही हैदराबाद स्थित आईआईसीटी सीएसआईआर के सहयोग से 5 से 20 टीपीडी क्षमता वाले बायोगैस संयंत्र स्थापित किए जाएंगे, जिससे कचरे से ऊर्जा, जैविक खाद और चक्रीय अर्थ-व्यवस्था को ब?ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि शहरी स्थानीय निकायों के बीच प्रतिस्पर्धात्मक भावना को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय स्वच्छता रैंकिंग में शीर्ष 100 में स्थान प्राप्त करने वाले निकायों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया जाएगा। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

## सड़क सुरक्षा फिल्म महोत्सव को लेकर 15 फरवरी तक जमा करवा सकते हैं प्रविष्टियां

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश परिवहन निदेशालय द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत सड़क सुरक्षा-फिल्म महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अभिनव पहल का उद्देश्य लघु फिल्मों एवं वीडियो के माध्यम से आम नागरिकों कीरचनात्मक भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता को सुदृढ़ करना है।

यह महोत्सव सभी स?क उपयोगकर्ताओं-चालकों, पैदल यात्रियों एवं यात्रियों को जिम्मेदार व्यवहार के लिए प्रेरित करेगा तथा स?क दुर्घटनाओं में कमी लाने और अमूल्य जीवन की रक्षा हेतु सामूहिक प्रतिबद्धता को सशक्त बनाएगा। परिवहन विभाग ने सभी नागरिकों से स?क सुरक्षा विषय पर लघु फिल्म/वीडियो को 15 फरवरी, 2026 तक जमा करवाने का आग्रह किया है।

**18 वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभागी ले सकेंगे भाग :** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) ऊना, अशोक कुमार ने बताया कि ÷स?क सुरक्षा-फिल्म महोत्सव÷ के तहत 18 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति स?क सुरक्षा से जु? विभिन्न विषयों पर हिंदी या अंग्रेजी भाषा में लघु वीडियो बनाकर भाग ले सकता है।

इस प्रतियोगिता में आम नागरिक, विद्यार्थी तथा पेशेवर फिल्म निर्माता भाग ले सकते हैं। न्यूनतम आयु 18 वर्ष (10 दिसंबर, 2025 को या उससे पूर्व) निर्धारित की गई है। देश के सभी राज्यों से प्रविष्टियाँ आमंत्रित हैं। स?क सुरक्षा पर आधारित फिल्म हिंदी या अंग्रे?ी भाषा में अधिकतम 5 मिनट अवधि की होनी चाहिए।

आरटीओ ने बताया कि महोत्सव में चयनित सर्वश्रेष्ठ फिल्मों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। 18से 25 वर्ष, 25से 32 वर्ष, 32से 40 वर्ष तथा 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की श्रेणियों में प्रत्येक श्रेणी में 25 हजार रुपये, प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त, 20 विशेष पुरस्कार भी दिए जाएंगे, जिनमें प्रत्येक पुरस्कार में 5 हजार रुपये एवं प्रमाण पत्र शामिल होगा। साथ ही, सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

## प्रोफेसर धूमल से मिले शोध प्रकोष्ठ के नवनियुक्त संयोजक

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर।** रिटायर्ड आईएएस और हाल ही में भाजपा राज्य शोध प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक के रूप में नियुक्त किए गए कांशीराम भारती ने भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल से उनके समीरपुर निवासी निवास पर भेंट की। उनके साथ हमीरपुर जिला भाजपा शोध प्रकोष्ठ के नवनियुक्त जिला संयोजक डॉ. विनय सोनी भी उपस्थित रहे।

प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने इस अवसर पर कहा कि पार्टी संगठन में शोध प्रकोष्ठ का उद्देश्य पार्टी के विचारधारात्मक, नीति-आधारित तथा शोध-प्रधान कार्यों को व्यवस्थित करना है। यह प्रकोष्ठ नीतिगत शोध, समाज-आधारित अध्ययन और पार्टी की लोक कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा तथा प्रस्तावना तैयार करने में अहम भूमिका निभाता है। शोध प्रकोष्ठ कैडर को सशक्त बनाकर पार्टी व्यस्थित नीति निर्माण, सामाजिक परिवर्तन के अध्ययन और जनसमस्याओं के विश्लेषण में सक्षम होती है, जिससे निर्णय-प्रक्रिया और कार्यक्रमों की प्रभावशीलता और भी बढ़ती है।

प्रोफेसर धूमल ने कांशीराम भारती एवं डॉ. विनय सोनी को उनके नवीन दायित्वों के लिए शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि शोध प्रकोष्ठ के माध्यम से समस्या-समाधान, विचार-अध्ययन और जनहित से जुड़े विषयों पर गहन दृष्टिकोण विकसित करना आज के समय में अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने दोनों पदाधिकारियों को संगठनात्मक कार्यों में आगे बढ़कर निरंतर उत्कृष्टता और निष्ठा के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया।

रिटायर्ड आईएएस कांशीराम भारती ने प्रोफेसर धूमल के स्नेह-समर्पण और मार्गदर्शन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रोफेसर धूमल का अनुभव एवं दूरदर्शिता हमारे लिए एक अनमोल प्रेरणा है और उनके आशिर्वाद से शोध प्रकोष्ठ को जनहित तथा पार्टी के वैचारिक मूल्यों के अनुरूप नवीन दिशा देने में सफलता मिलेगी। साथ ही डॉ. विनय सोनी ने भी धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि वे संगठन को मजबूत बनाने तथा शोध-आधारित कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुँचाने में अपना पूर्ण योगदान देंगे।

## भाजपा हमीरपुर ने भोरंज विधानसभा में मंडल स्तरीय बैठकों के माध्यम से संगठन को दिए समुचित दिशा-निर्देश

भोरंज विधानसभा क्षेत्र में समीरपुर व भोरंज मंडलों की संगठनात्मक बैठकों से भाजपा ने तेज की आगामी गतिविधियों की तैयारी

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला हमीरपुर द्वारा भोरंज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत समीरपुर एवं भोरंज दोनों मंडलों की संयुक्त रूप से मंडल पदाधिकारियों, तथा मोर्चों व प्रकोष्ठों के कार्यकारिणी सदस्यों की बैठकों का आयोजन किया गया। इन बैठकों की अध्यक्षता समीरपुर मंडल अध्यक्ष अभयवीर लवली एवं भोरंज मंडल अध्यक्ष अशोक ठाकुर ने की। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, जिला प्रभारी एवं भाजपा प्रदेश सचिव अमित ठाकुर, जिला सह-प्रभारी प्रियव्रत शर्मा और भोरंज विधानसभा से पूर्व में विधायक रहे अनिल धीमान विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठकों में संगठन की वर्तमान गतिविधियों का समग्र मूल्यांकन किया गया तथा आने वाले समय में पार्टी द्वारा संचालित किए जाने वाले अभियानों और कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता बढ़ाने तथा विभिन्न संगठनात्मक इकाइयों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने पर गंभीर मंथन हुआ। पार्टी की विचारधारा और नीतियों को आम जन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने को प्राथमिक लक्ष्य बताया गया।

इस दौरान जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने संगठनात्मक कार्यों की प्रगति पर समीक्षा की और पार्टी पदाधिकारियों से समर्पण, अनुशासन और टीम भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी की सक्रिय भूमिका से ही संगठन सशक्त बनता है और यही मजबूती पार्टी को जनआधार प्रदान करती है। जिला सह-प्रभारी प्रियव्रत शर्मा ने डिजिटल माध्यमों की उपयोगिता पर बल देते हुए कहा कि सोशल मीडिया आज जनसंवाद का एक सशक्त मंच बन चुका है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि केंद्र सरकार व प्रदेश संगठन की जनहितकारी नीतियों, उपलब्धियों और सकारात्मक कार्यों को डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से व्यापक स्तर पर साझा किया जाए, ताकि सही जानकारी जनता तक समय पर पहुंचे।

जिला प्रभारी एवं भाजपा प्रदेश सचिव अमित ठाकुर ने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों और अभियानों की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा तय किए गए लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सुनियोजित कार्यप्रणाली, निरंतर जनसंपर्क और अनुशासनबद्ध संगठनात्मक ढांचे की अहम भूमिका है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जिला हमीरपुर का संगठन पूरी प्रतिबद्धता के साथ इन लक्ष्यों को प्राप्त करेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम ने भगत राम चौहान के निधन पर शोक व्यक्त किया

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने पूर्व विधायक भगत राम चौहान के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। वे लंबे समय से अस्वस्थ थे और आज उनका निधन हो गया। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि भगत राम चौहान ने शिमला जिला के कुमारसैन क्षेत्र के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई और उनके योगदान को क्षेत्र के लोग सदैव याद रखेंगे। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### चिट्टा/ हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार

**कुल्लू 5 जनवरी (अशेष शर्मा)।** पुलिस थाना भून्तर की टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर कुटिआगे स्थित एक रिहायशी मकान में दबिश दी। तलाशी के दौरान किरायेदार प्रेम दास (37 वर्ष) पुत्र ढाले राम निवासी गाँव निंगणा डाकघर दियार तहसील भून्तर जिला कुल्लू के कमरे से 19 ग्राम चिट्टा/ हेरोइन बरामद की गई है । इस संदर्भ में उपरोक्त आरोपी प्रेम दास के विरुद्ध पुलिस थाना भून्तर में मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 21 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार कार्यवाही करने के उपरांत बरामदा नशा की खरीद फरोख्त एवं नेटवर्क संबंधी पहलुओं की जांच की जा रही है। अभियोग में आगामी अन्वेषण जारी है ।

## बालिका सशक्तिकरण व संतुलित लिंगानुपात सुनिश्चित करने को निरंतर प्रयास : मुख्य चिकित्सा अधिकारी

पीसी-पीएनडीटी एक्ट पर जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को पीसी-पीएनडीटी एक्ट को लेकर गठित ि?ला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें समिति के सरकारी एवं गैर-सरकारी सदस्यों ने सहभागिता की। बैठक में ि?ले में बालिका संरक्षण, महिला सशक्तिकरण तथा संतुलित लिंगानुपात बनाए रखने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की गई।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि ि?ले में बाल लिंगानुपात को सुदृ? बनाए रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरंतर निगरानी, जागरूकता एवं प्रवर्तन की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष सतर्कता के साथ निगरानी रखी जा रही है तथा समय-समय पर सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों का नियमित निरीक्षण किया जाता है।

उन्होंने जानकारी दी कि वर्तमान में ि?ले में 27 अल्ट्रासाउंड केंद्र एवं एक आईवीएफ केंद्र पंजीकृत हैं, जहां सभी वैधानिक प्रावधानों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि अब तक किसी भी क्षेत्र से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, जो स्वास्थ्य विभाग की पारदर्शी एवं सख्त निगरानी व्यवस्था को दर्शाता है।

डॉ. वर्मा ने कहा कि पीसी एवं पीएनडीटी अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से कन्या संरक्षण को प्राथमिकता दी जा रही है तथा कानून के तहत सभी आवश्यक कदम सुनिश्चित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि आगामी समय में खंड स्तर पर बैठकें आयोजित की जाएंगी तथा पंचायत स्तर पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य संबंधी सूचना बोर्ड स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही ि?ले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में बाल लिंगानुपात से संबंधित आंक?ों के संधारण के लिए पृथक रजिस्टर रखना अनिवार्य किया जाएगा, ताकि निगरानी व्यवस्था और अधिक सुदृ? हो सके। बैठक में जिला परिषद सदस्य बसाल उर्मिला शर्मा, पंचायत प्रधान धर्मपुर सुभद्रा देवी, पंचायत प्रधान बाथू सुरेखा राणा, पंचायत प्रधान हरोली रमन कुमारी सहित चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी सुखदीप सिंह, डॉ. एकता तथा डॉ. विकास चैहान सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## होटलियर एसो. मनाली ने विधायक सुंदर सिंह ठाकुर से की शिष्टाचार भेंट

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 5 जनवरी।** होटलियर एसोसिएशन मनाली के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर से शिष्टाचार भेंट की। एसोसिएशन के अध्यक्ष रोशन ठाकुर, उपाध्यक्ष मान चंद, महासचिव गौरव ठाकुर तथा कोषाध्यक्ष मकर ध्वज शर्मा ने एसोसिएशन की ओर से पर्यटन एवं होटल उद्योग से जुड़ी विभिन्न समस्याओं, चुनौतियों एवं संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की।



भेंट के दौरान होटलियर एसोसिएशन ने मनाली एवं आसपास के पर्यटन स्थलों में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, यातायात प्रबंधन, पार्किंग , स्वच्छता, सीजनल दबाव, बिजली-पानी की उपलब्धता, पर्यावरण संरक्षण सहित अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की। इसके अतिरिक्त होटल व्यवसाय से जुड़े हितधारकों को आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने होटलियर एसोसिएशन द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और कहा कि मनाली प्रदेश का एक प्रमुख पर्यटन केंद्र है तथा सरकार पर्यटन विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।



## उपमुख्यमंत्री ने गोंदपुर में सुनीं जनसमस्याएं

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

बोले...जनकल्याण, विकास और सेवा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

**ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सोमवार को गोंदपुर स्थित व्यावसायिक प्रोत्साहन केंद्र में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के लोगों की जनसमस्याएं सुनीं। उन्होंने प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार जनकल्याण, विकास और सेवा की भावना के साथ कार्य कर रही है तथा आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसमस्याओं के निपटारे में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और सभी मामलों में संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की नीतियों का केंद्र बिंदु गांव, गरीब और आमजन की सेवा है। जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू कर उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की स्पष्ट प्रतिबद्धता है।

उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसंवाद के दौरान प्राप्त प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास एवं मूलभूत सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके

**निरीक्षण** | सोलन में इनर व्हील क्लब का वार्षिक निरीक्षण, समाजसेवा की परियोजनाओं की चेयरमैन ने की सराहना

## स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना समाज के लिए आवश्यक सेवा : पूजा

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर


**सोलन।** इनर व्हील क्लब सोलन का वार्षिक निरीक्षण डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन इनर व्हील क्लब 308 पूजा गोयल द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने क्लब के रिकॉर्ड का गहन निरीक्षण किया तथा क्लब द्वारा वर्ष भर किए गए सेवा कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। जिला अध्यक्ष ने कहा कि इनर व्हील क्लब सोलन समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर सराहनीय कार्य कर रहा है और जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।




नरीक्षण के दौरान क्लब की अध्यक्ष चारू चौहान, सचिव कुमुद ठाकुर, कोषाध्यक्ष पायल तोमर, आईएसओ रीना बाली तथा उपाध्यक्ष नलिनी प्रभाकर उपस्थित रहीं। सभी पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष को क्लब की गतिविधियों और परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इसके उपरांत जिला अध्यक्ष पूजा गोयल ने सोलन जिला न्यायालय परिसर के समीप स्थापित जल शोधक यंत्र का मौके पर जाकर निरीक्षण किया और इस जनहितकारी परियोजना की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना समाज के लिए अत्यंत आवश्यक सेवा है। क्लब की अध्यक्ष चारू चौहान की अध्यक्षता एवं जिला अध्यक्ष पूजा गोयल के सान्निध्य में इनर व्हील क्लब सोलन द्वारा मौके पर ही कई सामाजिक परियोजनाओं का संचालन किया गया।

क्लब द्वारा एक जरूरतमंद लड़की की शादी प्रायोजित की गई, एक जरूरतमंद व्यक्ति को सिलाई मशीन प्रदान की गई, वहीं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पोस्ट वुमन (डाकिया) सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त आंगनवाड़ी के विद्यार्थियों के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को मेज, कुर्सी और खिलौने भी भेंट किए गए, जिससे बच्चों के शैक्षणिक एवं सर्वांगीण विकास में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर ज़ोनल चेयरपर्सन संगीता त्रेहन, ज़ोनल कोऑर्डिनेटर रेनू शर्मा, विमला शर्मा, आरती दुग्गल, नीलम साहनी, सविता शर्मा सहित क्लब की अनेक सम्मानित सदस्य उपस्थित रहीं। सभी ने क्लब की सेवा भावना और सामाजिक प्रतिबद्धता की प्रशंसा की।

# पंजाब में आज कोई भी सुरक्षित नहीं : कमलजीत चावला



**न्यू चंडीगढ़ (जेके बत्ता)।** सीनियर कांग्रेसी नेता व पूर्व वाइस चेयरमैन पंजाब गउ सेवा कमीशन श्री कमलजीत सिंह चावला जी ने प्रेस वार्ता में कहा कि पंजाब में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है! वसूली, गैंगवार, खुलेआम फायरिंग और नशे ने आम जिंदगी को डर के साये में डाल दिया है। आप की खोखली और नाकाम शासन व्यवस्था के खि़लाफ़ आज पंजाब भर में ज़ोरदार विरोध हो रहा है । सीनियर कांग्रेसी नेता व पूर्व वाइस चेयरमैन पंजाब गउ सेवा कमीशन कमलजीत सिंह चावला ने कहा कि अब पंजाब को भ्रष्ट शासन नहीं, सुरक्षा और जवाबदेही चाहिए! अमृतसर में दिन दहाड़े वल्टोहा, तरणतारण से आम आदमी पार्टी के एक सरपंच की हत्या इस कड़वी सच्चाई को उजागर करती है कि जब इनके अपने जनप्रतिनिधि ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आम नागरिक की सुरक्षा का भरोसा किस आधार पर किया जाए?

## पंचकूला में नेशनल हाईवे के टॉल प्लाजा पर पुलिस ने स्थापित किए ड्रिंक एंड ड्राइव के स्थाई नाके

# टॉल प्लाजा पर पियक्कड़ों पर नकेल, 82 चालक काबू

चंडीमंदिर टॉल प्लाजा एवं जलौली टॉल प्लाजा पर ड्रिंक एंड ड्राइव के विशेष नाके लगे

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा



**पंचकूला।** शराब के नशे में नेशनल हाईवे पर ड्राइविंग करने वाले सचेत हो जाएं, क्योंकि चंडीमंदिर या बरवाला के जलौली में बने टोल प्लाज़ों पर पहुंचते ही पुलिस आपको काबू कर लेगी।

सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए और बढ़ते सड़क हादसों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से पंचकूला पुलिस द्वारा नेशनल हाईवे पर विशेष ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत टॉल प्लाजा जैसे संवेदनशील और अधिक यातायात दबाव वाले स्थानों पर विशेष नाके लगाकर वाहन चालकों की सघन जांच की जा रही है, ताकि शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

एसीपी ट्रैफिक सुरेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले एक सप्ताह के दौरान चंडीमंदिर टॉल प्लाजा एवं जलौली टॉल प्लाजा पर ड्रिंक एंड ड्राइव के विशेष नाके लगाए गए, जिनके दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले 82 वाहन चालकों के चालान काटे गए। इसके अतिरिक्त, पूरे जिले में चलाए गए इस विशेष अभियान के अंतर्गत पिछले सप्ताह कुल 207 चालान किए गए हैं।

### हर समय रहेगी नजर

डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में शराब पीकर वाहन चलाना एक गंभीर और जानलेवा कारण है। इसी को ध्यान में रखते हुए पंचकूला से गुजरने वाले दोनों नेशनल हाईवे पर ड्रिंक एंड ड्राइव के स्थायी नाके स्थापित किए गए हैं, ताकि हर समय निगरानी रखी जा सके और हादसों की रोकथाम की जा सके। पंचकूला पुलिस ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे स्वयं की और दूसरों की जान की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शराब पीकर वाहन बिल्कुल भी न चलाएं, यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा को अपना दायित्व समझें।

# प्राचीन शिव मंदिर अरना - बरना में 17 को होगा श्री नागराज मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह



अर्थ प्रकाश /जेके बत्ता

**न्यू- चंडीगढ़।** इस क्षेत्र का मशहूर व मन्नते पूरी करने वाला अरना बरना प्राचीन शिव मंदिर है जो गांव बडी करोरां स्थित है । अरना बरना प्राचीन शिव मंदिर में श्री नागराज मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह दिवस के उपलक्ष में श्री अखंड रामायण का पाठ किया जाएगा और साथ में नागराज मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा भी की जाएगी। पंडित शैलेंद्र प्रसाद शास्त्री ने बताया कि 16 जनवरी 2026 दिन शुक्रवार प्रात॰ 8॰00 बजे गणेश पूजा के बाद श्री अखंड रामायण पाठ शुरू किया जाएगा। 17 जनवरी दिन शनिवार सुबह 11॰00 बजे हवन यज्ञ कर रामायण को विश्राम दिया जाएगा। सभी श्रध्दालुओ से श्री नागराज मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पहुंचने की अपील की जाती है । इसके बाद सभी भक्तों के लिए दोपहर 12॰00 बजे से अटूट भंडारा चलाया जाएगा। इस मंदिर प्रांगण में भक्तों के सहयोग से हर सोमवार को भंडारा का दिव्य आयोजन भी किया जाता है।

# पंचकूला एक्सटेंशन : घग्गर नदी के किनारे बाढ़ नियंत्रण इंफ्रास्ट्रक्चर होगा मजबूत

पीएमडीए ने इसके लिए एडमिनिस्ट्रेटिव ने दी मंजूरी

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** पंचकूला एक्सटेंशन में घग्गर नदी के किनारे बाढ़ नियंत्रण इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के मकसद से एक बड़ा नदी सुरक्षा प्रोजेक्ट शुरू किया जा रहा है।

12 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट में आईआईटी रुड़की द्वारा की गई एक डिटेल स्टडी के आधार पर पंचकूला एक्सटेंशन में घग्गर नदी के किनारे मौजूदा सुरक्षा कामों और नजदीकी स्थलों को मजबूत किया जाएगा। सेक्टर-24 में मल्टी फीचर पार्क के सामने मौजूदा स्पर नंबर 1 और 5, सेक्टर 26 से 28 के सामने स्पर नंबर 19 से 25 को मजबूत करना और उनके सामने एप्रन बनाना, और पंचकूला एक्सटेंशन के सेक्टर-26 में हर्बल पार्क के पास क्षतिग्रस्त एप्रन की मरम्मत करना शामिल है। उम्मीद है कि यह प्रोजेक्ट पंचकूला एक्सटेंशन में घग्गर नदी के किनारे बाढ़ से सुरक्षा को काफी बेहतर बनाएगा और पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और ग्रीन स्पेस की सुरक्षा करेगा। इस प्रोजेक्ट में तीन साल का मेंटेनेंस और डिफेक्ट लायबिलिटी भी शामिल है, जो काम करने वाली एजेंसी मुफ्त में देगी।

पंचकूला मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (पीएमडीए) ने इसके लिए एडमिनिस्ट्रेटिव मंजूरी दे दी है। पीएमडीए से प्राप्त जानकारी के मुताबिक इस प्रोजेक्ट को 12.91 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर मंजूरी दी गई है। पंचकूला मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी एक्ट, 2021 के प्रावधानों के तहत चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, पीएमडीए ने एग्जीक्यूटिव इंजीनियर-ढ्ढढ्ढ, पंचकूला द्वारा दायर की गई लागत अनुमान के आधार पर प्रशासनिक मंजूरी दे दी है। इस प्रोजेक्ट का खर्च पी एम डी ए फंड से इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट हेड (सड़कें, बिल्डिंग और पुल) के तहत किया जाएगा। इस काम के लिए फंड का प्रावधान पीएमडीए की मीटिंग के दौरान सैद्धांतिक रूप से पहले ही मंजूर किया जा चुका है।

### टेक्निकल मंजूरी की जरूरत

बिडिंग प्रक्रिया शुरू होने से पहले, पीडब्ल्यूडी बी एंड आर, हरियाणा पर लागू गाइडलाइंस के अनुसार, विस्तृत अनुमान के लिए सक्षम अथॉरिटी से टेक्निकल मंजूरी की ज़रूरत होगी। यह काम पीडब्ल्यूडी स्पेसिफिकेशन्स और सरकारी नियमों का सख्ती से पालन करते हुए पोर्टल पर ई-टेंडरिंग के जरिए किया जाएगा। पीएमडीए ने यह भी निर्देश दिया है कि टेंडरिंग और काम की प्रगति को हर पंद्रह दिन में अपनी वेबसाइट पर अपलोड किया जाए। काम पूरा होने पर, पीडब्ल्यूडी कोड के अनुसार पीएमडीए के फाइनेंशियल विंग को एक विस्तृत कंप्लीशन रिपोर्ट सबमिट की जाएगी।



# प्रकाश पर्व पर रागी जत्थे ने गुरबानी कीर्तन कर संगत को निहाल किया

अर्थ प्रकाश/जेके बत्ता

**न्यू- चंडीगढ़।** श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के मौके पर, लोक हित मिशन ने माजरी ब्लॉक, न्यू चंडीगढ़ में चाय और ब्रेड पकोडे का लंगर लगाया।

इस मौके पर, गुरुद्वारा गढ़ी भोरखा साहिब में भाई हरजीत सिंह हरमन के जत्थे ने गुरबानी कीर्तन किया। इसके बाद, गुरमीत सिंह शंटू , रविंदर सिंह बाजिदपुर, भगत सिंह भगत माजरा, मंदीप सिंह खिजराबाद, दर्शन सिंह खेड़ा की नेतृत्व में ब्लॉक मार्केट में लगाए गए लंगर में, संगत को पूरे दिन चाय और ब्रेड पकोड़े परोसे गये और गुरु साहिब के आध्यात्मिक जीवन और महान कार्यों के बारे में भी बताया गया।

इस अवसर पर गुरदीप सिंह मेहरमपुर, गुरिंदर सिंह कैरों, अच्छर सिंह कंसाला, बलिहार सिंह मुंधों, सरपंच शुभम गिरी चांदपुर, जग्गी कदी माजरा, पुरुषोत्तम सिंह चांदपुर, दर्शन सिंह बिलिंग, लखबीर सिंह लक्खा बूथगढ़, सरबजीत सिंह संगतपुरा, कुलवंत सिंह संगतपुरा, विक्की मोहल माजरी आदि ने भी सेवा की।

# चंडीगढ़ में 5 दिवसीय कार्य सप्ताह को लेकर UFBU का धरना प्रदर्शन - 27 जनवरी 2026 को हड़ताल की घोषणा

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई



**चंडीगढ़।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस, जो देश भर में दस लाख से ज़्यादा बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों का प्रतिनिधित्व करने वाली सर्वोच्च संस्था है, ने 5-दिवसीय बैंकिंग सप्ताह को तुरंत लागू करने की मांग को लेकर अपने राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत चंडीगढ़ के बैंक स्क्वायर, सेक्टर 17 में एक धरना प्रदर्शन आयोजित किया।

UFBU ने दोहराया कि यह मांग उचित है और इसे लागू करने में पहले ही देरी हो चुकी है। वर्तमान में, 99त्न से ज़्यादा बैंकिंग लेनदेन क्ख्ढ्ढ, मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग और ञ्जरू जैसे डिजिटल माध्यमों से किए जाते हैं। ग्राहकों को इन वैकल्पिक डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से शनिवार और रविवार को भी बैंकिंग सेवाओं तक बिना किसी रुकावट के पहुंच मिलती है। इसलिए, 5-दिवसीय कार्य सप्ताह से सार्वजनिक सुविधा पर किसी भी तरह से कोई असर नहीं पड़ेगा।

UFBU नेताओं ने बताया कि केंद्र, राज्य, सरकारी संस्थान और नियामक निकाय, जिनमें भारतीय रिज़र्व बैंक भी शामिल है, पहले से ही उत्पादकता, दक्षता और कार्य-जीवन संतुलन के महत्व को समझते हुए 5-दिवसीय कार्य सप्ताह के तहत काम कर रहे हैं। लंबी बातचीत के बाद, UFBU और इंडियन बैंक्स एसोसिएशन के बीच मार्च 2024 में बैंकिंग में 5-दिवसीय कार्य सप्ताह शुरू करने पर सहमति बनी थी। हालांकि, समझौते के बावजूद, भारत सरकार ने अभी तक इसे मंजूरी नहीं दी है, जिससे बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों में व्यापक असंतोष है।

UFBU नेताओं ने चेतावनी दी कि लगातार देरी अनुचित और भेदभावपूर्ण है, खासकर जब इसी तरह के लाभ अन्य क्षेत्रों को दिए गए हैं। उन्होंने सरकार से समझौते का सम्मान करने और बिना किसी और देरी के फैसले को लागू करने का आग्रह किया। स्न्नक्च ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि 5-दिवसीय कार्य सप्ताह लागू नहीं किया गया, तो आंदोलन और तेज़ किया जाएगा, जिसका समापन 27 जनवरी 2026 को अखिल भारतीय बैंक हड़ताल के रूप में होगा।

## न्यूज़ ब्रीफ

### चंडीगढ़ में बीजेपी मेयर पूरी तरह विफल : विजय पाल

**चंडीगढ़ (वीरेन्द्र सिंह)।** आम आदमी पार्टी, चंडीगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष श्री विजयपाल सिंह ने भारतीय जनता पार्टी और उसके मेयर पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पिछले एक वर्ष में BJP के मेयर ने चंडीगढ़ के लिए एक भी ठोस विकास कार्य नहीं किया। पूरे कार्यकाल में विकास पूरी तरह ठप रहा और शहर को केवल घोटालों की सरकार ही मिली। विजयपाल सिंह ने कहा कि मनीमाजरा 24×7 पानी घोटाला भाजपा की सबसे बड़ी प्रशासनिक विफलता का स्पष्ट उदाहरण है। BJP नेता मनीमाजरा की ज़मीन को कम माप कर बेचने की कोशिश करते रहे, लेकिन आज तक मनीमाजरा की जनता को साफ़ पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं कराया गया। यह BJP की जनविरोधी नीति और नाकाम शासन को उजागर करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी के सभी पार्षदों को एमसी हाउस से जबरन बाहर निकाला गया, केवल इसलिए क्योंकि वे जनता के हित में वी -3 सड़कों के निर्माण जैसे बुनियादी मुद्दे उठा रहे थे। बीजेपी को जनता की आवाज़ से डर लगता है, इसी कारण लोकतांत्रिक रूप से चुने गए जनप्रतिनिधियों को चुप कराने का प्रयास किया गया। विजयपाल सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आम आदमी पार्टी चंडीगढ़ की जनता के साथ किसी भी प्रकार का धोखा नहीं करेगी। बीजेपी ने सत्ता का खुला दुरुपयोग कर नगर निगम को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया है, लेकिन अब चंडीगढ़ की जागरूक जनता सब कुछ देख और समझ रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी बीजेपी को मेयर पद से दूर रखने के लिए ठोस और प्रभावी रणनीति तैयार कर रही है, ताकि चंडीगढ़ को भ्रष्टाचार से मुक्त कर वास्तविक और ईमानदार विकास की राह पर लाया जा सके। आम आदमी पार्टी चंडीगढ़ की जनता के साथ मजबूती से खड़ी है और उनके अधिकारों के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रहेगा।

### जेएमजेएस फाउंडेशन और पीआईआरएडीए के बीच एमओयू



**चंडीगढ़ (वीरेन्द्र सिंह)।** जय मधुसूदन जय श्रीकृष्ण फाउंडेशन और प्रोग्रेसिव इंडियन रिसर्च एंड डेवलपमेंट एसोसिएशन के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक फ़िनिश इंस्टिट्यूट सेक्टर 34 चंडीगढ़ में हुई और एक साथ मिलकर पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कार्य करने के निर्णय के साथ मेमोरेंडम ऑफ़स्टेंडिंग का हस्ताक्षर हुआ। जे एम जे एस फाउंडेशन के निदेशक पर्यावरण सेवक प्रभुनाथ शाही एवं पी आई आर ए डी ए की अध्यक्ष डॉ रितु शर्मा ने संयुक्त रूप से एम ओ यू को हस्ताक्षरित किए और नई ऊर्जा के साथ जनहित में कार्य करने का संकल्प लिए। डॉ रितु शर्मा ने बताया कि फाउंडेशन के साथ मिलकर ट्राइसिटी( चंडीगढ़,मोहाली,पंचकुला) सहित पंजाब,हरियाणा और हिमाचल में जलवायु परिवर्तन तथा पर्यावरण संरक्षण और नशामुक्ति के जागरूकता के लिए कार्य करने पर सहमति बनी है। पर्यावरण सेवक प्रभुनाथ शाही ने बताया कि दोनों संस्थाएँ आपस में मिलकर ऊर्जा संरक्षण,जल संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन जैसे महत्वपूर्ण विषयों के साथ पौधारोपण को शत प्रतिशत सफल बनाने पर विशेष रूप से कार्य करेंगे।

### पब्लिक प्लेस पर शराब पीने वाले दो आरोपियों के खिलाफ कारवाई

**चंडीगढ़ (रंजीत शम्मी)।** यूटी पुलिस ने दो अलग अलग मामलो में पब्लिक प्लेस पर शराब पीने वाले दो आरोपियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तुरंत मामले में कारवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर बाद में जमानत पर रिहा कर दिया।

जानकारी के अनुसार सैक्टर-20 की वाइन शॉप के बाहर से पुलिस ने जीरकपुर निवासी राजू को गिरफ्तार किया।जो वहां शराब पीकर हुड़दंग मचा रहा था। इसके अलावा मनीमाजरा की न्यू इंदिरा कालोनी निवासी अलीन को आईटी पार्क स्थित एयरटेल बिल्डिंग की पिछली साइड से सरेआम शराब पीते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस का अभियान शहर में लगातार जारी रहेगा।

# MCC ने दक्षिणी सेक्टरों और गांवों में घर-घर जाकर कचरा अलग करने की जागरूकता और सर्वे अभियान तेज किया

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

हर घर के दरवाज़े पर जानकारी वाले पैम्फलेट बांटे जा रहे

**चंडीगढ़, 5 जनवरी।** सोर्स पर 100 प्रतिशत कचरा अलग करने के लक्ष्य को पाने के लिए, नगर निगम चंडीगढ़ ने शहर के दक्षिणी सेक्टरों के गांवों और कॉलोनियों में घर-घर जाकर कचरा अलग करने का एक खास जागरूकता अभियान शुरू किया है।

इस खास पहल के तहत, सेल्फ हेल्प ग्रुप (स्॥त्र) की महिला सदस्य हर घर जाकर निवासियों को घरेलू कचरा अलग करने के महत्व और सही तरीकों के बारे में बता रही हैं। हर घर के दरवाज़े पर जानकारी वाले पैम्फलेट बांटे जा रहे हैं, जिसमें कचरा अलग करने के चार प्रकारों–गीला, सूखा, सैनिटरी और खतरनाक कचरा–के बारे में साफ तौर पर बताया गया है, ताकि नागरिक घर के लेवल पर सबसे अच्छे तरीकों को अपना सकें। बातचीत के दौरान, निवासियों को यह भी बताया जा रहा है कि कचरा अलग न करने पर जुर्माना लगेगा और जब तक सोर्स पर कचरा अलग नहीं किया जाएगा, तब तक स्रूष्ट बिना अलग किया हुआ कचरा नहीं उठाएगी। इस अभियान का मकसद नागरिकों में जिम्मेदारी की भावना पैदा करना और टिकाऊ कचरा प्रबंधन के लिए व्यवहार में बदलाव को बढ़ावा देना है।

इसके साथ ही, स्रूष्ट इन गांवों और कॉलोनियों में घर-घर जाकर एक डिटेल सर्वे कर रही है ताकि यह पक्का किया जा सके कि हर घर स्रूष्ट के घर-घर कचरा इकट्ठा करने वाले स्टाफ को ठीक से अलग किया हुआ कचरा ही दे। स्॥त्र महिलाओं की खास टीमों को हर घर तक पहुंचने और कचरा अलग करने के बारे में बड़े पैमाने पर जागरूकता पैदा करने के लिए लगाया गया है, जो कचरे के कुशल ट्रांसपोर्टेशन, प्रोसेसिंग और वैज्ञानिक निपटान के लिए ज़रूरी है।

उम्मीद है कि इस व्यापक जागरूकता और सर्वे अभियान से इन इलाकों से पूरी तरह से अलग किया हुआ कचरा इकट्ठा करके महत्वपूर्ण नतीजे मिलेंगे, जिससे स्वच्छता के कुल स्टैंडर्ड में सुधार होगा और एक स्वच्छ, स्वस्थ और अधिक टिकाऊ चंडीगढ़ बनाने में मदद मिलेगी।

# प्राइवेट प्ले वे स्कूलों का पंजीकरण अनिवार्य, रिकॉर्ड की जांच शुरू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** पंचकूला जिले में चल रहे सभी प्राइवेट प्ले वे स्कूलों को नेशनल कमीशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट की हिदायतों के अनुसार चलाया जाना चाहिए। इस संबंध में ncpcr.gov.in साइट पर प्राइवेट प्ले वे स्कूलों के लिए हिदायतें उपलब्ध करवाई गयी है।

डीसी सतपाल शर्मा ने कहा कि प्राइवेट प्ले वे स्कूलों के पंजीकरण के लिए संचालक अब सरल पोर्टल https://saralharyana.gov.in के माध्यम से आवेदन कर सकते है। पंचकूला जिले में चल रहे प्राइवेट प्ले वे स्कूलों का NCPCR की हिदायतों की पालना सुनिश्चित करने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया जाना अनिवार्य है। जिले के जिन प्राइवेट प्ले वे स्कूलों ने पंजीकरण नहीं करवाया है वो जल्द से जल्द अपना पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें।

### ऐसे स्कूलों का निरीक्षण होगा शुरू

महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचकूला की टीम जल्द ही जिले भर में निरीक्षण अभियान शुरू करेगी। निरीक्षण के दौरान बिना पंजीकरण के पाए गए प्राइवेट प्ले वे स्कूलों को तुरंत बंद कर दिया जायेगा और उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों की सुरक्षा और गुणवत्ता पर ध्यान देना और प्राइवेट प्ले- वे स्कूलों की गुणवत्तापूर्ण सेवाओं को सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जायेगा।

# महात्मा गांधी आवास योजना के तहत प्लॉट के आवंटन करने की मांग

## शिवालिक विकास मंच का प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष विजय बंसल एडवोकेट के नेतृत्व में नगर निगम कमिश्नर से मिला

अर्थ प्रकाश/जग्गी



**कालका।** शिवालिक विकास मंच प्रदेश अध्यक्ष एवं कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव विजय बंसल एडवोकेट नेतृत्व में शिवालिक मंच का एक प्रतिनिधिमंडल आज सोमवार को नगर निगम कमिश्नर पंचकूला आरके सिंह को मिला और उन्हें ज्ञापन देकर महात्मा गांधी आवास योजना के तहत गरीबों को 100-100 गज के प्लॉट के आवंटन करने और पिंजौर में आदर्श प्रदर्शन आवासीय योजना के अंतर्गत बनाए गए 24 मकान गरीबों को प्रदान करने की मांग की। इस अवसर पर विजय बंसल के साथ पूर्व पार्षद सलीम दबकोरी, पूर्व पार्षद पंकज, बिशन सिंह, अमन आदि लोग भी थे। ज्ञापन लेने के तुरंत बाद नगर निगम कमिश्नर आरके सिंह ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों को तुरंत इस समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। बता दे कि इससे पूर्व प्रतिनिधिमंडल ने शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल को भी ज्ञापन देकर उपरोक्त मांग की थी मंत्री विपुल गोयल ने तुरंत नगर निगम कमिश्नर को फोन पर तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए थे।

विजय बंसल ने कमिश्नर आर के सिंह को बताया कि हमने 22 अप्रैल 2024 को महानिदेशक शहरी विकास प्रधिकरण हरियाणा को महात्मा गांधी आवास योजना के तहत गरीबों को 100-100 गज के प्लॉट के आवंटन करने और पिंजौर में आदर्श प्रदर्शन आवासीय योजना के अंतर्गत बनाए गए 24 मकान गरीबों को प्रदान करने हेतु ज्ञापन दिया था महानिदेशक ने आश्वासन दिया था कि जून 2024 तक उपरोक्त समस्या का समाधान कर दिया जाएगा लेकिन उस ज्ञापन पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

विजय बंसल एडवोकेट ने बताया कि हरियाणा सरकार ने महात्मा गांधी आवास योजना 2009 के तहत बीपीएल परिवारों और अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को 100-100 गज के प्लॉट देने की योजना बनाई थी जिसके तहत प्रदेश के विभिन्न स्थानों में लाभार्थियों को प्लॉट आवंटित किए जा चुके हैं और लोग अपने आवास बनाकर उनमें रह भी रहे हैं लेकिन जिला पंचकूला के पिंजौर, कालका नगर परिषद क्षेत्र के अधीन पिंजौर ब्लॉक के 27 गांव के लोग अभी भी 100-100 गज के प्लॉट से वंचित है। क्योंकि वर्ष 2010 में 27 पंचायत को पंचकूला नगर निगम में शामिल कर लिया गया था इसके बाद से नगर निगम द्वारा पात्र लोगों को प्लॉट आवंटित नहीं किए हैं। इस विषय पर विजय बंसल एडवोकेट ने हरियाणा सरकार को कानूनी नोटिस भी भेजा था जिसके बाद पंचायत विभाग निदेशक ने नगर निगम में शामिल हो चुके सभी गांव के पात्र लोगों को भी प्लॉट देने के लिए इस विषय में शहरी स्थानीय निकाय विभाग महानिदेशक को पत्र भी लिखा था। जिसके बाद शहरी स्थानीय निकाय विभाग महा निदेशक ने नगर निगम पंचकूला के आयुक्त को गरीबों को प्लॉट आवंटित करने के लिए विगत 7 अगस्त 2018, 3 जनवरी 2019, 16 सितंबर 2019, 19 सितंबर 2020 और 8 जनवरी 2021 को पत्र लिखे लेकिन आज तक लाभ पात्र गरीबों को प्लॉट आवंटित नहीं किए गए है।

बंसल ने बताया कि इस विषय में उन्होंने वर्ष 2018 और नवंबर 2025 को मुख्यमंत्री को भी पत्र लिखकर गरीबों अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को प्लॉट आवंटित करने की मांग की थी। महानिदेशक शहरी स्थानीय निकाय विभाग के निदेशक द्वारा नगर निगम आयुक्त पंचकूला को पांच बार पत्र लिखने के बाद भी प्लॉट आवंटित नहीं किए गए। कई गांवो के कई लोगों के नाम प्लॉट की रजिस्ट्री कर दी गई है प्लॉट के इंतकाल भी हो गए हैं लेकिन अभी तक उन्हें प्लॉट के कब्जे नहीं दिए गए हैं। इसलिए अब गांवो के लाभ पात्रों को प्लाटों के कब्जे दिए जाएं।

जगवीर मलिक ने नेशनल गेम्स में 4 स्वर्ण पदक जीतकर लहराया परचम, भाजपा प्रदेश ने किया स्वागत

# खेल और खिलाड़ी हरियाणा की पहचान, जगबीर मलिक ने अपने आप को साबित किया: बड़ौली

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि खेल और खिलाड़ी हरियाणा की पहचान है। हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के असिस्टेंट स्टेट कमिश्नर (ग्रोथ) जगवीर मलिक ने नेशनल गेम्स में 4 पदक जीतकर अपने आपको साबित किया है कि फिटनेस सिर्फ शारीरिक तंदुरुस्ती तक सीमित नहीं है; यह एक स्वस्थ जीवन जीने का समग्र दृष्टिकोण है। उन्होंने कहा कि नियमित व्यायाम व खेलों का अभ्यास तनाव, चिंता और अवसाद को कम करता है। श्री बड़ौली ने कहा कि 50 की उम्र पार करने के बावजूद जगवीर मलिक फिट रहकर एथलेटिक्स और कुश्ती मुकाबले में हिस्सा लेकर पदक जीतते रहते हैं। युवाओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने पदक विजेता जगवीर मलिक का सोनीपत स्थित अपने निवास पर स्वागत करते हुए कहा कि हरियाणा की नायब सैनी सरकार भी प्रदेश में बेहतरीन खेल नीति लागू की है। इसी खेल नीति का परिणाम है कि आज प्रदेश के हर वर्ग के खिलाड़ी अलग-अलग प्रतियोगिताओं में नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज खेल और खिलाड़ी दोनों ही हरियाणा की पहचान है। उन्होंने कहा कि जगवीर मलिक को उनकी मेहनत व लगन को देखते हुए पिछले दिनों हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के स्टेट चीफ कमिश्नर डॉ.केके खंडेलवाल ने उन्हें असिस्टेंट स्टेट कमिश्नर (ग्रोथ) के पद पर नियुक्त किया।

श्री बड़ौली ने कहा कि हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के असिस्टेंट स्टेट कमिश्नर (ग्रोथ) जगवीर मलिक ने नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 27-28 को आयोजित एसबीकेएफ 13 वें नेशनल गेम्स के दौरान 50-55 आयु वर्ग में 4 स्वर्ण पदक जीतकर अपनी फिटनेस का जलवा दिखाया। नेशनल गेम्स के दौरान उन्होंने एथलेटिक्स के 800, 1500 व 3000 मीटर रेस और कुश्ती मुकाबले (75 किलो) में स्वर्ण पदक जीतकर सभी को प्रभावित किया। उनकी इस सफलता से स्थानीय खेल प्रेमियों, शिक्षा विभाग के कर्मचारियों और उनके पैतृक गांव भैंसवाल कलां के लोगों में खुशी की लहर है। जगवीर मालिक ने कहा कि वे प्रतिदिन दौड़ लगाते रहे हैं जिस वजह से वे चार स्वर्ण पदक जितने में कामयाब हुए हैं।उन्होंने युवा खिलाडियों का आह्वान किया कि वे अनुशासन का पालन करते हुए कड़ी मेहनत करें सफलता अवश्य मिलेगी।

# समालखा बस अड्डे के पास 7 किलो गांजे सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



पानीपत। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह आईपीएस के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने रविवार शाम को समालखा बस अड्डे के पास एक नशा तस्कर को 7 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी नशा तस्कर की पहचान गांव रसलपुर जिला सीतामंढी बिहार हाल किरायेदार गांजबड़ निवासी गोविंद के रूप में हुई है।

एंटी नारकोक्टिस सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि रविवार शाम को एंटी नारकोटिक्स सेल टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक प्लास्टिक कट्टे में मादक पदार्थ लेकर समालखा बस अड्डे के पास बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना को पुख्ता मानते हुए पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। जहां सामने प्लास्टिक कट्टा लिए खड़ा युवक पुलिस टीम को देखकर एकदम तेज कदमों से बस अड्डे की और चलने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए कुछ कदमों पर ही युवक को काबू किया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान गोविंद पुत्र बच्चन राय निवासी रसलपुर सीतामढ़ी बिहार हाल किरायेदा गांजबड़ के रूप में बताई। पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में युवक के प्लास्टिक कट्टे की तलाशी ली तो अंदर गांजा नशीला पदार्थ बरामद हुआ। बरामद गांजे का वजन करने पर 7 किलो ग्राम पाया गया।

इंचार्ज सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उक्त गांजा वह गुरूग्राम में एक युवक से कम कीमत पर खरीदकर पानीपत आसपास के क्षेत्र में बेचने के लिए लेकर आ रहा था। पुलिस ने समालखा अड्डे के पास उसे गांजे सहित गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना समालखा में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर सोमवार को आरोपी गोविंद को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से गहनता से पूछताछ करने के साथ ही नशा सप्लायर के ठीकानों का पता लगा काबू करने का प्रयास करेगी।

# शिकायतों के त्वरित समाधान में उपयोगी सिद्ध हो रहा समाधान शिविर: एसडीएम अंजली श्रोत्रिय

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



गोहाना। सोमवार को सोनीपत रोड़ स्थित उपमंडलीय परिसर गोहाना में एसडीएम अंजली श्रोत्रिय आईएएस ने समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आने वाली शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए समाधान शिविर उपयोगी सिद्ध हो रहा है। समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का समाधान स्थाई व समयबद्ध होना चाहिए। अधिकारी एवं कर्मचारी शिकायतकर्ता की संतुष्टि को प्राथमिकता दें। पुरानी शिकायतों को लंबित न रखें अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर जल्द निवारण करवाएं। समाधान शिविर में गांव बुटाना खेतलान से प्राप्त अवैध कब्जे हटाने की शिकायत के समाधान के लिए एसडीएम अंजली श्रोत्रिय ने बीडीपीओ मुंडलाना को मौका निरीक्षण कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में वार्ड नं0 23, गौतम नगर, गोहाना से इंतकाल दर्ज करने संबंधी शिकायत के समाधान के लिए तहसील गोहाना के अधिकारी को निर्देश दिए तथा गांव चिड़ाना से दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ दिलवाने संबंधी शिकायत के निराकरण के लिए क्रीड ऑपरेटर को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए तुरंत प्रभाव से समाधान करने का प्रयास करें।इस मौके पर नायब तहसीलदार गोहाना जतिन्द्र गिल, बीडीपीओ गोहाना परमजीत रंगा, एएफएसओ राजेश हुड्डा, यूएचबीवीएन जेई राहुल कुमार, एससीपीओ कथूरा सुनील कुमार, अजय कुमार के साथ अन्य विभागों के संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री रिपु मंडल पुत्र श्री नथुनी मंडल पुत्र श्री विभिषण मंडल और श्री राजेश मंडल पुत्र श्री बोलाई मंडल पुत्र श्री शिव धारी, ने अपना पिछला मूल विक्रय विलेख संख्या संख्या 2902 दिनांक 20/03/2012 खो दिया है, जो एक भूखंड/प्लॉट/मकान 9.95 मरला (300 वर्ग गज) खेवट संख्या 1081, खतौनी संख्या 1432, खसरा संख्या 741//22(8-0) तादादी 22 कनाल 8 मरला में स्थित, जो वर्ष 2023-24 की जमाबंदी के अनुसार 1/45 भाग है, ग्राम और तहसील- सिवानी, जिला भिवानी, हरियाणा में स्थित के संबंध में है। यह भूखंड उनके स्वामित्व और कब्जे में है और वे आवास फाइनेंसर्स लिमिटेड शाखा कार्यालय स्थित हिसार से इस संपत्ति पर ऋण ले रहे हैं। मैंने हरियाणा पुलिस के ऑनलाइन पोर्टल पर डीडीआर/एफआईआर/खोई हुई संपत्ति का आवेदन संख्या 132230752600015 दर्ज कराया है। यदि किसी को उक्त खोया हुआ दस्तावेज मिल गया है या किसी को कोई आपत्ति है, तो वह प्रकाशन तिथि से 7 दिनों के भीतर प्रमाण सहित सूचित कर सकता है। निर्धारित अवधि के बाद, इस संबंध में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा और ऐसा दावा झूठा, नकली, तुच्छ, धोखाधड़ीपूर्ण और निराधार माना जाएगा और कानून की दृष्टि में इसका कोई मूल्य नहीं होगा।

अजीत सिंह एडवोकेट
कार्यालय पता: चैंबर संख्या 435,
जिला न्यायालय परिसर, भिवानी मोबाइल - 9813550353

AP-7034

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, सुरेंद्र पुत्र शिव राम संपत्ति के संबंध में मालिक हूं। Property i.e., House Tax Unit no. 358/2(MC Assessment of the year 2013-14), Part of Bearing (New Khewat no. 16), Khasra no. 865 Min, measuring 127.66 Sq. Yards, situated at Ramlal Colony, with in MC Limit Hansi, Tehsil Hansi and Distt Hisar as per Transfer deed no. 976 dated 02.06.2017 and Fard Jamabandi of the year 2021-22. मैंने हांसी में कहीं भी बिक्री विलेख संख्या 1349 दिनांक 07.10.1991 खो दिया है। हांसी में एक डीडीआर नंबर 132290412600027 भी पंजीकृत है। मैं यह भी घोषणा करता हूं कि मैंने उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का ऋण, सीसी सीमा या ओडी सीमा नहीं ली है। यदि किसी को इस संपत्ति में कोई समस्या मिलती है, तो कृपया इस प्रकाशन के 7 दिन के भीतर एडवोकेट भूपेंद्र कुमार, फोन नंबर 8295949981 # 1591, सेक्टर 16-17, हिसार से संपर्क करें।

AP-7033

**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 67/ईटी/2025-26 दिनांक: 31.12.2025

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 03252040 | सेट ऑफ सीट अटैचमेंट प्रोफाइल फार एलएचबी नान एसी चेयर कार कोचेज | 170 सेट | 22.01.2026 |
| 02 | 03252043 | सेट ऑफ एल्युमिनियम पाउडर कोटेड रुफ पैनलस फॉर एलडब्लूएससीजेड कोचेज | 170 सेट | 21.01.2026 |

शुद्धि पत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 60 ईटी/2025-26 दिनांक: 26.11.2025 | टेंडर नं. 03251750ए | निविदा खुलने की तिथि 30/12/2025 के स्थान पर तिथि 17/01/2026 पढे |
| 02 | 61 ईटी/2025-26 दिनांक: 29.11.2025 | टेंडर नं. 15255280 | निविदा खुलने की तिथि 29/12/2025 के स्थान पर तिथि 16/01/2026 पढे |
| 03 | 63 ईटी/2025-26 दिनांक: 11.12.2025 | टेंडर नं. 15255293 | निविदा खुलने की तिथि 06/01/2026 के स्थान पर तिथि 20/01/2026 पढे |
| 04 | 65 ईटी/2025-26 दिनांक: 22.12.2025 | टेंडर नं. 15255292 | निविदा खुलने की तिथि 06/01/2026 के स्थान पर तिथि 20/01/2026 पढे |

(Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in)
उप. मुख्य सामग्री प्रबंधक/फर.

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/एसएमएस & हाउसकीपिंग, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये दो पैकेट प्रणाली आधारित खुली निविदा सूचना सं. -एमसीएफ / आरबीएल/टेंडर/फेबरिकेशन ऑफ रूफ कम्प्लीट/2025-26 & 2026-27/ सी681 दिनांक 01.01.2026 आईआरईपीएस के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है- **कार्य का नाम:**- कार्यक्षेत्र के अनुसार रोबोटिक लाइन पर रूफ कंप्लीट का फेब्रिकेशन।, **कार्य की अनुमानित लागत (रु):**- ₹ 2,55,99,392.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु):**- शून्य, **अमानत राशि:**- ₹ 2,78,000.00, **कार्य की मात्रा:**- 1456 कोच सेट रूफ।, **कार्य समापन की अवधि** - 15 माह।, • निविदा बंद होने की तिथि एवं समय दिनांक 28.01.2026 को 15.00 बजे। • निविदा सूचना, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन **IREPS** वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/एसएमएस & हाउसकीपिंग

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-7043

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि संपतिकर नगरपालिका असंध रिकॉर्ड के अनुसार दुकान नं. 8 करनाल रोड असंध श्री प्रीतम पुत्र हरनाम सिंह निवासी वार्ड नं. 8 असंध के नाम दर्ज है। जिसकी मृत्यु दिनांक 20/05/2021 को होने के उपरांत तहसीलदार असंध व पटवारी की रिपोर्ट अनुसार 1 जसमेर सिंह पुत्र 2 भुपिंद्र कौर 3 यसपाल कौर पुत्रियान प्रीतम सिंह पुत्र हरनाम सिंह है। जिसके अनुसार दुकान नं. 8 करनाल रोड असंध में वारिसान के नाम दर्ज किया जाना है। यदि किसी को किसी भी प्रकार का एतराज व आपत्ति है तो 30 दिन के अंदर अंदर नगरपालिका कार्यालय में अपनी आपत्ति व संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करे। अन्यथा उक्त बारे किसी को कोई एतराज नहीं है तो वारिसानो अनुसार नगरपालिका असंध की दुकान नं. 8 करनाल रोड असंध वारिसानो का नाम दर्ज कर दिया जाएगा सूचित करे।


AP-7029


**सार्वजनिक सूचना**

हम, अंकुश धुरिया पुत्र सुभाष चंदर निवासी मकान नंबर 994, डावरा स्ट्रीट, फाजिल्का और राजिंदर कुमार गखर पुत्र जगदीश लाल गखर निवासी मकान नंबर 829, सेक्टर 91, एसएएस नगर, मोहाली (पंजाब) यह घोषणा करते हैं कि हमारी संपत्ति युनिट नंबर ऑफिस 605, जुबली बॉक, सेक्टर 70, मोहाली, पंजाब (प्रत्येक का 50% हिस्सा) का मूल आवंटन पत्र दिनांक 13-05-2022, बिक्री अनुबंध दिनांक 13-05-2022, बिक्री अनुबंध का एडेंडम दिनांक 14-05-2022, भुगतान रसीद संख्या (1) 3454 दिनांक 10-06-2025 रुपये 500000 (2) JW-4641 दिनांक 15-04-2023 रुपये 1450000 (3) JW-4737 दिनांक 09-05-2023 रुपये 912000 (4) JW-4738 दिनांक 09-05-2023 रुपये 31250 (5) JW-4750 दिनांक 12-05-2023 रुपये 9784 और कब्जा प्रमाण पत्र दिनांक 27-05-2023 खो गये है। यदि किसी को मिलें तो कृपया उपरोक्त पते पर लोटा दें।

AP-7038

**ਗਰੇਟਰ ਮੁਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ, ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ।**
**(ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ)**


ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ


ਲਾਭਪਾਤਰ

ਪਲਾਟ ਨੰਬਰ 1772, ਸੈਕਟਰ-59, ਫੇਜ 5 ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ ਦੇ 50% ਹਿੱਸੇ ਦੇ ਅਲਾਟੀ Kulmohan Sood S/o Sh Sohan Lal Sood R/o House No. 1772 , Phase 5, Sector 59 SAS Nagar ਦੀ ਮੌਤ ਮਿਤੀ 20-06-2024 ਨੂੰ ਹੋ ਗਈ ਹੈ। ਉਕਤ ਪਲਾਟ ਸੰਬਧੀ ਅਲਾਟੀ Kulmohan Sood S/o Sh Sohan Lal Sood ਵਲੋਂ ਆਪਣੀ ਮੌਤ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਆਪਣੀ ਪਤਨੀ Kamlesh Sood ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਕੀਤੀ ਹੈ। ਇਹ ਵਸੀਅਤ ਵਸੀਕਾ ਨੰ: 560, ਜਾਇਦ ਬਹੀ 3, ਮਿਤੀ 22-11-2019 ਰਾਹੀਂ ਸਬ ਰਜਿਸਟਰਾਰ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ ਵਿਖੇ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੈ।

ਹੁਣ ਉਕਤ ਕੀਤੀ ਗਈ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ Kamlesh Sood W/o Kulmohan Sood R/o House No. 1772, Phase 5, Mohail, Sector 59, Pin 160059 ਵੱਲੋਂ ਪਲਾਟ ਨੰਬਰ 1772, ਸੈਕਟਰ-59, ਫੇਜ 5 ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ ਦੇ 50% ਹਿੱਸੇ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਆਪਣੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਲਈ ਦਸਤਾਵੇਜ ਇਸ ਦਫਤਰ ਨੂੰ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੇ ਗਏ ਹਨ ਅਤੇ ਇਹ ਕੇਸ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ), ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿਚ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਮਲਕੀਅਤ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਸਭ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ ਵਲੋਂ ਕੀਤੀ ਗਈ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਸਬੰਧੀ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ-ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ) ਗਮਾਡਾ ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਇਤਰਾਜ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਪਲਾਟ ਨੰਬਰ 1772, ਸੈਕਟਰ-59, ਫੇਜ 5 ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ ਦੇ 50% ਹਿੱਸੇ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਉਕਤ ਲਾਭਪਾਤਰ ਦੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ)
ਗਮਾਡਾ,ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ

AP-7042

**समक्ष : सम्पदा अधिकारी, अर्बन एस्टेट, पंचकूला**
**सार्वजनिक सूचना**

विषय: अलाटी श्रीमती संगीता निझावन की मृत्यु के आधार पर निर्मित प्रापर्टी प्लाट संख्या 1349ए, सेक्टर 21, अर्बन एस्टेट, पंचकुला के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।

रिकार्ड के अनुसार उक्त प्रापर्टी की अलाटी स्व. श्रीमती संगीता निझावन की 23.06.2025 को मृत्यु हो चुकी है तथा उन्होंने कोई पंजीकृत/अपंजीकृत वसीयत नहीं छोड़ी है। वे अपने पीछे निम्नलिखित कानूनी वारिस छोड़गई हैं: 1. श्री नरेंद्र कुमार, (पति) 2. श्री निमित निझावन (पुत्र)।

श्री नरेंद्र कुमार पुत्र श्री धारी लाल निझावन और श्री निमित निझावन पुत्र श्री नरेंद्र कुमार, निवासी 1520, सेक्टर 10ए, गुड़गांव दोनों उक्त संपति को अपने नाम पर हस्तांतरित करने के लिए आवेदन करना चाहते हैं, क्योंकि वे इसके कानूनी वारिस हैं और अपने नाम पर पुन: आवंटन का अनुरोध करते हैं।

यदि किसी व्यक्ति को आवेदकों के पक्ष में उक्त प्रापर्टी के हस्तांतरण संबंधी कोई एतराज है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के भीतर संपदा अधिकारी हूडा, पंचकूला के कार्यालय में उचित प्रमाण सहित लिखित रूप में अपने एतराज बताये अन्यथा उक्त संपति हूडा नीति अनुसार संपदा अधिकारी द्वारा हस्तांतरित/पुन: अलाटमेंट कर दी जाएगी और बाद में किसी दावे पर विचार नहीं किया जायेगा।

कानूनी वारिस : नरेंद्र कुमार और निमित निझावन
संपदा अधिकारी की ओर से

AP-7025

**ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ, ਮੋਹਾਲੀ, ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ।**
**(ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ)**



ਅਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ: 856, ਕਮਰਸੀਅਲ 100 ਵਰਗ ਗਜ, ਸੈਕਟਰ-82 ਏ 83 ਏ ਲੈਂਡ ਪੂਲਿੰਗ, (ਐਸ.ਸੀ.ਓ. ਨੰ: 139 ਪਾਕਿਟ-ਸੀ, ਸੈਕਟਰ-82 ਅਲਫਾ) ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ ਦੇ ਅਲਾਟੀ Baldev Singh S/o Naranjan Singh R/o VPO Manauli Tehsil & Distirct SAS Nagar ਦੀ ਮੌਤ ਮਿਤੀ 18-06-2014 ਨੂੰ ਹੋ ਗਈ ਸੀ। Kulvir Singh Sarpanch VPO Manauli Tehsil & District SAS Nagar ਵਲੋਂ ਦਿੱਤੇ ਗਏ ਹਲਫੀਆ ਬਿਆਨ ਅਨੁਸਾਰ ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ Promila Rani ਦੇ ਹੇਠ ਲਿਖੇ ਕਾਨੂੰਨੀ ਵਾਰਸ ਤਸਦੀਕ ਕੀਤੇ ਗਏ ਹਨ:-

1.Baljit Singh (Son)
2.Satvinder kaur w/o Late Ranjit Singh S/o Baldev Singh
3.Rajveer Singh S/o Late. Ranjit Singh S/o Baldev Singh
4.Simranjeet Kaur D/o Late. Ranjit Singh S/o Baldev Singh

ਉਕਤ ਵਾਰਸਾਂ ਵਲੋਂ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ: 856, ਕਮਰਸੀਅਲ 100 ਵਰਗ ਗਜ, ਸੈਕਟਰ-82 ਏ 83 ਏ ਲੈਂਡ ਪੂਲਿੰਗ ( ਐਸ.ਸੀ.ਓ. ਨੰ: 139 ਪਾਕਿਟ-ਸੀ, ਸੈਕਟਰ-82 ਅਲਫਾ) ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਆਪਣੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਲਈ ਦਸਤਾਵੇਜ ਇਸ ਦਫਤਰ ਨੂੰ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੇ ਗਏ ਹਨ ਅਤੇ ਇਹ ਕੇਸ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ), ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿਚ ਰੈਫਰੈਂਸ ਆਈ.ਡੀ. ਨੰ: 468094 ਨਾਲ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਮਲਕੀਅਤ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਸਭ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ ਦੇ ਕਾਨੂੰਨੀ ਵਾਰਸਾਂ ਸਬੰਧੀ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ-ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ), ਗਮਾਡਾ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਇਤਰਾਜ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ। Kulvir Singh Sarpanch VPO Manauli Tehsil & District SAS Nagar ਵਲੋਂ ਦਿੱਤੇ ਗਏ ਹਲਫੀਆ ਬਿਆਨ ਰਾਹੀਂ ਤਸਦੀਕ ਕੀਤੇ ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ ਦੇ ਉਕਤ ਵਾਰਸਾਂ ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ: 856, ਕਮਰਸੀਅਲ 100 ਵਰਗ ਗਜ, ਸੈਕਟਰ-82 ਏ 83 ਏ ਲੈਂਡ ਪੂਲਿੰਗ (ਐਸ.ਸੀ.ਓ. ਨੰ: 139 ਪਾਕਿਟ-ਸੀ,ਸੈਕਟਰ-82 ਅਲਫਾ), ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਤਬਦੀਲ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ(ਪ)
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ

AP-7031

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई-नीलामी की जाएगी (टेबल के अनुसार) जिसका विवरण वेबसाईट IREPS पर मौजूद है। ई-नीलामी की धरोहर राशि, बोली की 5% होगी तथा बोली, कम से कम बोली मूल्य से 0.2% बढ़ा कर लगानी होगी।

**नीलामी कैटलॉग सं.: UMB-Mix-01-2026 रेट यूनिट: वार्षिक लाइसेंस फीस प्रारंभ होने की तिथि व समय: 14.01.2026 को 10:00 बजे**

| क्र.सं. | लॉट सं. एवं विवरण | नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1 | Catg-UMB-UBC-GMU-161-25-1 (रिफ्रेशमेंट रूम-जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) (आकार 40.61 वर्ग मीटर) सामान्य महिलाओं के लिए अम्बाला सिटी रेलवे स्टेशन। | 14.01.2026 को 10:30 बजे |
| 2 | Catg-UMB-UBC-GMU-161-25-1 (रिफ्रेशमेंट रूम-जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) (आकार 47.40 वर्ग मीटर) अनुसूचित जाति (एससी) श्रेणी के स्वतंत्रता सेनानियों/युद्ध विधवाओं और रेलवे कर्मचारियों की विधवाओं के लिए धुरी रेलवे स्टेशन। | 14.01.2026 को 10:40 बजे |
| 3 | Catg-UMB-BTI-SMU-175-25-1 (खानपान) स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू) (आकार 2.51 x 3.42 वर्ग मीटर) अनुसूचित जाति (एससी) श्रेणी के लिए बठिंडा (बीटीआई) रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग क्षेत्र में। | 14.01.2026 को 10:50 बजे |

ई-नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in को देखें।

File No.NR-UMB0COML(CG)/24/2024-O/o DCM1/UMB/NR 37/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-4045

**अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS** आज ही बुक करें PH. : 0172-2638515, 98883-03520 Email : arthparkashadvt29@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

I, Kasish Thapa d/o Sh. Vishal Singh Thapa, Ex Serviceman Service No. JC287721F, Rank Ex Sub ( Hony Lt.) r/o Village & P.O. Shambhuwala, Tehsil Nahan, District Sirmaur (H.P.)173001 have changed my name from Kasish Thapa (Old Name) to Kashish Thapa (New Name) vide affidavit dated 05-01-2026 before executive magistrate Nahan.
एपी-7020

**मैं,** सलिंन्द्र कौर पत्नी ओम प्रकाश, हरिगढ़ किंगन, कैथल, हरियाणा -136034 ब्यान करती हूं कि मैंने अपना नाम सलिंन्द्र कौर से बदलकर सुलिन्दरो देवी रख लिया है।
एपी-7021

**मैं,** प्रवीण डांग पत्नी श्री सुरेंद्र सिंह हाउस नंबर 574 राधा कृष्णा कॉलोनी नारायणगढ़ जिला अम्बाला ने अपना नाम प्रवीण डांग से बदलकर प्रवीण बाला रख लिया है मुझे भविष्य मुझे इसी नाम जाना जाए।

**मैं,** सुरेंद्र सिंह डांग पुत्र श्री मुंशी राम निवासी हाउस नंबर 574 राधा कृष्ण कॉलोनी नारायणगढ़ जिला अंबाला ने अपना सुरेंद्र सिंह डांग से बदलकर सुरेन्द्र सिंह रख लिया और भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना चाहिए।
एपी-7024

**मैं,** Sarbjit Kaur पत्नी जसवीर सिंह निवासी गांव और पोस्ट ऑफिस- बरवा, तहसील आनंदपुर साहिब जिला रूपनगर, पंजाब ने अपना नाम Sarabjit Kaur से बदलकर Sarbjit Kaur रख लिया है।
एपी-7026

**मैं,** प्रिया गुप्ता, पत्नी श्री अमित गुप्ता निवासी # 605, सेक्टर 10-डी, चंडीगढ़, ने विवाह के बाद अपना नाम प्रिया सिंगला से बदलकर प्रिया गुप्ता कर लिया है।
एपी-7027

**मैं,** बानी कालड़ा पुत्री गुनीत कालड़ा वासी मकान नं. 71, दयाल सिंह कॉलोनी, करनाल-132001 ने अपना नाम बदलकर बानी कालड़ा से बानी रखा है।

**मैं,** संजू पत्नी मनोज कुमार वासी मकान नं. 2231, नजदीक चिटकारा इंटरनेशनल स्कूल सैक्टर-28, पंचकूला ने अपना नाम बदलकर संजू रानी रखा है।

**मैं,** भाविका पुत्री राकेश कुमार कश्यप वासी #519 सैक्टर 11 पंचकूला ने अपना नाम बदलकर भाविका कश्यप रखा है।

**मैं,** कुलदेव कौर पत्नी तेजिंदर सिंह भिंडर वासी मकान नं. 1319, सैक्टर 6, अर्बन एस्टेट करनाल ने अपना नाम बदलकर कुलदेव कौर भिंडर से कुलदेव कौर रखा है।

**मैं,** इंदरजीत कौर पत्नी हरजीत सिंह मान वासी मकान नं. 279 वार्ड नं.12 माता वाली बस्ती टोहाना, फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर इंदरजीत कौर मान रखा है।

**मैं,** परवीन अग्रवाल पुत्र प्रेम चंद वासी मकान नं. 5/25 विजय नगर हुडा काम्पलेक्स रोहतक ने अपना नाम बदलकर परवीन अग्रवाल से परवीन कुमार अग्रवाल रखा है।

**मैं,** उषा देवी पत्नी सुनील कुमार वासी मकान नं. 190 वार्ड नं. 10 मॉडल टाउन रतिया जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर उषा रानी रखा है।

**मैं,** Sarvejeet कौर पत्नी बलविंदर सिंह वासी गांव डिंडोली जिला जींद ने अपना नाम बदलकर Sarvjeet कौर रखा है।

**मैं,** कमलजीत सिंह पुत्र हरबंस सिंह वासी गांव Tugalpur डाक Ledi तहसील छछरौली, यमुना नगर ने अपना नाम बदलकर कमलजीत सिंह से सिंह कमलजीत रखा है।

**मैं,** सुरजीत सिंह पुत्र श्री सोहन सिंह वासी 357 सैक्टर 8 पंचकूला हरियाणा ने अपना नाम बदलकर सुरजीत सिंह से सुरजीत सिंह बत्रा रखा है।

**मैं,** नीरज जिंदल पत्नी अभिषेक जिंदल वासी मकान नं. 1392, जी एफ, सैक्टर-15, पंचकूला ने अपना नाम बदलकर नीरज रखा है।

**मैं,** नवलीन कौर पत्नी अमरजीत सिंह वासी मकान नं. 2427, खालसा मोहल्ला, पटियाला, पंजाब ने अपना नाम बदलकर लवलीन कौर रखा है।
एपी-7031

I, HYMAVATHI DOLA am spouse of No 16114561X Rank HAV Name NARAYANARAO DOLA present residing at 161 Br Coy, 16 Engr Br Regt (PMS), Chandimandir Cantt, Panchkula, Haryana declare that I have changed my name from HYMAVATHI DOLA to DOLA HYMAVATHI.

**मैं,** रुक्मणि शर्मा, सैन्य संख्या- 6499063F, रैंक- हवलदार, नाम- इंद्रदेव शर्मा की माता हूं जो वर्तमान में यूनिट- 603 एएससी बटालियन (एएम), पिन- 905603, पता- 56 एपीओ एन-एरिया, चंडीगढ़ में तैनात है घोषणा करती हूं कि मैंने अपनी जन्मतिथि 01/07/1958 से 01/01/1961 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11एए219723, दिनांक- 05/01/2026

**मैं,** रुकेमनी शर्मा, सैन्य संख्या- 6499063F, रैंक- हवलदार, नाम- इंद्रदेव शर्मा की माता हूं जो वर्तमान में यूनिट 603 एएससी बटालियन (एएम), पिन- 905603, पता 56 एपीओ एन-एरिया, चंडीगढ़ में तैनात है घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम रुकेमनी शर्मा से बदलकर रुक्मणि शर्मा कर लिया है। शपथ पत्र संख्या 11एए219722, दिनांक 05/01/2026

**मैं,** उमाकांत शर्मा, सैन्य संख्या- 6499063F, रैंक- हवलदार, नाम- इंद्रदेव शर्मा का पिता हूं जो वर्तमान में यूनिट 603 एएससी बटालियन (एएम), पिन- 905603, पता 56 एपीओ एन-एरिया, चंडीगढ़ में तैनात है घोषणा करता हूं कि मैंने अपनी जन्मतिथि 01/07/1955 से 01/01/1951 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या 11एए219724, दिनांक- 05/01/2026

**मैं,** सैन्य संख्या- 4579718K रैंक- हवलदार नाम-भालेराव योगेंद्र दिलीप स्थाई पता- गांव- तांदुळवाडी, पोस्ट- कोलवड, तहसील- बुलढाणा, जिला- बुलढाणा, राज्य- महाराष्ट्र, पिन कोड- 443001 घोषणा करता हूं कि मैंने अपनी बेटी का नाम भालेराव श्रुष्टि योगेंद्र से बदलकर भालेराव सृष्टी योगेंद्र कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA219728, दिनांक- 05/01/2026

**मैं,** मलका रानी सैन्य संख्या- 6504536F, रैंक- सिपाही नाम- नन्द किशोर सिंह की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हुं स्थायी पता- 148, ग्राम-माजरा, खानपुर माजरा, पोस्ट ऑफिस- खानपुर, जिला- बुलंदशहर, राज्य- उत्तर प्रदेश, पिन- 245405 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम मलका रानी से बदलकर केएम मलका रानी कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA219730, दिनांक- 05/01/2026

**मैं,** राजकुमारी देवी, सैन्य संख्या- 15798832एन रैंक- नायक नाम- शैलेश कुमार पटेल की मां हूं जो वर्तमान में यूनिट- 142 एडी रजिमेंट (एसपी) सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- काकोपुर पोस्ट मारिकपुर, भगवानपुर, पोस्ट ऑफिस- मारिकपुर, जिला- जौनपुर, उत्तर प्रदेश-222203 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम राजकुमारी देवी से बदलकर राज कुमारी कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11एए219727, दिनांक- 05/01/2026

**मैं,** जो अब तक कमलेश रानी पत्नी विनोद कुमार के नाम से जानी जाती थी, निवासी मकान संख्या 288, हुडा प्लॉट्स, सेक्टर 19, पंचकुला, तहसील पंचकुला, जिला पंचकुला, हरियाणा-134116, भारत, मेंने अपना नाम बदल लिया है और अब से कमलेश के नाम से जानी जाऊंगी।
एपी-7032

**मैं,** अंजु कुमारी, पत्नी श्री पुष्पिन्द्र ठाकुर निवासी मकान नंबर 1407, सेक्टर-4, पंचकुला, हरियाणा, ने अपना नाम अंजु कुमारी से बदलकर अंजु ठाकुर कर लिया है।

**मैं,** पुष्पिन्द्र पुत्र श्री उत्तम सिंह निवासी मकान नंबर 1407 सेक्टर-4 पंचकुला हरियाणा, ने अपना नाम पुष्पिन्द्र से बदलकर पुष्पिन्द्र ठाकुर कर लिया है।
एपी-7033

**मैं,** हेमलता पत्नी राजीव गोयल निवासी # 304, GHS-85, सैक्टर-20, पंचकूला, हरियाणा-134116. अपना नाम बदलकर बदलकर हेमलता गोयल कर लिया है।

**मै,** अनिल कुमार निवासी # 265, रायपुर खुर्द, चण्डीगढ़ अपने नाबालिक पुत्र का नाम बदलकर अंश से अंश दहिया रख लिया है।

**मैं,** विश्वास सुपुत्र राकेश कुमार # 37A, सैक्टर 51-A, चंडीगढ़ अपना नाम बदलकर विश्वास से विश्वास सहोता रख लिया है।

**मैं,** रेखा पत्नी पंकज मिन्हास # 37A, सैक्टर 51-A, चंडीगढ़ अपना नाम बदलकर रेखा से रेखा मिन्हास रख लिया है।
एपी-7035

**मैं,** बलविन्द्र कुमार निवासी 1064, सेक्टर-13, हिसार-125001, हरियाणा घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम बलविन्द्र कुमार से बदलकर बलविन्द्र कुमार जैन रख लिया है।
एपी-7037

**मैं,** नरिंदर कुमार सुपुत्र वेद प्रकाश गंभीर निवासी # 3790 सेक्टर 22-डी, चंडीगढ़, ने अपना नाम बदलकर नरिंदर कुमार गंभीर रख लिया है।

**मैं,** Mohd. Shadab सुपुत्र Mohd. Altaf निवासी # 2392 Mariwala Town, मनीमाजरा, चंडीगढ़, ने अपना नाम बदलकर Shadab Ahmad रख लिया है।

**मैं,** एस. मुदिता पत्नी ए. शंकर निवासी # 2021/1 एचआईजी फ्लैट सेक्टर 47-सी, चंडीगढ़ ने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम Selina Sree से बदलकर S.M. Selina Sree रख लिया है।
एपी-7039

**मैं,** विक्रम पुत्र बारू राम, निवासी H.No, 967/18 शिव कॉलोनी, जींद तहसील और जिला जींद अपने हल्फ से ब्यान करता हूं कि मैंने अपना नाम विक्रम से बदलकर विक्रम सिंह रख लिया है। भविष्य में मुझे विक्रम सिंह के नाम से जाना जाए।
एपी-7040

**मैं,** अशोक कुमार पुत्र श्री राम प्रकाश निवासी मकान संख्या 2675, मौली जागरण कॉम्पलेक्स, चंडीगढ़ (केंद्र शासित प्रदेश)-160001, घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम अशोक कुमार से बदलकर अशोक राजपूत कर लिया है।

**मैं,** अंजू पत्नी श्री अशोक, निवासी ग्राम मीरपुर, गुग्गा माड़ी के पास, डेराबस्सी, जिला एसएएस नगर (मोहाली), पंजाब, घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम अंजू से बदलकर अंजू राजपूत कर लिया है।
एपी-7032

**मैं,** सावत्री (आ.नं 2620 1640 9421) पत्नी चंद्रभान निवासी गांव चोपड़ा तहसील असन्ध जिला करनाल- 132039 (हरियाणा) अपने हल्फ से बयान करती हूं कि मैंने अपना नाम सावत्री से बदलकर सुमित्रा देवी रख लिया है भविष्य में मुझे सुमित्रा देवी के नाम से जाना व पहचाना जाए।
एपी-7033

**मैं,** मोहिंद्र पाल पुत्र जवाहर लाल गाँव चंदलाना, जिला कैथल ने अपना नाम मोहिंद्र पाल से बदलकर महेंद्र पाल रख लिया है

**मैं,** विकल पुत्र जागीर सिंह गाँव फरल, जिला कैथल ने अपना नाम विकल से बदलकर वकील रख लिया है।
एपी-7044

**बेदखली सूचना**

**मैं,** गौरी शंकर पुत्र श्री सिकंदर राये निवासी मकान नं. 30 कंमबड़ा तहसील और जिला एस ए एस नगर मोहाली पंजाब घोषणा करता हूं कि मेरी बेटी सोनाली कुमारी मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसीलिए मैं अपनी बेटी को अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। जो कोई भी इस से लेन-देन करेगा खुद जिम्मेवार होगा।
एपी-7022

हम संतोष देवी पत्नी श्री राजबीर व राजबीर पुत्र श्री रामचंद्र निवासी म. 1548,राकेश बुक डिपो बापौली, पानीपत। मेरी पुत्री नेहा हमारे परिवार के कहे सुनने से बाहर है व गलत संगत में पड़ी हुई है, इसी कारण से हमने नेहा को अपनी चल अचल संपति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद नेहा से कोई किसी प्रकार का लेन देन करेगा तो वह स्वयं जिम्मेवार होगें, हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
एपी-7023

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश में क्लासिफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

हम ऐश बहादुर गुरुंग पुत्र सुबरी गुरुंग और माया गुरुंग पत्नी ऐश बहादुर गुरुंग दोनों निवासी # 43 एसबीआई काम्पलेक्स, फेज-10, मोहाली पंजाब घोषणा करते हैं कि हमारा बेटा मनोज गुरुंग हमारे कहने सुनने से बाहर है। इसीलिए हम अपने बेटे को अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करते है।
एपी-7026

हम, सुदर्शन कुमार पुत्र स्वर्गीय श्री सीता राम एवं पूजा देवी पत्नी सुदर्शन कुमार निवासी मकान नं. 207, अभयपुर, नजदीक सैक्टर-19, पंचकुला, हरियाणा यह कि गौरव कुमार (पुत्र) उसकी पत्नी बजन्दिर कौर दोनो हमारे नियंत्रण वा कहने से बाहर है। इन्हें अपनी समस्त चल-अचल संपति वा बैंक बैलस से पूर्णतया बेदखल करते है। भविष्य में उनसे कोई भी लेनदेन करता है या उनके द्वारा किए गए किसी भी कार्यों की जिम्मेदारी हमारी नहीं होगी।
एपी-7030

Asl mdn l l p-qr l t Sl bivr rim vr drSnr dvl pqnl mdn l l vslAn Kinpr clk pTinkt, qihsll q iz l pTinkt d rihx vl h l[ s f IVk krn kmr sif kihx q bihr h[ s A-j Asl as f ApxI qmim c-l Ac-l jiedid ql bdKl krd hl[ A-j ql bAd as nl j vl Ix dx krg ah Kd ijmvr hvg[ sbDq nt krn[
एपी-7028

**मैं,** धूप सिंह पुत्र श्री बशेशर निवासी चक्दा, उप तहसील निसिंग, जिला करनाल ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र पंकज व पुत्रवधू कविता रानी दोनों मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उन दोनों को अपनी चल अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
एपी-7036

हम सुरिंदर कुमार पुत्र गरीब दास और श्रीमती सुदेश रानी पत्नी श्री सुरिंदर कुमार, मकान नंबर 97-ए, सेक्टर 14, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़, सूचित करते हैं कि हमारा पुत्र मंथन और उसकी पत्नी दीक्षा हमारे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए हम इनको अपनी सभी चल और अचल संपतियों से बेदखल करते हैं। इनसे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।
एपी-7035

**मैं,** सुनील कुमार सुपुत्र श्री हरी चन्द निवासी मकान नंबर 887 वार्ड नम्बर 4 खटीक मोहल्ला कालका तहसील कालका जिला पंचकूला हरियाणा बयान देता हूँ कि मेरी पुत्री नैना मेरे कहने से बाहर है और उसे मैंने अपनी चल और अचल संपत्ति से बेदख़ल कर दिया है। जो भी व्यक्ति उससे किसी भी प्रकार लेन-देन करेगा, वह स्वयं जिम्मेदार रहेगा।
एपी-7041

**मैं,** शीला (आ.नं 9368 5957 0871) पत्नी सूरजभान निवासी खेड़ा खेमावती तहसील सफीदों जिला जींद अपनी हल्फ से बयान करती हूं कि मेरा पुत्र बन्सीलाल मेरे कहने- सुनने से बाहर है मैं उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में उससे कोई लेनदेन करता है तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा।
एपी-7033

**खोया-पाया**

**मैं,** शोभा गोयले पत्नी श्री हरि दत्ता गोयले निवासी मकान नं. 127, चरक सदन, विकासपुरी, नई दिल्ली बयान करती हूं कि प्लॉट नं. ए-048, अंसल टाउन, करनाल जिसकी कीमत लगभग रु.-3141439 है जिसके कागजात नं. 366308, 374303, 376186, 391263, 421807, 461037, 482210 जोकि दिनांक 25.12.2025 को अंसल गैलरिया, करनाल में कहीं गुम हो गए हैं। जिसे मिले कृपया उपरोक्त पते पर संपर्क करें।
एपी-7019

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# आगामी आम बजट में राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान दिया जाए : आरती राव

- कहा ,कोई भी क्षेत्र स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे
- बजट तैयारियों की समीक्षा हेतु आयोजित अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव चंडीगढ़ में आयुष एवं मेडिकल एजुकेशन विभाग से संबंधित बजट तैयारियों की समीक्षा हेतु आयोजित अधिकारियों की उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए। (05.01.2026)

**चंडीगढ़, 5 जनवरी।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आगामी आम बजट में राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि जीआईएस मैपिंग के आधार पर यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रदेश का कोई भी क्षेत्र स्वास्थ्य संस्थानों से वंचित न रहे और सभी नागरिकों को समान रूप से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों।

स्वास्थ्य मंत्री आज चंडीगढ़ में आयुष एवं मेडिकल एजुकेशन विभाग से संबंधित बजट तैयारियों की समीक्षा हेतु आयोजित अधिकारियों की उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। बैठक में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की वर्तमान स्थिति, आवश्यकताओं तथा भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री सुधीर राजपाल, आयुष विभाग के महानिदेशक श्री संजीव वर्मा, नेशनल हेल्थ मिशन हरियाणा के मिशन निदेशक श्री रिप्पुदमन सिंह ढिल्लो, मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च विभाग के निदेशक श्री यशेंद्र सिंह, स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक डॉ. मनीष बंसल, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. वीरेंद्र यादव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने जानकारी दी कि राज्य सरकार ने नूंह जिले के गांव टाई में स्थित उप-स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में अपग्रेड करने की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके साथ ही इस स्वास्थ्य केंद्र में आवश्यक स्टाफ की नियुक्ति के लिए लगभग 36 लाख रुपये के व्यय को भी मंजूरी दी गई है, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर और समय पर चिकित्सा सेवाएं मिल सकेंगी।

इसी प्रकार, महेंद्रगढ़ जिले के गांव खातोदड़ा में भी एक नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को प्राथमिक स्तर की स्वास्थ्य सुविधाएं अपने नजदीक उपलब्ध होंगी।

स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में जहां-जहां स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकता है, वहां नई स्वास्थ्य सेवाएं शुरू करने के लिए बजट में अग्रिम प्रावधान सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि दूरदराज और पिछड़े क्षेत्रों में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने दोहराया कि हरियाणा सरकार आमजन के स्वास्थ्य के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और राज्य में सुलभ, सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

# ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने अंबाला कैंट के गांव टुंडली में गुरुद्वारा बाज साहिब के नए भवन का नींव पत्थर रखा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 5 जनवरी।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने आज प्रातः अंबाला कैंट के गांव टुंडली में गुरुद्वारा बाज साहिब के नए भवन का नींव पत्थर रखते हुए गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी टुंडली और श्रद्धालुओं को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि नया भवन पहले से बड़ा और भव्य होगा तथा अधिक श्रद्धालु भवन में बैठ पाएंगे। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने भवन निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पहले अरदास में हिस्सा लिया और नींव पत्थर रखा। 'बोले सो निहाल' जयकारों के बीच श्रद्धापूर्वक गुरुद्वारे के भवन का नींव पत्थर रखा गया।

इससे पहले, गांव टुंडली में पहुंचने पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान गुरमीत सिंह व अन्य ने उनका स्वागत किया। मंत्री अनिल विज को सिरोपा पहनाकर उन्हें सम्मानित भी किया गया।

गुरुद्वारा बाज साहिब प्रबंधक कमेटी के प्रधान गुरमीत सिंह ने बताया कि गुरुद्वारा बाज साहिब का वर्तमान भवन कई दशक पुराना है और छोटा है। अब नया भवन पहले से बड़ा और भव्य बनाया जा रहा है जिसकी आज शुरूआत की गई है।

इस अवसर पर गांव टुंडली से बाबा बचित्तर सिंह, बलबीर सिंह, रघुबीर सिंह, लखविंद्र सिंह, अजैब सिंह, कुलबीर सिंह, नायब सिंह, धीर सिंह के अलावा जसबीर सिंह जस्सी, सुदर्शन सिंह सहगल, रणधीर सिंह, रामबाबू याद, डा. ऋषिपाल, गुरप्रीत सिंह, जसमेर सिंह, रोशन सिंह बरनाला, उधम सिंह, गुरविंद्र सिंह, तरविंद्र सिंह बंटी, गुरदीप सिंह जनेतपुर, बलदेव सिंह, शमशेर सिंह, लाल सिंह, पाल सिंह, बलकार सिंह, रतन सिंह टुंडली, चौड सिंह, कुलबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### 6.49 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी काबू

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत अपराध अनुसंधान शाखा टोहाना पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को हेरोइन सहित काबू किया है। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि संदीप उर्फ कुत्ती पुत्र नरेश कुमार, निवासी वार्ड नंबर 2, राजनगर, टोहाना अपने कब्जे में नशीला पदार्थ रखता है। सूचना की पुष्टि के उपरांत पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की गई। पुलिस को देखकर आरोपी घबरा गया और पीछे की ओर जाने का प्रयास करने लगा, जिसे तत्परता से काबू कर नाम-पता पूछा गया। आरोपी ने अपना नाम संदीप उर्फ कुत्ती पुत्र नरेश कुमार, निवासी वार्ड नंबर 2, राजनगर, टोहाना बताया।नियमानुसार तलाशी के दौरान आरोपी की जेब से पारदर्शी मोमी पाउच में 6.49 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। बताया यह भी जाता है कि टोहाना पुलिस को शहर में हुई चोरी की घटनाओ मै भी यह आरोपी की तलाश थी। इस संबंध में थाना शहर टोहाना में आरोपी के खिलाफ मामला 11/26 धारा 21-क्र/ 61 / 85 एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज करने की प्रक्रिया अमल में लाई गई है। मामले की आगामी जांच जारी है तथा आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### टोहाना में नशा मुक्ति कैंप का आयोजन

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** टोहाना मंडल में नशा मुक्ति टीम ने नशे की लत में फंसे युवाओं का जीवन बचाने के लिए प्रभावित क्षेत्रों में डोर-टू-डोर सर्वे शुरू किया है। इस अभियान के तहत नशा पीड़ितों की पहचान, उनकी काउंसलिंग और उपचार के काम में टीम पूरी मुस्तैदी से लगी हुई है। 6 जनवरी 2026 को राजनगर वार्ड नंबर 1, टोहाना में नशा मुक्ति कैंप का आयोजन किया जाएगा। नागरिक अस्पताल की डॉक्टर टीम मौके पर पहुंचकर नशा पीड़ितों का परीक्षण और उपचार करेगी। इस कैंप में राजनगर, इंदिरा कॉलोनी और आसपास के वार्डों से लगभग तीन दर्जन मरीजों के आने की संभावना है। पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन ने बताया कि नशे की ओवर डोज से हो रही मौतें मानवता पर कलंक हैं। नशे के दलदल में फंसे युवाओं को सबसे पहले मौत से बचाना प्राथमिक लक्ष्य है। उन्होंने सभी विभागों और समाज के लोगों से अपील की कि वे इस मुहिम में सहयोग करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा, 'नशे के खिलाफ लंबी लड़ाई है, इसे जीतने के लिए सभी को एकजुट होकर प्रयास करना होगा। नशे की लत एक बीमारी है, जिसका उचित इलाज संभव है। अभिभावकों और समाज का सहयोग बेहद जरूरी है।'

### बाल कलाकार वानी ने इंडिया टैलेंट फाइट सीजन 6 में दिखाई प्रतिभा



**सफीदों (अप्रस/दीवान)।** महज 8 वर्ष की आयु में नन्ही प्रतिभा वानी ने इंडिया टैलेंट फाइट सीजन 6 के टीवी स्टूडियो राउंड में जूनियर केटेगरी के अंतर्गत शानदार डांस परफॉर्मेंस देकर सफीदों हल्के का नाम रोशन किया है। वानी ने आईटीएफ मंच पर अपने आत्मविश्वास, भाव-भंगिमा और सधे हुए स्टेप्स से जजों व दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। वानी को पिछले 8 महीनों से रास डांस स्टूडियो सफीदों के कोरियोग्राफर मनोज कश्यप द्वारा डांस की गहन ट्रेनिंग दी जा रही है। बेबी वानी की मेहनत और डांस टीचर के मार्गदर्शन का परिणाम आईटीएफ जैसे राष्ट्रीय मंच पर वानी की सशक्त प्रस्तुति के रूप में सामने आया। वानी के मामा दलवीर, उनकी मां सविता रानी, और परिवार ने हर कदम पर उसे प्रोत्साहित किया है। वानी की मां स्वयं भी डांस से जुड़ी रही हैं, जिससे कला के प्रति उसका रुझान बचपन से ही विकसित हुआ। इस उपलब्धि में रवि मोहन, निदेशक, रास डांस स्टूडियो, ने सभी डांस सीखने वाले बच्चों को वानी का उदाहरण देते हुए मेहनत और उनकी जिजीविषा की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज के समय में नृत्य केवल कला ही नहीं बल्कि शरीर और बुद्धि को स्वस्थ रखने में भी सहायक है। भविष्य में नृत्य व्यवसायिक रूप भी ले सकता है। जिनके मार्गदर्शन और मंच ने वानी को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर दिया। आईटीएफ के स्टूडियो राउंड में प्रतिभागियों को कड़े नियमों और अनुशासन के साथ प्रदर्शन करना होता है, जिसमें वानी ने दोनों परफॉर्मेंस समय-सीमा में पूरी कर अपनी परिपक्वता साबित की। परिवार और गुरुओं को विश्वास है कि वानी भविष्य में भी डांस की दुनिया में नए मुकाम हासिल करेगी और सफीदों व प्रदेश का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उजागर करेगी।

### अस्पताल में मरीजों व परिजनों को वितरित किया भोजन

**जींद (अप्रस/रेखा)।** सिविल सर्जन जींद डॉ. सुमन कोहली ने जिला नागरिक अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वार्डों में दाखिल मरीजों व उनके परिजनों का हाल-चाल जाना तथा एनजीओ के सहयोग से उपलब्ध करवाया गया गर्म भोजन मरीजों व उनके परिजनों को वितरित किया। साथ ही सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं भी दीं। सिविल सर्जन डॉ. सुमन कोहली ने बताया कि अस्पताल में दाखिल मरीजों के साथ आने वाले परिजनों को एनजीओ के सहयोग से नियमित रूप से भोजन उपलब्ध करवाया जाता है। मरीजों के परिजनों के लिए गर्म कंबलों की भी व्यवस्था की गई है। जिन्हें आवश्यकता हो, वे अस्पताल में रहने की अवधि तक कंबल ले सकते हैं तथा मरीज की छुट्टी होने पर कंबल वापस जमा करवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त मरीजों के परिजनों के ठहरने की भी उचित व्यवस्था अस्पताल में की गई है। सिविल सर्जन महोदया ने अन्य गैर-सरकारी एवं सामाजिक संस्थाओं से भी इस पुण्य कार्य में सहयोग देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जो भी संस्थाएं इस प्रकार की भोजन वितरण सेवा देना चाहती हैं, वे अस्पताल के डायटीशियन से समन्वय स्थापित कर इस सेवा कार्य में भागीदार बन सकती हैं।

## हरियाणा गउसेवा आयोग के चैयरमैन श्रवण गर्ग ने गउशालाओं के प्रतिनिधियों और विभागों के अधिकारियों की ली बैठक

अर्थप्रकाश/वालिया/अरविंद शर्मा

**कुरूक्षेत्र, 5 जनवरी।** हरियाणा गउ सेवा आयोग के चैयरमैन श्रवण कुमार गर्ग ने कहा कि जल्द ही हरियाणा देश का पहला ऐसा राज्य होगा, जंहा एक भी बेसहारा पशु वंश सड़को पर नही दिखाई देगा। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश की सभी गउशालाओं में बेसहारा पशु व गउवंश को समायोजित किया जा रहा है।

आयोग के चैयरमैन श्रवण कुमार गर्ग सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में गउशालाओं के प्रतिनिधियों और संबधित विभागो की बैठक को संबोधित कर रहे थे। चैयरमैन का बैठक में पहुंचने पर उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए चैयरमैन ने कहा कि जब प्रदेश सरकार सत्ता में आई थी, तो बजट करीब 2 करोड़ था जो अब बढकर 595 करोड़ हो गया है। उन्होने कहा कि गउशालाओं को मनरेगा के साथ जोड़ा गया है तथा गउशालाओं को जमीन देने का भी प्रावधान किया गया है। कुरूक्षेत्र जिलें में करीब तीन माह पहले करीब एक करोड़ 26 लाख रूपये की राशि जारी की गई है और इससे दोगुणी राशि जल्द ही गउशालाओं को भेज दी जाएगी। उन्होने कहा कि गउशालाओं को कोई रजिस्ट्री खर्च नही देना होता है और दो रूपये बिजली दर से बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है।

चैयरमैन ने कहा कि हरियाणा गउ सेवा आयोग द्वारा जल्द ही गउशालाओं को ई-रिक्षा दी जाएगी। जिन गउशालाओं में शेड कार्य के लिए 5 लाख रूपये भेजे गए थे, उन्हें काम चैक करने के बाद 5 लाख रूपये ओर दिए जाएगें।

## राक्षी नदी पर सेकेंड फेज के ट्रफ कार्य का डिजाइन तैयार, जल्द होगा टेंडर : मेहता

### एसडीएम अनुभव मेहता ने किया राक्षी नदी का निरीक्षण, सीजन से पहले सफाई करवाने के दिए निर्देश

अर्थप्रकाश/वालिया/अरविंद शर्मा



**लाडवा, 5 जनवरी।** एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि राक्षी नदी पर सेकेंड फेज के ट्रफ कार्य का डिजाइन तैयार हो चुका है। अब विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया को अमल में लाया जाएगा। लाडवा के नागरिकों और फसलों के बचाव के लिए राक्षी नदी पर ट्रफ कार्य व रास्ता निर्माण काफी महत्वपूर्ण है। पिछले कुछ दिनों पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा विधानसभा के लोगों की बड़ी मांग को देखते हुए राक्षी नदी पर ट्रफ कार्य व रास्ता निर्माण के लिए 13.28 करोड़ रुपए की राशि को मंजूरी दी है। इसमें से ट्रफ निर्माण के पहले फेज का कार्य पूरा हो चुका है।

एसडीएम अनुभव मेहता ने सोमवार को राक्षी नदी के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और अधिकारियों को कुछ आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि इस बार राक्षी नदी की सफाई का कार्य जल्दी शुरू किया जाएगा, ताकि बरसात के सीजन में किसी प्रकार की दिक्कत परेशानी ना हो।

उन्होंने कहा कि राक्षी नदी पर आरडी 29800 से आरडी 35500 यानी बाबैन रोड से पिपली रोड पेवर्ड पैथ बनाए जाने के आदेश दिए। साक्षी नदी के बाई साइड में इस रास्ते का निर्माण किया जाना है। इस कार्य की टेंडर प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इसके बाद निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की मीटिंग में इस कार्य की मंजूरी मिली थी और अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस कार्य के लिए 5 करोड़ 25 लाख 69 हजार रुपए राशि को मंजूरी दी है।

एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राक्षी नदी पर आरडी 29800 से आरडी 31600 और आरडी 33800 से आरडी 35500 तक ट्रफ बनाने के कार्य को हरियाणा राज्य सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की मीटिंग में मंजूर किया था। इस कार्य की मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सरकार द्वारा 5 करोड 1 लाख रुपए की मंजूरी दी जा चुकी है। इस कार्य का डिजाइन तैयार हो चुका है और जल्द ही इस कार्य के टेंडर लगाने का कार्य शुरू हो चुका है।

एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि राक्षी नदी पर आरडी 31600 से आरडी 33800 तक 3 करोड़ 12 लाख रुपए से ट्रफ बनाने का कार्य को पूरा हो किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद लाडवा शहर की आबादी क्षेत्र व फसलों को नुकसान नहीं होगा। लाडवा शहर, इसके आस-पास के डेरों व कॉलोनियों के हजारों नागरिकों की सुरक्षा, सम्पत्ति व फसलों को बचाने के लिए इन कार्यों को करवाया जा रहा है।

## पति ने पत्नी की गला घोटकर हत्या के बाद स्वयं भी जोहड़ में कूदकर की आत्महत्या

अर्थ प्रकाश/विकास कश्यप

**लाडवा, 5 जनवरी।** लाडवा खंड के गांव दबखेड़ा में उस समय दहशत फैल गई जब एक पति ने अपनी ही पत्नी की गला घोटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद पति ने भी गांव के जोहड़ में कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतकों की पहचान रणदीप व पत्नी निशा के रूप में हुई है। घटना सोमवार रात्रि करीब 1 बजे की बताई जाती है। मृतक दंपती अपने पीछे 2 बेटों को छोड़ गए। सुचना मिलते ही लाडवा सब इंस्पेक्टर मुलचंद व ए.एस.आई. संजीव कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मृतक निशा के शव को कब्जे में लेकर जोहड़ में कुदे मृतका के पति रणदीप सिंह की तलाश शुरू कर दी गई।



मृतक रणदीप गांव में लगे सी.सी.टी.वी. कैमरे में गांव के जोहड़ में कुदता नजर आ रहा है। पुलिस ने गोताखोर प्रगट सिंह की सहायता से जोहड़ में सर्च अभियान चलाकर करीब आधा घंटे के सर्च अभियान के दौरान मृतक रणदीप सिंह के शव को जोहड़ से बरामद कर लिया गया। मौके पर सीन आफ क्राइम की टीम को भी बुलाया गया है। पुलिस ने दोनों पति-पत्नी के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कुरुक्षेत्र भेज दिया गया। मामले की जांच कर रहे जांच अधिकारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद ही सही कारणों का पता चल पाएगा की मृतक रणदीप ने क्यों अपनी पत्नी की हत्या कर स्वयं जोहड़ में कुदकर आत्महत्या की है यह जांच का विषय है और पुलिस जांच के बाद ही मामले के सही कारणों का पता चल पाएगा। लाडवा थानाध्यक्ष जगदीश टामक ने बताया कि दंपती के शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। शुरुआती के मुताबिक पत्नी निशा के पास किसी विदेश नंबर से काल आई थी, जिसके बाद उसने किसी बैंक अकाउंट में पैसे ट्रांसफर कर दिए। उसके बाद दोनों में झगड़ा हो गया। मामले की जांच के बाद ही सच्चाई सामने आएगी। पुलिस जांच कर रही है। मृतक महिला के पास कहां से और किसका फोन आया था।

### राधा कृष्ण स्कूल में हिंदी क्षमता संवर्धन कार्यक्रम आयोजित

**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** राधा कृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सीबीएसई द्वारा हिंदी विषय पर दो दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ प्रार्थना सभा में किया गया। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन पवन शर्मा मदर्ज प्राईड स्कूल चीका तथा विनोद कुमार पांडे दयाल सिंह स्कूल करनाल ने मार्गदर्शन प्रदान किया। दोनों रिसोर्स पर्सन ने हिंदी शिक्षण को अत्यंत सरल, रोचक एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उनके द्वारा दिए गए उदाहरण, गतिविधियां एवं व्यावहारिक शिक्षण विधियां शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी रहीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनू नरवाल ने रिसोर्स पर्सन का स्वागत करते हुए कहा कि हिंदी भाषा हमारी संस्कृति, संस्कार और संवेदनाओं की आत्मा है। हिंदी भाषा के माध्यम से ही विद्यार्थियों में नैतिकता, बौद्धिकता एवं अभिव्यक्ति क्षमता का विकास संभव है। विद्यालय के एमडी लाभ सिंह लैलर ने कहा कि हिंदी भाषा शिक्षण में नवीन शिक्षण विधियों को अपनाना समय की आवश्यकता है।

## हमारा परिवार युवा शक्ति की मासिक बैठक सफीदों में संपन्न, मकर संक्रांति पर भंडारे की घोषणा

अर्थ प्रकाश/दीवान

**सफीदों, 4 जनवरी।** हमारा परिवार युवा शक्ति की मासिक बैठक रविवार को आईआईएमएस सफीदों में सौहार्दपूर्ण और सकारात्मक वातावरण में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक में संगठन से जुड़े बड़ी संख्या में सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य पूर्व में किए गए सेवा कार्यों की समीक्षा करना और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करना रहा। इस दौरान हाल ही में आयोजित वस्त्र वितरण कार्यक्रम की विस्तार से समीक्षा की गई, जिसमें लगभग 100 जरूरतमंद छात्राओं को लाभ पहुंचाया गया। सदस्यों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए भविष्य में ऐसे सेवा कार्यों को और व्यापक स्तर पर आयोजित करने पर सहमति जताई।

इसके साथ ही संगठन के विस्तार, नए सदस्यों को जोड़ने तथा समाज के विभिन्न वर्गों में सामाजिक जागरूकता बढ़ाने को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में अमित राणा, योगेश सहरावत, विशाल, परवीन, अभिषेक दीवान सहित अनेक कार्यकर्ता और सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने संगठन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अपने सुझाव साझा किए।

बैठक के दौरान संगठन के संरक्षक श्री नितिन अग्रवाल ने आगामी 14 जनवरी 2026 (मकर संक्रांति) के पावन अवसर पर अपना बाजार, एम.जी. रोड, सफीदों में विशाल भंडारे के आयोजन की घोषणा की और नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने का आह्वान किया। बैठक का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि हमारा परिवार युवा शक्ति भविष्य में भी समाजसेवा, शिक्षा, जागरूकता और सामाजिक समरसता से जुड़े कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाता रहेगा।

## एसडीएम ने शिविर में सुनी जन समस्याएं, अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश



अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 5 जनवरी।** उपमंडलाधीश (एसडीएम) आकाश शर्मा ने कहा कि आमजन की समस्याओं के समयबद्ध समाधान के लिए आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर प्रशासन और नागरिकों के बीच एक सशक्त सेतु का कार्य कर रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से लोगों को अपनी शिकायतें सीधे प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर मिल रहा है तथा शिकायतों का शीघ्र, पारदर्शी और संतोषजनक निवारण सुनिश्चित किया जा रहा है।

एसडीएम आकाश शर्मा सोमवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने परिवार पहचान पत्र से संबंधित दो और एक शिकायत बिजली विभाग से संबंधित रखी। एसडीएम ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन शिकायत निवारण प्रणाली को और अधिक उत्तरदायी, संवेदनशील और पारदर्शी बनाया जाए, ताकि आमजन को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों के निपटारे में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर युवाओं के लिए किए जा रहे जिम स्थापित

### सांसद द्वारा युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए कुरुक्षेत्र जिले में 13 स्थानों पर स्थापित करवाए जा चुके हैं जिम

अर्थप्रकाश/वालिया/अरविंद शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 5 जनवरी।** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में युवाओं को नशे से दूर रखने और खेल व फिटनेस के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से गांवों और शहरों में जिम स्थापित किए जा रहे हैं। इस कड़ी में कुरुक्षेत्र जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में अब तक 13 स्थानों पर आधुनिक जिम स्थापित कर युवाओं को समर्पित किए जा चुके हैं।

युवाओं को फिटनेस के प्रति जागरूक करने की योजना के तहत कुरुक्षेत्र के शाहाबाद हल्के में गांव बुहावा के वृद्ध आश्रम, शांति नगर कुरड़ी की वाल्मीकि चौपाल, कल्याणा की संत बाबा अजीत सिंह रेसलिंग एकेडमी, लाड़वा हल्के के गांव उमरी के रोड़ भवन, दबखेड़ा के पंचायत भवन, खैरा के खेल स्टेडियम, बाबैन की हरिजन धर्मशाला, गांव बहलोलपुर के महात्मा ज्योतिबा फुले इंटरनेशनल स्किल सेंटर और पेहवा हल्के के गांव अरुणाय की हरिजन चौपाल, सरस्वती खेड़ा भट्ट माजरा की कश्यप चौपाल, दीवाना की सामान्य धर्मशाला में आधुनिक जिम स्थापित किये गए हैं। इसके अतिरिक्त युवाओं के लिए थानेसर हल्के के द्रोणाचार्य स्टेडियम और गांव अमीन के खेल स्टेडियम में भी आधुनिक जिम स्थापित किया गये हैं।

उपरोक्त जानकारी देते हुए सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल क्षेत्र के युवाओं के अच्छे स्वास्थ्य के प्रति गंभीरतापूर्वक कार्य कर रहे हैं। उनके निर्देशानुसार संसदीय क्षेत्र में जिम स्थापित करवाए जा रहे हैं । सांसद नवीन जिन्दल के प्रयासों से स्थापित इन जिमों में युवा बड़ी संख्या में नियमित रूप से व्यायाम करने पहुंच रहे हैं। इससे न केवल युवाओं का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर हो रहा है, बल्कि वे सकारात्मक गतिविधियों से भी जुड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल युवाओं की मांग जानने और युवाओं से संवाद करने के बाद जिम की व्यवस्था करवा रहे हैं ताकि युवा पीढ़ी अधिक से अधिक लाभ उठा सके।

इन जिमों के बारे में संबंधित सरपंचों से जानकारी लेते समय शाहाबाद हल्के के गांव बुहावा के सरपंच संजीव कुमार ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल द्वारा गांव में जिम स्थापित होने से युवाओं में खेल और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ी है तथा वे समय का सही उपयोग कर रहे हैं।

पहोवा हल्के के गांव दीवाना के सरपंच रामनाथ सैनी ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल द्वारा युवाओं को जिम की सुविधा देने से गांव के युवाओं को शहरों की ओर भटकना नहीं पड़ता और वे अपने गांव में ही स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। वहीं लाडवा हल्के के गांव बाबैन के सरपंच संजीव सिंगला ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की यह पहल युवाओं को नशे से दूर रखने और अनुशासित जीवनशैली अपनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जिम खुलने से युवाओं के साथ-साथ ग्रामीणों में भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

# दक्षिण भारत के ये चमत्कारी विष्णु मंदिर, जहां दर्शन मात्र से मिलती है पुण्य फल की प्राप्ति

भगवान विष्णु, भगवान शंकर और ब्रह्मदेव को त्रिदेव कहा जाता है। वहीं भगवान श्रीहरि विष्णु को जगत का पालनहार भी कहा जाता है। भारत में भगवान विष्णु को समर्पित कई प्रसिद्ध मंदिर हैं। श्रीहरि विष्णु के इन प्रसिद्ध मंदिरों के दर्शन करने मात्र से जातक को शुभ फलों की प्राप्ति होती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दक्षिण भारत में स्थित भगवान विष्णु के प्रसिद्ध मंदिरों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके दर्शन का सौभाग्य आपको जरूर प्राप्त करना चाहिए।



**जगन्नाथ मंदिर:** उड़ीसा के पुरी में श्री जगन्नाथ मंदिर भगवान विष्णु के फेमस मंदिरों में शामिल है। इस मंदिर की मान्यता दूर-दूर तक फैली है। यह मंदिर भगवान श्रीहरि विष्णु के रूप में जगन्नाथ भगवान को समर्पित है। पुरी मंदिर में होने वाली वार्षिक रथ यात्रा काफी ज्यादा फेमस है। भगवान जगन्नाथ के मंदिर में कई चमत्कार होते हैं, जो सभी को हैरान कर देते हैं। इस मंदिर में ध्वज हमेशा हवा की विपरीत दिशा में लहराता है।

मंदिर की कभी छाया नहीं दिखती और मंदिर की रसोई में सात मिट्टी के बर्तनों में एक के ऊपर एक रखकर खाना पकाया जाता है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि सबसे ऊपर रखे बर्तन में सबसे पहले खाना पकता है।


**तिरुपति बालाजी:** भगवान विष्णु के प्रसिद्ध मंदिरों में तिरुपति बालाजी मंदिर भी शामिल है। यह आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में तिरुमाला की पहाड़ियों पर स्थित है। तिरुपति बालाजी मंदिर में भगवान विष्णु की पूजा श्रीवेंकटेश्वर स्वामी के रूप में की जाती है। इसलिए यह मंदिर श्री वेंकटेश्वर स्वामी के मंदिर के नाम से जाना जाता है। मंदिर को लेकर धार्मिक मान्यता है कि कलियुग में भगवान श्रीहरि विष्णु इसी स्थान पर निवास करते हैं। माना जाता है कि श्री वेंकटेश्वर की मूर्ति पर लगे बाल असली हैं, जोकि कभी नहीं उलझते हैं और हमेशा मुलायम बने रहते हैं।

पद्मनाभस्वामी मंदिर: पद्मनाभस्वामी मंदिर भगवान पद्मनाभस्वामी को समर्पित है। पद्मनाभस्वामी भगवान श्रीहरि विष्णु के अवतार माने गए हैं। पद्मनाभस्वामी मंदिर केरल राज्य की राजधानी तिरुवनंतपुरम में स्थित है। दूर-दूर से श्रद्धालु मंदिर में भगवान पद्मनाभस्वामी के दर्शन के लिए आते हैं। पद्मनाभस्वामी मंदिर को दुनिया का सबसे धनी मंदिर माना गया है।

**गुरुवायुर मंदिर:** बता दें कि केरल राज्य के त्रिशूर जिले में गुरुवायुर मंदिर स्थित है। इस मंदिर को दक्षिण की द्वारका के नाम से भी जाना जाता है। गुरुवायुर मंदिर से भक्तों की अटूट श्रद्धा जुड़ी हुई है। यह मंदिर भगवान श्रीकृष्ण के बालरूप गुरुवायुरप्पन को समर्पित है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, मंदिर का निर्माण देवगुरु बृहस्पति के द्वारा किया गया था। गुरुवायुर मंदिर की खासियत है कि सूर्यदेव की किरणें सबसे पहले भगवान गुरुवायुर के चरणों पर गिरती है।

# ज्ञान का आना सहज नहीं होता: मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक

चंडीगढ़। ज्ञान का आना सहज नहीं होता बिल्कुल सत्य है, क्योंकि सच्चा ज्ञान केवल जानकारी या किताबी ज्ञान नहीं है, बल्कि यह अनुभव, आत्म-चिंतन, और निरंतर प्रयास से आता है, जो एक लंबी और कठिन प्रक्रिया है, जिसमें अहंकार और भ्रम को दूर करना पड़ता है, और इसके लिए धैर्य और जीवनभर के समर्पण की आवश्यकता होती है. यह कोई ऐसी चीज़ नहीं है जो अपने आप मिल जाए, बल्कि हमें इसके पीछे जाना पड़ता है। श्रद्धा रखने वाले अपनी इंद्रियों पर संयम कर ज्ञान प्राप्त कर लेते हैं। वहीं ज्ञान मिल जाने पर, जल्द ही परम शांति को प्राप्त होते हैं। ज्ञान से ही परम शांति मिलती है। लेकिन ज्ञान का आना सहज नहीं होता। ज्ञान के लिए आपको एकमात्र श्रद्धा का सहारा लेना होगा। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने अणुव्रत भवन सैक्टर-24 तुलसी सभागार मे सभा को संबोधित करते हुए कहे।



मनीषीसंत ने आगे कहा श्रद्धा का एक अर्थ किसी को जानने की उत्कट इच्छा है। बिना जानने की इच्छा के हम किसी को भी जान नहीं सकते। जान लेने के बाद ही हम उसे मान पाते हैं और हमारी श्रद्धा पूर्णता पा लेती है। जिसके अंदर जानने और मानने की अगाध इच्छा होती है, वही श्रद्धालु है और वही ज्ञानी भी। जब हम जान और मान लेते हैं अर्थात ज्ञान प्राप्त कर लेते हैं, तब हमारे भीतर की हलचल समाप्त हो जाती है। हमारी इंद्रिया हमारे भीतर व्यवस्थित और स्थिर हो जाती अपने मस्तिष्क की आंख से अंतिम परिणाम देखिए। यह देखिए कि यदि आप अपने सोचने का तरीका बदल लें, तो आपके जीवन में कितना अंतर आ जाएगा। उस भावना का अनुभव करें, जो एक सकारात्मक सोच वाला व्यक्ति बनने के बाद आती है। जोश, शांति और आनंद की भावना का अनुभव करें। आप यह मानें कि आपके अंदर ये सब भावनाएं हैं। लेखक विलियम आर्थर वार्ड ने कहा है कि यदि आप कल्पना कर सकते हैं, तो आप उसे हासिल भी कर सकते हैं।

मनीषीसंत ने अंत मे फरमाया आप यदि सपने देख सकते हैं, तो उसे पूरा भी कर सकते हैं। फिर आप अपनी कल्पना के घोड़े को प्रचंड तरीके से आगे ही आगे बढ़ने दें और खुद को आदर्श तथा सकारात्मक भले ही आप अभिनय करें, लेकिन इस तरह प्रदर्शित करें कि आप वर्तमान में हैं, आप खुश हैं, आप प्रिय और खुशहाल व्यक्ति हैं। वैसा ही अभिनय करें, जैसा कि आप होने की इच्छा रखते हैं। एक समय ऐसा आएगा, जब आपका मस्तिष्क इतना बदल जाएगा कि आप वास्तव में वैसे ही हो जाएंगे। अपनी भाव-भंगिमा को जांचें, अपने चेहरे के हाव-भाव, दूसरों से संवाद करने के तरीके, सब पर गौर करें। यह सुनिश्चित करें कि आप सकारात्मक हो। जब भी आपको लगता हो कि आप विफल हो रहे हैं, तो खुद से उसी तरह बात करना शुरू कर दें, जैसे आप किसी बच्चे से करते हैं - प्यार, करुणा और प्रोत्साहन के साथ। इससे आप खुद को मानसिक रूप से ऊपर उठाना सीख जाएंगे और हर समय आपका मनोबल ऊंचा रहेगा। अतुल मुनि जी ने फरमाया अपने जीवन को सौहार्दपूर्ण और प्रिय तरीके से जीना सीखें। अपनी सभी चिंताओं और तनाव को दूर भगाएं और खुश रहें। अपने को उस रूप में स्वीकार करें, जो आप इस क्षण हैं। अपने दिल, आत्मा, शरीर और दिमाग का अच्छी तरह से ख्याल रखें, तो आप अपने लिए और दूसरों के लिए भी खुशहाली का सृजन कर पाएंगे।

## खरखौदा समाधान शिविर

# प्राथमिकता के आधार पर करे अधिकारी शिकायतों का निवारण : निर्मल नागर



**सोमवार को समाधान शिविर में प्राप्त हुई 6 शिकायतें**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

खरखौदा/सोनीपत। खरखौदा के लघु सचिवालय में सोमवार को उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान करना रहा।

उपमंडल अधिकारी निर्मल नागर ने कहा कि समाधान शिविर सरकार की जनहितकारी पहल है, जिससे लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं के समाधान की सुविधा मिलती है।शिविर में 6 शिकायतें प्राप्त हुई। उपमंडल अधिकारी ने सभी समस्याओं के समाधान के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में प्राप्त हुई शिकायतों का समयबद्ध तरीके से समाधान करना सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि किसी भी स्तर पर किसी भी अधिकारी के द्वारा कोई लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने बताया कि क्रेडिट से संबंधित प्राप्त शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि अन्य शिकायतों को संबंधित विभागों को अग्रसारित कर ऑनलाइन माध्यम से दर्ज किया गया।उन्होंने बताया कि सभी शिकायतों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जाती है और प्रत्येक मामले का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। शिविर में पुलिस, राजस्व, कृषि, बिजली, पब्लिक हेल्थ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विनम्रता सदैव ऊंचाईयों पर ले जाती है

आज उन्हें लोग जालिम कहते हैं जो अहं मे चूर होते हैं। वह ही जुल्म करते हैं। उनके लिए कहा गया है कि-

जालम जुलमों नहीं डरदे, अपणे अमली आपे मर दे।

भाव, जो अमल कमाते हैं, जो कर्म करते हैं वही पर्याप्त होते हैं उनको डुबोने के लिए, उनके अन्त के लिए। फिर न वो ताकते नजर आती है न वो शरीर नजर आते हैं, न वो साम्राज्य नजर आते हैं। दूसरी तरफ जिन्होने सन्तों-महापुरुषों से समझ को हासिल किया, वास्तविक सीख को अपनाया, वे ऐसा साम्राज्य स्थापित कर गए जिसे युगों बीतने पर भी कोई हिला नहीं सका। वे आज भी कायम है। उन्होंने दिलों में अपना ऐसा स्थान बनाया जो बड़े-बड़े राजा-महाराजा तशद्दुद करने वाल कभी भी बना नहीं पाये बल्कि वे तो ऐसा अपयश लेकर संसार से रुख्सत हुए जो सदियों बादभी कायम है।



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

जिन्होंने स्वयं को कुछ नहीं गिनवाया। सदैव यही कहा कि मैं तो कुछ भी नहीं हूं, मेरा ता कोई अस्तित्व ही नहीं है, वो ऊंचाईयों को छू जाते हैं। महापुरुष-सन्तजन कहते हैं कि जो विनम्र भाव वाले होते हैं वास्तव में वे ही सबसे ऊँचे हुआ करते हैं।

उह उच्चा ए सब लोकां तो पतवन्ता ए उह प्रधान।

साध दी सेवा करके जिसदा हौमे दा मिट जांदा मान।

कहते हैं कि वह सबसे ऊंचा, पतवन्ता तथा प्रधान हुआ करता है जो महापुरुषों से शिक्षा ग्रहण करके, महापुरुषों की सेवा करके अपने मान को गंवा देता है। वैसे भी, जो अपना अस्तित्व ही नहीं मान रहा, उसका नुकसान क्या होगा? एक नन्हीं सी घास की मिसाल देते हैं। जब तेज हवा चलती है, आंधी चलती है तो बड़े बड़े उखड़ कर गिर जात हैं लेकिन वह घास उसी तरह से कायम रहती है। अंग्रेजी में एक कहावत प्रसिद्ध है – Those who sleeps on the floor, do not fall from their beds. अर्थात् जो जमीन पर सोते हैं वे पलंग से गिरते नहीं( जो पहले ही जमीन पर लेटे हैं वे कौन से पलंग से गिरेंगे? सन्त तुकाराम जी ने कहा कि मैं प्रतिष्ठा को विष्ठा मानता हूं। जो पहले ही निमाणा है वह किसी बात पर क्यों कर बौखलायेगा? क्यों कर तिलमिलायेगा? कोई यश होता है तो वह उसे प्रभु कृपा मानता है। वह जानता है कि अभी 50 यश कर रहे हैं तो हो सकता है सैकड़ो-हजारों अपयश कर रहे हो। यह दातार की कृपा है कि यह यश करवा रहा है वर्ना मैं तो कुछ भी नहीं हूं। कबीरजी फरमाते हैं-

**कबीर सबते हम बुरे हम तज भलो सब कोय।**

कोई खाली बोल नहीं है बल्कि ऐसी उनकी मान्यता है। हम अगर तोते की भाँति इन बोलों को रट लें, बालते रहे और कोई जरा सा भी हमारी इच्छा के विपरीत चले तो हम एकदम उससे उलझ पड़े। अगर ऐसा है तो हमारा अभिमान हमसे यह मनवा रहा है कि कबीर हम हैं चंगे, बुरे सब कोय। ऐसा अहं करने से सदैव नुकसान ही होता है और विनम्रत सदैव ऊंचाईयों पर ले जाती है।

## पंचांग

मंगलवार, 6 जनवरी, 2026, सूर्योदयः 07:15 ए एम, सूर्यास्तः 05:39 पी एम, चन्द्रोदयः 08:54 पी एम, चन्द्रास्तः 09:35 ए एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः पौष, पूर्णिमान्त महीनाः माघ, वारः मंगलवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः तृतीया - 08:01 ए एम तक, क्षय तिथिः चतुर्थी - 06:52 ए एम, जनवरी 07 तक, नक्षत्रः अश्लेशा - 12:17 पी एम तक, योगः प्रीति - 08:21 पी एम तक, करणः विष्टि - 08:01 ए एम तक, द्वितीय करणः बव - 07:21 पी एम तक, क्षय करणः बालव - 06:52 ए एम, जनवरी 07 तक, सूर्य राशिः धनु, चन्द्र राशिः कर्क - 12:17 पी एम तक, राहुकालः 03:03 पी एम से 04:21 पी एम, गुलिक कालः 12:27 पी एम से 01:45 पी एम, यमगण्डः 09:51 ए एम से 11:09 ए एम, अभिजित मुहूर्तः 12:06 पी एम से 12:48 पी एम, दुर्मुहूर्तः 09:20 ए एम से 10:01 ए एम, दुर्मुहूर्तः 11:05 पी एम से 12:00 पी एम, अमृत कालः 10:46 ए एम से 12:17 पी एम, वर्ज्यः 12:07 ए एम, जनवरी 07 से 01:41 ए एम, जनवरी 07

## भविष्य फल



**मेषः** भाग्य पर निर्भर न रहें और अपनी सेहत को सुधारने की कोशिश करें, क्योंकि किस्मत खुद बहुत आलसी होती है।

**वृषः** आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल बना रहेगा। किसी खास काम के लिए आपको कोई नया आईडिया मिलेगा।

**मिथुनः** आज आपको क्रोध और वाणी पर संयम बरतना होगा। आज आपका रोगों के इलाज के पीछे धन के खर्च होने की संभावना है।

**कर्कः** प्राप्त हुआ धन आपकी उम्मीद के मुताबिक नहीं होगा। लोगों के साथ ठीक तरह से पेश आएं, खास तौर पर उनके साथ जो आपसे प्यार करते हैं ।

**सिंहः** आज आपका मन सामाजिक और धार्मिक कार्यों की तरफ रहेगा। समाज में लोगों के बीच आपके काम की तारीफ होगी।

**कन्याः** काम करते समय आपको अपनी भावनाओं को नियंत्रण में रखने की कोशिश करनी चाहिए।

**तुलाः** आर्थिक तौर पर सिर्फ और सिर्फ एक स्रोत से ही लाभ मिलेगा। ऐसा कोई जिसके साथ आप रहते हैं, आज आपके किसी काम की वजह से बहुत झुंझलाहट महसूस करेगा।

**वृश्चिकः** आज आपको कुछ जरूरी कामों में दोस्तों से मदद मिलेगी। कई दिनों से अटका हुआ पैसा आज मिलने की पूरी उम्मीद है।

**धनुः** आप अपना कुछ नया शुरू कर सकते हैं ,काफी समय लेने वाला अपना कोई अधूरा काम पूरा कर सकते हैं। आज उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकरः** पैसा अचानक आपके पास अएगा, जो आपके ?र्चों और बिल आदि को संभाल लेगा।

**कुंभः** आज कोई रूका हुआ काम पूरा होगा। शाम तक आपको कोई ऐसा शुभ समाचार प्राप्त होगा, जिसका आपको बहुत दिनों से इंतजार था।

**मीनः** आज यदि किसी बात से परेशान हैं तो उसे शेयर करें, ऐसा करने से आपको कोई कमजोर नहीं समझेगा।

# समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व पारदर्शी तरीके से जल्द समाधान करें अधिकारी: सुशील सारवान



**सोमवार को समाधान शिविर में प्राप्त हुई 16 शिकायतें**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। सोमवार को सोनीपत के लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर के दौरान कुल 16 शिकायतें प्राप्त हुई। उपायुक्त ने सभी शिकायतों के शीघ्र निवारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि समस्या के समाधान के पश्चात शिकायतकर्ता से उसकी संतुष्टि के बारे में अवश्य जानकारी ली जाए।

उपायुक्त ने बताया कि समाधान शिविर आयोजित करने का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित करना है। इस शिविर में सभी विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहते हैं। जिस भी विभाग से संबंधित शिकायत प्राप्त होती है, उस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उसका समाधान किया जाता है।उन्होंने बताया कि समाधान शिविर एक प्रभावी शिकायत निवारण प्रणाली है, जिसके माध्यम से सरकार द्वारा आमजन की शिकायतों का समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से समाधान किया जाता है। इससे प्रशासनिक अधिकारियों की जनता के प्रति जिम्मेदारी बढ़ती है तथा जनता और प्रशासन के बीच विश्वास मजबूत होता है। शिकायतों का समयबद्ध समाधान एवं शिकायतकर्ता की संतुष्टि सुनिश्चित करना इस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाता है।शिविर में डीसीपी कुशल पाल सिंह, सीटीएम डॉ. अनमोल, डीएफओ रेनू बाला, एसीयूटी योगेश दिल्हौर, डीआरओ सुशील शर्मा, डीडीपीओ मनीष मलिक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सोनीपत के नए बस स्टैंड का काम जल्द होगा शुरू

# सभी सुविधाओं से सुसज्जित व अत्याधुनिक होगा नया बस स्टैंड: निखिल मदान

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। सोमवार को विधायक निखिल मदान ने राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर जाट जोशी गांव की जमीन में बनने वाले नए बस स्टैंड की जमीन का दौरा किया। इस मौके पर उनके साथ सोनीपत डिपो के जीएम संजय कुमार और DIMTS (Delhi Integrated Multi Modal Transit System ) एजेंसी के अधिकारी अभिमन्यु सिंह भी मौजूद रहे।

विधायक निखिल मदान ने बताया कि DIMTS एजेंसी के अधिकारियों द्वारा नए बस स्टैंड की पूरी डिजाइनिंग और निर्माण कार्य का पूरा खाका तैयार किया जाएगा। उसके पश्चात बस स्टैंड के निर्माण के लिए पीपीपी मोड पर टेंडर प्रक्रिया शुरू करके निर्माण एजेंसी को कार्य आवंटित किया जाएगा। आज उन्होंने DIMTS एजेंसी को बस स्टैंड की डिजाइनिंग से संबंधित जरूरी सुझाव और निर्देश दिए हैं। जल्द ही नए बस स्टैंड का पूरा डिजाइन तैयार किया जाएगा।



9.33 एकड़ भूमि पर बनने वाले नए बस स्टैंड में 200 से 250 बसों के संचालन की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही यात्रियों के बैठने के लिए विश्राम कक्ष बनाएं जाएंगे। इलेक्ट्रिक बसों की चार्जिंग के लिए चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। दुपहिया और और चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही अन्य व्यावसायिक गतिविधियों के लिए क्षेत्र को डिजाइन किया जाएगा।इसके साथ ही उन्होंने रोडवेज विभाग के जीएम संजय कुमार को निर्देश दिए हैं कि राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर बस स्टैंड के सामने एक फुटओवर ब्रिज के निर्माण के लिए भी कार्रवाई शुरू की जाए, ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण भारत सरकार से जरूरी मंजूरी ली जाए और काम शुरू किया जाए इस अवसर पर जीएम रोडवेज सोनीपत संजय कुमार,ष्ठढ्ढरूञ्जस् से अभिमन्यु सिंह, मोहित राणा, कुलदीप वत्स आदि लोग मौजूद रहे।

# युवकों से मारपीट व गाड़ी से कुचलने की कोशिश मामले में पांचवां आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। जिले के थाना सदर गोहाना की पुलिस ने युवकों से मारपीट कर उनको गाड़ी से कुचलने की कोशिश करने की घटना मे संलिप्त पाँचवे आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी निशांत पुत्र नरेन्द्र निवासी गांव आंवली जिला सोनीपत का रहना वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि 28 दिसंबर को धर्मेन्द्र पुत्र वेदपाल निवासी गाँव रिठाल जिला रोहतक व राजेश पुत्र उमेद निवासी गाँव चमारिया जिला रोहतक ने थाना सदर गोहाना मे शिकायत दी कि हम दोनों नवीन पुत्र भूपसिंह, नैन बिल्डर निवासी बरसी नगर, रोहतक की कंपनी में काम करते है। जिसने सफाई का काम लिया हुआ है और हाल मे गाँव आंवली के नजदीक ष्ठष्ठ8 में सफाई का काम चला हुआ है। आज हम समय तकरीबन पर गाँव आंवली की साईट पर गए थे जहाँ पर हमने देखा कि वहां पर जसबीर उर्फ भल्ला, अमित पुत्र राजबीर, अजय उर्फ सुसु, हर्मेन्द्र पहलवान, निशांत, संजीत पुत्र दलपत वासियान आंवली व अन्य कुछ व्यक्तियों द्वारा की पटड़ी को काटकर अवैध तौर से मशीन से मिट्टी की खुदाई करके दो हाइवा ट्रक में मिट्टी डाल रहे थे।

# शिकायतों का समाधान तय समय में हो, शिकायतकर्ता की संतुष्टि हो प्राथमिकता: प्रवेश कादियान

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। सोमवार को एसडीएम कार्यालय में समाधान शिविर मे सात शिकायतें आई जिनमें से मौके पर ही पांच समस्याओं का निवारण एसडीएम महोदय द्वारा मौके पर किया गया। शिविर के बाद अधिकारियों को निर्देश दिए की पुरानी शिकायतों का निवारण भी जल्द से जल्द आपसी समन्वय बनाकर करे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन शिकायत निवारण प्रणाली को और अधिक उत्तरदायी, संवेदनशील और पारदर्शी बनाने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें तथा इस दायित्व को



सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान में केवल कानूनी या प्रशासनिक दृष्टिकोण पर्याप्त नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनशीलता और व्यवहारिक सोच भी उतनी ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों का समाधान प्रशासन की कार्यशैली का प्रतिबिंब होता है। यदि प्रशासन नागरिकों को पारदर्शी, त्वरित और संतोषजनक समाधान देने में सफल होता है तो इससे जनता का विश्वास बढ़ता है और प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत होती है।इस मौके पर तहसीलदार गन्नौर ललिता, एसीपी ऋषिकांत,एसडीई भूपेंद्र सिंह, एएफएसओ हरेंद्र, पीडब्ल्यूडी से जेई कपिल राठी, व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।







# बदमाशों ने बीजेपी पार्षद समेत 8 गाड़ियों में तोड़फोड़ की, एक महीने में तीसरी वारदात

**मामले को लेकर पार्षद यूटी पुलिस के आईजीपी से मिले ।दिया आश्वासन**

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 5 जनवरी।** थाना मौली जागरा क्षेत्र एरिया के अंतर्गत कुछ शातिर बदमाशों ने जमकर हंगामा किया। बदमाशों ने बीजेपी पार्षद समेत 8 कारों को क्षतिग्रस्त कर दिया और उनके शीशे तोड़ दिए।इसमें एक बीजेपी पार्षद की फॉर्च्यूनर और एक स्कॉर्पियो शामिल है। जिसकी शिकायत थाना मौलीजागरां पुलिस को दी गई।लेकिन अब तक न तो किसी आरोपी की पहचान हो पाई है और न ही कोई गिरफ्तारी हुई है। मामले को लेकर एरिया पार्षद वार्ड नंबर 8 के हरजीत सिंह यूटी पुलिस के आईपीजी से मिलकर मामले को अवगत करवाया। आईजीपी ने तुरंत मामले को लेकर आश्वासन दिया है।

उन्होंने मांग की कि शरारती तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाए और इलाके में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए। घटना रविवार देर रात की है।





## पुलिस सही समय पर गशत करे

स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर पुलिस रात के समय सही तरीके से गशत करे तो ऐसी वारदातों पर आसानी से लगाम लगाई जा सकती है। लेकिन फिलहाल ऐसा होता नजर नहीं आ रहा।

## कुछ दिन पहले प्रशासक से मिले पार्षद

हरजीत सिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले वह इसी मामले को लेकर चंडीगढ़ प्रशासक गुलाब चंद कटारिया से भी मिल चुके हैं। उस समय बताया गया था कि इलाके में कुछ शरारती तत्व शराब बेचते हैं, नशा करते हैं और देर रात घूमकर वाहनों को नुकसान पहुंचाते हैं। तब जल्द कार्रवाई का भरोसा दिया गया था और चंडीगढ़ के एसपी को भी निर्देश देने की बात कही गई थी। लेकिन जमीनी स्तर पर अब तक कोई असर नहीं दिखा।

## पहले भी 2 बार तोड़ी जा चुकी गाड़ियां

पार्षद हरजीत सिंह ने बताया कि मौलीजागरां में यह एक महीने में तीसरी बार वारदात हुई है। इससे पहले भी दो बार वाहनों को नुकसान पहुंचाया जा चुका है। हर बार पुलिस को शिकायत दी गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब तीसरी बार एक साथ आठ कारों को नुकसान पहुंचाया गया है, जिससे लोगों का गुस्सा और डर दोनों बढ़ गए हैं ।पार्षद ने कहा कि लगातार हो रही घटनाओं से इलाके के लोग बेहद परेशान हैं। लोगों का कहना है कि अब वे घर के बाहर गाड़ियां खड़ी करने से डरने लगे हैं। आशंका रहती है कि सुबह उठकर कहीं गाड़ी टूटी हुई न मिल जाए।

# आय से अधिक संपत्ति मामले में सस्पेंड डीआईजी भुल्लर को जमानत

## तय समय में चालान पेश नहीं कर पाई सीबीआई

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 5 जनवरी।** पंजाब के सस्पेंड डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर को आय से अधिक संपत्ति के मामले में चंडीगढ़ स्थित सीबीआई की विशेष अदालत से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने सोमवार को उन्हें डिफॉल्ट जमानत प्रदान कर दी। यह फैसला इसलिए लिया गया क्योंकि सीबीआई निर्धारित 60 दिनों की समय-सीमा के भीतर चालान (चार्जशीट) दाखिल करने में विफल रही।

सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से अधिवक्ता नरिंदर सिंह ने अदालत में दलील दी कि आय से अधिक संपत्ति जैसे गंभीर मामलों में 90 दिनों की कानूनी अवधि लागू होती है। हालांकि अदालत ने इस तर्क को अस्वीकार करते हुए बचाव पक्ष की दलीलों को स्वीकार कर लिया। इसके बाद अदालत ने सस्पेंड डीआईजी भुल्लर की जमानत याचिका मंजूर कर ली।



भुल्लर की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एस.पी.एस. भुल्लर, युवराज धालीवाल और समरिता ने अदालत को बताया कि सीबीआई 60 दिनों के भीतर चालान पेश करने में असफल रही है, ऐसे में कानून के अनुसार आरोपी को डिफॉल्ट जमानत का लाभ दिया जाना चाहिए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने पहले आदेश सुरक्षित रखा और बाद में जमानत मंजूर कर दी। जमानत की प्रक्रिया के तहत आवश्यक जमानती भी पेश किए गए।

हालांकि आय से अधिक संपत्ति मामले में जमानत मिलने के बावजूद हरचरण सिंह भुल्लर की जेल से रिहाई फिलहाल संभव नहीं है। जबरन वसूली से जुड़े एक अन्य मामले में उनकी जमानत याचिका पहले ही सीबीआई अदालत द्वारा खारिज की जा चुकी है। इस मामले में उन्होंने अभी तक उच्च न्यायालय में कोई याचिका दायर नहीं की है।

उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने 29 अक्टूबर को रिश्वत मामले से जुड़े आय से अधिक संपत्ति के आरोपों में भुल्लर के खिलाफ मामला दर्ज किया था। उस समय वह पहले से ही रिश्वत प्रकरण में न्यायिक हिरासत में थे। आय से अधिक संपत्ति मामले में उनकी औपचारिक गिरफ्तारी 5 नवंबर को दिखाई गई थी। इससे पहले 2 जनवरी को अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी।
















अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)